राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 101 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार को पूर्व उप-प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित होने पर उनके दिल्ली स्थित आवास पर जाकर बधाई दी।

## आदर्श विचार



"हे पार्थ, तुम फल की चिंता मत करो, अपना जरुरी कर्म करते रहो, मैं फल जरूर दूंगा। -भागवद्"

## मन की बात



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। -स्वामी विवेकानंद"

## तीसरी आंख




# 'जे&के को फिर मिलेगा राज्य का दर्जा'

## कुछ लोग मुगलों की तरह सावन-नवरात्रि में मटन का वीडियो डालकर चिढ़ाते हैं: मोदी

**मोदी की गारंटी**

8 पीएम ने कहा कि मोदी विकसित भारत के लिए विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण की गारंटी दे रहा



**टीम एक्शन इंडिया**

**उधमपुर: जम्मू-कश्मीर** के उधमपुर में पीएम नरेंद्र मोदी ने चुनावी जनसभा में राहुल गांधी और लालू परिवार पर बिना नाम लिए निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग सावन के महीने में मटन बनाते हैं, इसका वीडियो भी बनाते हैं और जारी करते हैं। देश का कानून किसी को भी कुछ भी खाने से नहीं रोकता, ना ही ये मोदी किसी को रोकता है। ये लोग वीडियो जारी कर देश के लोगों को चिढ़ाते हैं। नवरात्रि में नॉनवेज खाने का वीडियो दिखाकर लोगों को मुगल मानसिकता के द्वारा लोगों को चिढ़ाना चाहते हैं। 7 महीने पहले सावन के महीने में राहुल गांधी ने लालू यादव से मटन बनाना सीखा और इसका वीडियो अपने सोशल मीडिया पर 2 सितंबर 2023 को शेयर किया था। वहीं चैत्र नवरात्र के पहले दिन 9 अप्रैल को तेजस्वी ने अपने ७ पर एक वीडियो शेयर किया था। जिसमें वो वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के साथ में लंच में चेचरा मछली और रोटी खाते दिखाई देते दिख रहे थे।

**पीडीपी-कांग्रेस जम्मू-कश्मीर को पुराने दिनों की तरफ ले जाना चाहती हैं: पीएम** ने आगे कहा कि मोदी विकसित भारत के लिए विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण की गारंटी दे रहा है, लेकिन कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी इसे फिर उन पुराने दिनों की तरफ ले जाना चाहती हैं। इन पार्टियों ने जम्मू-कश्मीर का जितना नुकसान किया, उतना नुकसान किसी ने नहीं किया है। जम्मू-कश्मीर 10 साल के अंदर पूरी तरह से बदला 10 साल के अंदर-अंदर जम्मू कश्मीर पूरी तरह बदल चुका है। सड़क, बिजली, पानी, यात्रा, प्रवास ये सब तो है ही, लेकिन सबसे बड़ी बात है, जम्मू कश्मीर का मन बदला है। निराशा से आशा की ओर बढ़े हैं, जीवन पूरी तरह विश्वास से भरा हुआ है। 10 साल में हमने आतंकवादियों और भ्रष्टाचारियों पर घेरा बहुत कसा है।

### 'जम्मू-कश्मीर में जल्द होंगे विधानसभा चुनाव'

**पीएम** ने कहा कि वह समय दूर नहीं जब जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव होंगे। इसे वापस राज्य का दर्जा मिलेगा। आप अपने विधायक-मंत्रियों से अपने सपने साझा कर सकेंगे। जम्मू-कश्मीर में दशकों बाद यह पहला चुनाव है, जब आतंकवाद, अलगाववाद, पत्थरबाजी, सीमा पार से गोलीबारी जैसे मुद्दे नहीं हैं। माता वैष्णो देवी यात्रा हो या अमरनाथ यात्रा, ये सुरक्षित तरीके से कैसे हों इसको लेकर पहले चिंता होती थी। आज स्थिति बदल गई है। आज यहां विकास भी हो रहा है और विश्वास भी बढ़ रहा है। यहां चप्पे-चप्पे पर एक ही गूंज सुनाई दे रही है- फिर एक बार मोदी सरकार।

राम मंदिर का संघर्ष 500 साल पुराना कांग्रेस कहती है कि राम मंदिर बीजेपी के लिए चुनावी मुद्दा है। राम मंदिर न चुनाव का मुद्दा था, न है और न होगा। राम मंदिर का संघर्ष तो तब से हो रहा था, जब भाजपा का जन्म भी नहीं हुआ था।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग नहीं रुकेगी: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार का असर पूरे देश के लोगों पर पड़ता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार को खत्म करना ही उनकी प्राथमिकता है। विरोधियों पर ईडी की कार्रवाई के आरोपों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ईडी, के सिर्फ तीन फीसदी मामले राजनीति से जुड़े लोगों के खिलाफ चल रहे हैं। एक ताजा इंटरव्यू में पीएम मोदी ने विश्वास जाहिर करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। अपनी सरकार की पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों में प्रधानमंत्री ने विकास, सामाजिक जनकल्याण और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में किए गए कामों को गिनाया। साथ ही जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और राम मंदिर के निर्माण की उपलब्धियों का भी जिक्र किया।

**'भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेंगे':** प्रधानमंत्री ने कहा कि 'पिछले 10 वर्षों में उनकी सरकार की प्राथमिकता भ्रष्टाचार को खत्म करना रहा है।' उन्होंने कहा कि 'भ्रष्ट लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर हो, यह देश के लोगों को प्रभावित करता है। ऐसे में जो लोग देश के लोगों की भलाई के लिए खर्च होने वाले पैसे को चुराते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।'

### पीएम ने भाजपा-कांग्रेस में बताया असली अंतर

**भाजपा** और कांग्रेस के बीच के अंतर को बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा देश को मजबूत करती है, जबकि कांग्रेस सिर्फ परिवार पर फोकस करती है। उन्होंने कहा कि लोगों को पहली बार अवसर मिला है कि वे भाजपा मॉडल और कांग्रेस मॉडल की तुलना कर सकें।
कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत के साथ 5-6 दशकों तक देश पर शासन किया। वहीं भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ शासन करते हुए एक दशक ही बीता है।

# म्यांमार में बिगड़ती स्थिति पर हमारी नजर: जयसवाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत ने शुक्रवार को कहा कि उसने म्यांमार के उस क्षेत्र में खतरनाक सुरक्षा स्थिति को देखते हुए म्यांमार के शहर सिटवे में अपने वाणिज्य दूतावास से अपने कर्मचारियों को यांगून में स्थानांतरित कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि भारत उस देश में सुरक्षा स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में रणधीर जयसवाल ने कहा कि हम म्यांमार में, खासकर रखाइन में सुरक्षा स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। हमारे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। जयसवाल ने कहा कि हमने सीजीआई (भारत के महावाणिज्य दूतावास) सिटवे में अपने कर्मचारियों को अस्थायी रूप से यांगून में स्थानांतरित कर दिया है। मांडले में हमारा वाणिज्य दूतावास पूरी तरह कार्यात्मक है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले हमने अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक एडवाइजरी जारी की थी ताकि वो म्यांमार यात्रा के लिए उचित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन कर सकें।

दूसरी ओर, पत्रकारों से बातचीत करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि हमने 1 अप्रैल 2024 को सीरिया में ईरानी राजनयिक परिसरों पर हुए हमले पर चिंता व्यक्त की है।

**करीब से नजर**

8 म्यांमार के शहर सिटवे में अपने वाणिज्य दूतावास से अपने कर्मचारियों को यांगून में स्थानांतरित कर दिया

# हीटवेव को लेकर केंद्र सरकार ने की समीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हीट वेव से को लेकर स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक की। गर्मी अब धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुंच रही है। वहीं, बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा प्रधान मंत्री को आगामी गर्म मौसम के मौसम (अप्रैल से जून) के पूर्वानुमान सहित अप्रैल से जून 2024 की अवधि के लिए तापमान दृष्टिकोण के बारे में जानकारी दी गई।

**देश के अधिकांश हिस्सों में बढ़ेगी गर्मी:** देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है, विशेष रूप से मध्य भारत में इसकी उच्च संभावना है। पीएमओ ने कहा कि बैठक में आवश्यक दवाओं, तरल पदार्थ, आइस पैक, ओआरएस और पीने के पानी के संदर्भ में स्वास्थ्य क्षेत्र में तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर सरकार के सभी अंगों और विभिन्न मंत्रालयों को इस पर तालमेल के साथ काम करने की जरूरत है।

## 'भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए पीएम प्रतिबद्ध'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे भ्रष्टाचार की जननी बताया है। भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है और उसके सभी सहयोगी दल भ्रष्टाचार में उसकी फोटो कॉपी है। यहां भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि एक तरफ देश से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री प्रतिबद्ध हैं तो दूसरी तरफ घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार के गोंद से जुड़ गए हैं। आईएनडीआई गठबंधन भ्रष्टाचार के तले दबे हुए हैं और उनका काम सनातन को गाली देना, मोदी जी को अपशब्द कहना है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल डीएमके वंशवादी तो हैं ही, भ्रष्टाचारी भी हैं। गौरव भाटिया ने कहा कि मोदी ने भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने के लिए जांच एजेंसियों को खुली छूट दी है कि वे स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई से भारत की जनता बेहद खुश है। मोदी ने साफ कहा कि कोई भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा। एनडीए इस लोकसभा चुनाव में 400 के पार सीटें लेकर आएगी।

## मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफाल:** मणिपुर में एक बार फिर से गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि यह गोलीबारी थौबल जिले के हिरोक गांव के पास शुक्रवार को सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों और अज्ञात बंदूकधारियों के बीच हुई है। उन्होंने आगे बताया कि गोलीबारी पहले अज्ञात बंदूकधारियों ने की, जिसके बाद गांव के स्वयंसेवकों को जवाबी कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, दोनों के बीच गोलीबारी एक घंटे तक जारी रही।

# कैफे ब्लास्ट: एनआईए ने मुसाविर और अब्दुल को किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलरू:** एनआइए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में गत एक मार्च को हुए विस्फोट की घटना के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर के कांथी से गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम अब्दुल मथीन अहमद ताहा व मुसाविर हुसैन शजीब है।

**अब्दुल मथीन और मुसाविर हुसैन शाजिब कौन हैं:** पकड़े गए आरोपियों में से अब्दुल मथीन अहमद ताहा इस विस्फोट कांड को अंजाम देने वाला शख्स है। वहीं, मुसाविर हुसैन शाजिब को 1 मार्च को बेंगलुरु में हुए इस ब्लास्ट का मास्टरमाइंड माना जाता है। दोनों यहां नाम बदलकर रह रहे थे। एनआईए ने कहा कि ताहा और शाजिब दोनों शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली के निवासी हैं। केंद्रीय एजेंसी को संदेह है कि इनका संबंध आइएसआइ से भी हो सकता है। बता दें कि इस घटना में 10 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे।

# '6.1 फीसदी रहेगी भारत की जीडीपी'




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: ग्लोबल** रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत की अर्थव्यवस्था पिछले साल के मुकाबले कुछ सुस्त रफ्तार से बढ़ने का अनुमान जताया है। रेटिंग एजेंसी ने 2024 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.1 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत के वास्तविक जीडीपी अनुमान को संशोधित कर 8 फीसदी कर दिया है। मूडीज एनालिटिक्स ने शुक्रवार को जारी एपीएसी आउटलुक: लिसनिंग थ्रू द नॉइज शीर्षक रिपोर्ट में कहा है कि दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया की अर्थव्यवस्थाओं में इस साल सबसे मजबूत उत्पादन लाभ देखने को मिलेगा लेकिन वैश्विक महामारी के बाद देरी से वापसी के कारण उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। एजेंसी को उम्मीद है कि भारत की जीडीपी पिछले साल के मुकाबले 2024 में 6.1 फीसदी की दर बढ़ेगी। रेटिंग एजेंसी ने भारत सरकार के लिए स्थिर दृष्टिकोण बनाए रखा है। एजेंसी की ओर से जारी रिपोर्ट में भारत सरकार की दीर्घकालिक और अल्पकालिक रेटिंग क्रमशः इंउ और ढ-3 पर आंकी गई है।

स्थिर दृष्टिकोण के तहत इस संभावना को शामिल किया गया है कि भारत के राजकोषीय मैट्रिक्स में करीबी साथियों की तुलना में मजबूत विकास धीरे-धीरे जारी रहेगा।

**रेटिंग**

8 रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भारत के लिए 'स्थिर दृष्टिकोण' रखा बरकरार

# वायु सेना के लिए और खरीदे जाएंगे 97 एलसीए मार्क 1ए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय वायु सेना के लिए 97 और लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-1ए खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय ने टेंडर जारी कर दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के लिए जारी टेंडर की कीमत 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। यह स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर के लिए सबसे बड़ा ऑर्डर होगा, क्योंकि 83 एलसीए मार्क-1ए के लिए पिछला ऑर्डर 48 हजार करोड़ रुपये का था। भारतीय वायु सेना के लिए 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट के सौदे पर 03 फरवरी, 2021 को बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ हस्ताक्षर हुए थे। तेजस एमके-1ए की आपूर्ति इसी साल से शुरू होगी और 2027 तक पूरे 83 विमान वायु सेना को मिल जाएंगे। इनमें 73 लड़ाकू विमान और 10 ट्रेनर विमान होंगे। वायु सेना को इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था। वायु सेना की जरूरत को देखते हुए केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दी थी। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है। हाल ही में एचएएल को निविदा जारी की गई थी।



**बड़ा ऑर्डर**

8 एचएएल को 65 हजार करोड़ रुपये का टेंडर जारी, सैन्य हार्डवेयर के लिए यह अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर

# 'ओलंपिक जाने से रोका चाहते हैं..'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत की दिग्गज महिला पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह पर गंभीर आरोप लगाया है। विनेश का कहना है कि डब्ल्यूएफआई और उनके सहयोगी स्टाफ मान्यता पत्र जारी नहीं करके उन्हें हर हालत में ओलंपिक खेलने से रोकना चाहता है, जबकि महासंघ का दावा है कि समय सीमा खत्म होने के बाद विनेश ने आवेदन किया था। विनेश ने अपने खिलाफ डोपिंग की साजिश रचे जाने की भी आशंका जताई। 29 वर्ष की विनेश ने 2019 और 2022 विश्व चैंपियनशिप में 53 किलो में कांस्य और 2018 एशियाई खेलों में 50 किलो में स्वर्ण पदक जीता था। वह अगले सप्ताह किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले एशियाई क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए 50 किलो में ओलंपिक कोटा हासिल करना चाहती हैं।

**आमने-सामने** एनआईए ने बंगलूरू के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है

# आतंकियों के लिए पनाहगाह बना पश्चिम बंगाल: बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** एनआईए ने बंगलूरू के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी बंगलूरू विस्फोट के मास्टरमाइंड बताए जा रहे हैं। ये गिरफ्तारी कोलकाता से हुई है, जिससे पश्चिम बंगाल में भाजपा और टीएमसी आमने-सामने आ गए हैं। भाजपा ने आरोप लगाया है कि बंगाल, आतंकियों के लिए पनाहगाह बन गया है। वहीं टीएमसी ने भी भाजपा पर पलटवार किया है। भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल भाजपा के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने बंगलूरू विस्फोट के आरोपियों की गिरफ्तारी पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में भाजपा नेता ने लिखा कि 'एनआईए ने रामेश्वरम कैफे को दो मुख्य संदिग्धों को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। जिनमें मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मतीन अहमद ताहा शामिल हैं। दोनों आईएसआईएस की शिवमोगा या पश्चिम बंगाल सेल से जुड़े हो सकते हैं। दुर्भाग्य से ममता बनर्जी के कार्यकाल में बंगाल आतंकियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है।' भाजपा नेता के ट्वीट के कुछ ही देर बाद टीएमसी नेता कुणाल घोष ने दावा किया कि आरोपियों को बंगाल पुलिस की मदद से ही गिरफ्तार किया गया है। टीएमसी नेता ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि बंगलूरू विस्फोट मामले में बंगाल पुलिस ने अच्छा काम किया है। एनआईए ने भी बंगाल पुलिस की मदद को स्वीकारा है। किसी भी देश विरोधी ताकत के साथ सख्ती से निपटा जाएगा, लेकिन मैं भाजपा से पूछना चाहता हूं कि ये गिरफ्तारी कहां से हुई? कांथी से। हम सब जानते हैं कि भाजपा के किस नेता और उनके परिवार का वहां दबदबा है और कोंटाई से गैरकानूनी गतिविधियां चलाई जाती हैं। कांथी या कोंटाई भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी का क्षेत्र माना जाता है।



**गंभीर आरोप**

8 ये गिरफ्तारी कोलकाता से हुई है, जिससे पश्चिम बंगाल में भाजपा और टीएमसी आमने-सामने आ गए हैं

# फैसला: घाटी के विस्थापितों के लिए फॉर्म एम भरने की बोझिल प्रक्रिया खत्म

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने आम चुनाव-2024 में कश्मीरी प्रवासियों को मतदान की सुविधा देने से जुड़ा एक बड़ा फैसला लिया है। आयोग ने जम्मू और उधमपुर में रहने वाले घाटी के विस्थापित लोगों के लिए फॉर्म-एम भरने की बोझिल प्रक्रिया को समाप्त कर दिया है।

इसके अतिरिक्त जम्मू और उधमपुर के बाहर रहने वाले प्रवासियों (जिनके लिए फॉर्म एम जमा करना जारी रहेगा) के लिए ईसीआई ने फॉर्म-एम के साथ संलग्न प्रमाणपत्र के स्व-सत्यापन को अधिकृत किया है। इससे प्रमाणपत्र को राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित कराने की परेशानी दूर हो गई है। आयोग ने आज मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के साथ एक बैठक में यह निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि आयोग को फॉर्म-एम भरने में आने वाली कठिनाइयों पर कई कश्मीरी प्रवासी समूहों से विभिन्न अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे। फॉर्म-एम प्रक्रिया के चलते विस्थापितों को अन्य मतदाताओं की तुलना में अतिरिक्त नौकरशाही बाधाओं का सामना करना पड़ता है और फॉर्म-एम भरने की प्रक्रिया अक्सर जटिल और बोझिल होती है, जिसके लिए विशिष्ट दस्तावेज, प्रवासन स्थिति का प्रमाण और एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापन की आवश्यकता होती है।




**राहत**

8 जम्मू-उधमपुर में रहने वाले विस्थापित लोगों के लिए फॉर्म-एम भरने की बोझिल प्रक्रिया को समाप्त कर दिया है

# राजकुमार आनंद का सीएम को पत्र

## आप सरकार दलित और आरक्षण की विरोधी है', आनंद ने भ्रष्टाचार को लेकर कई आरोप लगाए

**साधा निशाना**

8 भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। मैं नहीं समझता कि हमारे पास सरकार में रहने का कोई नैतिक बस रह गया





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मंत्रिपद से इस्तीफा भेज दिया। इस्तीफा पत्र मुख्यमंत्री कार्यालय को गुरुवार को मिल गया। पत्र में राजकुमार ने आप सरकार पर भ्रष्टाचार और दलित विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने पत्र में लिखा कि आम आदमी पार्टी का जन्म ही भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से हुआ है, लेकिन अब आप सरकार के मुख्यमंत्री, दो पूर्व मंत्री जेल में हैं। सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। ऐसे में मंत्री पद पर रहकर इस सरकार में काम करना असहज हो गया है। इसके अलावा सरकार दलित, आरक्षण और बाबा साहेब के विचारों की विरोधी है। उन्होंने पत्र में लिखा कि आम आदमी पार्टी का जन्म ही भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से हुआ है, लेकिन अब आप सरकार के मुख्यमंत्री, दो पूर्व मंत्री जेल में हैं। सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं।

**आप सरकार को बताया आरक्षण विरोधी:** हमारी सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। मैं नहीं समझता कि हमारे पास सरकार में रहने का कोई नैतिक बस रह गया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी और आप सरकार को आरक्षण और बाबा साहेब के विचारों की विरोधी भी बताया है। उन्होंने इस्तीफे में लिखा है, आज मैं जो कुछ भी हूं, बाबा साहेब की वजह से ही हूं। अलीगढ़ के ताले की फैक्ट्री में बाल मजदूरी की, टयूशन पढ़ाकर शिक्षा ग्रहण की, व्यवसाय किया, सामाजिक कार्य किए, राजनीति में आया, विधायक और मंत्री बना। राजकुमार आनंद ने आगे कहा कि राजनीति में आने का मेरा उद्देश्य धन कमाना या सत्ता पाना नहीं है। मैं यहां आया, ताकि बाबा साहेब के सूत्र-समाज को वापस लौटाएं- को सच्चे अर्थों में साकार कर सकूं, लेकिन आपकी (केजरीवाल) सच्चाई कुछ और ही है। आप बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का दावा तो करते हैं, प्रेस वार्ता भी उनकी तस्वीर के साथ करते हैं, जबकि सच्चाई इससे अलग है। आनंद ने अपने इस्तीफे में सीधा आरोप लगाया है, दिल्ली सरकार ने विधानसभा और मंत्रालयों में बड़ी तादाद में फैलो की भर्ती की। इनका वेतन भी लाखों में था, लेकिन इन भर्तियों में आरक्षण लागू करने की जरूरत नहीं समझी गई।

अनुसूचित जाति-जनजाति के कल्याण का जो पैसा आता है, आप सरकार उसे किसी और योजना में खर्च करने में हिचकती नहीं है।

### रैक्सीन लेदर के सफल व्यवसायी में होती है गिनती

**कारोबारी** से राजनीति में आए राजकुमार आनंद की गिनती सफल रैक्सीन लेदर व्यवसायी में होती है। पिछले साल दो नंबर को उनके आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड पड़ी थी। दिल्ली में करीब 12 परिसरों पर छापे मारे गए थे। बताया गया था कि यह तलाशी राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की शिकायत पर हुई थी। ऐसा बताया जा रहा था कि एक पुराने मामले में जांच चल रही थी। जांच एजेंसियों ने उन पर हवाला से लेनदेन में शामिल होने का भी शक जाहिर किया था। इसके अलावा सीमा शुल्क मामले से भी जोड़कर जांच चल रही थी। ऐसी जानकारी मिली थी कि सात करोड़ रुपये से अधिक की सीमा शुल्क चोरी और अंतरराष्ट्रीय हवाला लेनदेन के लिए आयात पर झूठी घोषणाओं का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने इस शिकायत पर संज्ञान लिया था। करीब बताते हैं कि अलीगढ़ के ताले की फैक्टरी में बाल मजदूरी कर आगे बढ़े। ट्यूशन पढ़ा कर शिक्षा हासिल की। रैक्सीन लेदर के एक सफल व्यवसायी बने। साल 2011 में इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन में शामिल हुए। फिर आम आदमी पार्टी के सदस्य बने।

### कार्यकर्ताओं की लाचारी पर व्यक्त किया दुख

**पत्र में** आगे लिखा कि आप में अनुसूचित जाति व जनजाति के पार्षद, विधायक और मंत्री का कोई सम्मान नहीं है। इस वर्ग के एक भी नेता को राज्यसभा सदस्य नहीं बनाया गया है। किसी को भी किसी प्रदेश का प्रभारी नहीं बनाया गया है, कोई किसी मंडी का अध्यक्ष नहीं है तो दिल्ली सरकार के 28 कॉलेजों में से एक में भी इस वर्ग का चैयरमेन नहीं है। राजकुमार आनंद ने पार्टी कार्यकर्ताओं की लाचारी पर भी दुख व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा कि सबसे बड़ा छल दिल्ली की जनता और हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ही हुआ है। भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए उन्होंने आप, को सत्ता में बैठाया, जबकि आज यही पार्टी भ्रष्टाचार में डूबी है। पार्टी कार्यकर्ता बसें भरने की मशीन रह गए हैं। भ्रष्टाचार बड़े बड़े नेता करें और एक आम पार्टी कार्यकर्ता धूप, वर्षा, सर्दी और गर्मी की चिंता किए बगैर तख्ती हाथ में लेकर धरने-प्रदर्शन में भाग लेता रहे।

# स्कूल बस ने स्कूटी सवार व ऑटो को मारी टक्कर, एक की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आईपी स्टेट थाने के पास एक प्राइवेट स्कूल की बस का अचानक एक्सीडेंट हो गया। जिसकी चपेट में एक ऑटो और एक स्कूटी सवार आ गए। हादसे में स्कूटी सवार की मौत हो गई। ऑटो और बस में सवार एक बच्चे को हल्की चोट लगी है। इस एक्सीडेंट से सड़क पर ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने पहुंचकर रास्ते को सुचारू करवाया। मृतक स्कूटी सवार की अभी पहचान नहीं हो पाई है। डीसीपी (मध्य जिला) एम. हर्षवर्धन ने इस एक्सीडेंट के मामले की पुष्टि करते हुए बताया की स्कूली बस में सवार सभी बच्चे सुरक्षित हैं। केवल एक स्कूटी सवार की एक्सीडेंट की वजह से मौत हुई है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार ड्राइवर ने अचानक रेड लाइट होने पर बस में ब्रेक लगाया, लेकिन तुरंत ब्रेक लगी नहीं और उसकी वजह से स्कूटी और ऑटो को टक्कर मार दिया। घायल स्कूटी सवार को नजदीक के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि ऑटो ड्राइवर और एक स्कूली बच्चा मामूली रूप से घायल हुआ है। यह हादसा आईपी स्टेट थाना इलाके में आईटीओ के पास मेन रोड पर रेड लाईट पर हुआ है। एक्सीडेंट के दौरान उस प्राइवेट स्कूल के बस में लगभग 42 बच्चे सवार थे। बस सभी बच्चों को लेकर स्कूल की तरफ जा रही थी।

### 15 को सीएम मान तिहाड़ में केजरीवाल से करेंगे मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करेंगे। मुलाकात से पहले जेल प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। आईबी, दिल्ली पुलिस सिक्योरिटी यूनिट, पंजाब पुलिस ने तिहाड़ जेल में सिक्योरिटी रिव्यू किया। तिहाड़ जेल प्रशासन की तरफ से पंजाब सीएम कार्यलय को जानकारी दे दी गयी है कि अगले हफ्ते वो किसी भी वर्किंग डे में मुलाकात के लिए आ सकते हैं।

# 'राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है भाजपा'




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आप नेता आतिशी ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार राजनैतिक साज़िश के तहत दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी होगा, गैर संवैधानिक होगा और दिल्ली की जनता के जनादेश के खिलाफ होगा। आतिशी ने कहा कि भाजपा जानती है वो दिल्ली में चुनाव नहीं जीतने वाली इसलिए अब अरविंद केजरीवाल जी की लोकप्रिय सरकार को गिराना चाहती है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के खिलाफ रचे जा रहे षड्यंत्र का एक बड़ा कारण सरकार द्वारा किए जा रहे काम हैं। चाहे वो फ्री बिजली-पानी देना हो, शानदार स्कूल, मोहल्ला क्लिनिक देना हो, बुजुर्गो को फ्री तीर्थ यात्रा महिलाओं को फ्री बस यात्रा देनी हो। आतिशी ने आगे कहा कि भाजपा जानती है कि वो कितना भी जोर लगा ले, लेकिन वो दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को हरा नहीं सकते इसलिए अरविंद केजरीवाल जी को फर्जी आरोपों में बिना किसी प्रमाण गिरफ्तार किया और अब राष्ट्रपति शासन लगाना चाहती है।

### षड्यंत्र के कई संकेत

**आतिशी** ने साझा करते हुए कहा कि- हम देख रहे है कि दिल्ली में किसी भी अफसर की पोस्टिंग नहीं हो रही है। पिछले कई महीनों से दिल्ली में किसी भी सीनियर आईएएस अफसर की पोस्टिंग नहीं हो रही है। दिल्ली के अंदर कई विभाग खाली है, वहां अफसरों की नियुक्ति नहीं हो रखी लेकिन फिर भी दिल्ली में किसी भी अफसर की पोस्टिंग नहीं की जा रही। एलजी पिछले एक सप्ताह से गृह मंत्रालय को बार-बार दिल्ली सरकार को लेकर चिट्ठियां लिख रहे है।

लेकिन दिल्ली के लोगों को इन राजनैतिक साज़िशों से डरने की जरूरत नहीं है। जबतक केजरीवाल जी दिल्ली के बेटे के तौर पर खड़े है, चाहे वो जेल के अंदर हो या जेल के बाहर हो, वो दिल्ली के लोगों के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। दिल्ली की महिलाओं को केजरीवाल जी ने एक हजार रुपये देने का जो वादा किया है वो जरूर पूरा होगा; भाजपा चाहे 'आप' की सरकार गिराने की कितनी भी कोशिश कर ले अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली की महिलाओं को उनका हक दिलवाकर रहेंगे।

# कविता की सीबीआई हिरासत की मांग पर फैसला सुरक्षित रखा



**साजिश में शामिल**

8 सीबीआई के मुताबिक दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में के. कविता भी साजिश में शामिल थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता की पांच दिन की हिरासत की सीबीआई की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया। स्पेशल जज कावेरी बावेजा आज ही फैसला सुनाएंगी। सीबीआई ने कविता को 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में के. कविता भी साजिश में शामिल थी। इसके पहले के. कविता आबकारी घोटाला मामले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में थी। सीबीआई ने इस मामले में कविता से 6 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में पूछताछ की थी। पांच अप्रैल को कोर्ट ने सीबीआई को के. कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ की अनुमति दी थी। ईडी ने कविता को 15 मार्च को हैदराबाद से गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक इंडोस्पिरिट्स के जरिये 33 फीसदी लाभ कविता को पहुंचता था। कविता शराब कारोबारियों की लॉबी साउथ ग्रुप से जुड़ी हुई थीं।

# सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई

## मनीष सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की



**आदेश**

8 स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ईडी और सीबीआई को 20 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित और दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी और सीबीआई को नोटिस जारी किया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ईडी और सीबीआई को 20 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। मनीष सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की है। सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी दोनों के मामले में अंतरिम जमानत की मांग की है। आज ही कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई के मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 24 अप्रैल तक बढ़ाने का आदेश दिया है। आज सीबीआई के मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कान्फ्रेंसिग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया। सिसोदिया ने कोर्ट में नियमित जमानत याचिका भी दायर की है, जो लंबित है। नियमित जमानत याचिका पर 15 अप्रैल को सुनवाई होनी है। 10 अप्रैल को नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि कोर्ट को ये तय करने की जरूरत है कि क्या मुकदमा काफी धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। ईडी ने कहा था कि कोर्ट अभी इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकता कि सिसोदिया दोषी नहीं है। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च, 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था। इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री न्यायिक हिरासत में हैं जबकि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है।

# दानिप्स अफसरों के बैच का हुआ पासिंग आउट परेड

**सैल्यूट**

8 इस अवसर पर दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने परेड में चलने वाली टुकड़ियों का सैल्यूट लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस अकादमी, झरोदाकलां में दानिप्स अफसरों के 23 वें बैच का शुक्रवार को पासिंग आउट परेड आयोजित किया गया। इन अधिकारियों ने ट्रेनिंग पूरी होने के बाद आयोजित परेड समारोह में शपथ लिया। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने परेड में चलने वाली टुकड़ियों का सैल्यूट लिया। इस दौरान दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार आज शामिल हुए सात दानिप्स अफसरों में से दो महिलाएं भी हैं। सभी ट्रेन अफसर एजुकेटेड हैं और लगभग सभी टेकनिक से ट्रेंड भी हुए हैं। इनमें से 06 के पास बी.टेक की डिग्री है और एक के पास एलएलबी की है। ये अलग अलग राज्यों से, जैसे राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली से हैं। स्पेशल पुलिस कमिश्नर ट्रेनिंग छाया शर्मा ने मुख्य अतिथि, और अन्य पुलिस अधिकारियों और अन्य मेहमानों का स्वागत किया। इस अवसर पर दानिप्स अफसरों के परिवार के सदस्यों ने भी उनकी ट्रेनिंग पूरी होने पर बधाई दी। इन साभी ट्रेंड ऑफिसरों को प्रशासन, निरीक्षण, कंप्यूटर, साइबर अपराध, ट्रैफिक नियम, मानवाधिकार, और पुलिस जांच तकनीकों जैसे विषयों के बारे में भी पूरी ट्रेनिंग दी गई है। अफसरों को जेंडर सेंसिटाइजेशन, योग, तनाव प्रबंधन, पीटी, परेड, अनार्म्ड कॉम्बैट, और मॉडर्न हथियारों से अग्निस्त्र फायरिंग जैसे क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। उन्हें नए आपराधिक कानूनों में भी प्रशिक्षित किया गया इन्होंने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गुजरात द्वारा साइबर फोरेंसिक्स, इंटेलिजेंस ब्यूरो द्वारा खुफिया सूचना एवं सीमा सुरक्षा बल द्वारा सीमा पर पुलिस पिकेट एवं ड्रोन संबंधित सुरक्षा खतरों की जानकारी प्राप्त की। पासिंग आउट परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के 'ऑल राउंड बेस्ट' एवं 'इनडोर में प्रथम' दोनों ट्रॉफी एसीपी मनोज को और ' आउटडोर में प्रथम स्थान' एसीपी सोनू कुमार को मिला।

दानिप्स प्रोबेशनर्स को ज्वाइंट सीपी आसिफ मोहम्मद अली द्वारा शपथ दिलाई गई। संजय अरोड़ा ने सभी पास डानिप्स अधिकारियों को बधाई दी और उन्हें लोगों की सेवा करने की जिम्मेदारी को ईमानदारी, मेहनत, और दया के साथ निभाने पर जोर दिया। उन्हें अपराध विज्ञान और कानूनी कार्रवाई में नवीनतम तकनीकी पर अपडेट रहने के लिए प्रोत्साहना दी।

### एक माह से फंदे पर लटका था शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/फरीदाबाद:** फरीदाबाद के शिव दुर्गा विहार लकड़पुर स्थित एक कमरे से दोपहर पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। शव करीब एक माह से फंदे पर लटका हुआ था। गली में क्रिकेट खेल रहे बच्चों की बॉल कमरे में चली गई। उसे लेने बच्चा अंदर गया तो मामले का खुलासा हुआ। सूचना पाकर दयालबाग चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नल्हड़ मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। मामले की जांच की जा रही है। मृतक की पहचान शिवदुर्गा विहार निवासी राजा (32) के रूप में हुई है।

# खालसा-इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**टूर्नामेंट**

8 एलुमनी ने तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज और खालसा कॉलेज एलुमनी ने तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। गुरुवार को अंतिम लीग मैच में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 14-0 से हराया। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज की तरफ से अंकित ने पांच गोल, पवन और पुलकित ने 3-3 गोल, मोहित ने दो गोल और सागर ने एक गोल किए। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के पुलकित को मिला। पुरुष वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनी और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज के बीच होगा। दूसरा सेमी फाइनल मैच श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज और श्याम लाल कॉलेज के बीच होगा। महिला वर्ग में विवेकानंद कॉलेज ने एकता के गोल से भारती कॉलेज को 1-0 से हराया। वूमेन ऑफ द मैच का अवार्ड विवेकानंद कॉलेज की भावना को मिला। इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने श्याम प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 8-0 से हराया।

# दिल्ली में अब व्हाट्सएप के जरिए खरीद सकते हैं बस टिकट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने राष्ट्रीय राजधानी में अपने पूरे नेटवर्क पर इंस्टेंट मैसेजिंग एप व्हाट्सएप के जरिए बस टिकट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध करा दी है। इसका मतलब है कि टेक्नो-सेवी दिल्लीवासियों को अब बस में चढ़ने के बाद कंडक्टर से टिकट लेने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। लोग मॉल, ऑफिस और घरों सहित विभिन्न जगहों से आसानी से व्हाट्सएप टिकट बुकिंग सुविधा का इस्तेमाल करके टिकट बुक कर सकते हैं। फिलहाल, डीटीसी और डीआईएमटीएस रूटों का इस्तेमाल करने वाले यात्री चैटबोट के जरिए सिंगल जर्नी (एक तरफ की यात्रा) क्यूआर टिकट खरीद सकते हैं। चैटबोट उन सवारियों के लिए तुरंत खरीद सुविधा प्रदान करेगा जो अक्सर एक ही रास्ते पर आते-जाते हैं। जिससे शुरूआती बिंदु और गंतव्य चुनने में लगने वाले समय को कम किया जा सकेगा।

इस सेवा का इस्तेमाल करने के लिए, यात्रियों को +918744073223 पर 'Hi' लिखकर भेजना होगा। यात्रियों की सुविधा के लिए, सिंगल जर्नी क्यूआर टिकट अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में बुक किए जा सकते हैं।

**व्हाट्सएप के जरिए डीटीसी बस टिकट बुक करने के स्टेप:** व्हाट्सएप पर 'Hi' टाइप करें और इसे 8744073223 पर भेजें या क्यूआर कोड स्कैन करके भेजें।

**भाषा चुनें: अंग्रेजी या हिंदी**
तीन विकल्प दिखेंगे: टिकट बुक करें, टिकट डाउनलोड करें और भुगतान
तीन विकल्पों में से "बुक टिकट" चुनें
"सोर्स" (शुरूआती स्थान) और "डेस्टिनेशन" (गंतव्य) चुनें
बस रूट चुनें

# पैरोल पर रिहा होकर बदमाश शादी कर हुआ फरार, हुआ गिरफ्तार



**दबोचा**

8 मुंबई में चुनाव अधिकारी के रूप में काम किया और उसकी पहचान कर मुंबई के गोवंडी से दबोच लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जामिया नगर के हत्या के एक मामले में पैरोल जम्प कर पिछले तीन साल से फरार चल रहे बदमाश को अपराध शाखा की टीम ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। पैरोल जम्पर बदमाश तक पहुंचने के लिए अपराध शाखा की टीम ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए मतदाता कार्ड बनाने के लिए मुंबई में चुनाव अधिकारी के रूप में काम किया और उसकी पहचान कर मुंबई के गोवंडी से दबोच लिया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान मोहम्मद मुस्ताक के रूप में हुई है। अपराध शाखा के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 2021 में आरोपित मुस्ताक और उसके दो दोस्तों का जामिया नगर में एक चाय की दुकान पर झगडा हो गया था,शिकायतकर्ता के बेटे ने इसकी जानकारी दुकान मालिक को दे दी थी। जिस पर आरोपितों ने नाराज होकर शिकायतकर्ता को भूगत लेने की धमकी दी थी।

**90 दिनों की आपातकालीन पैरोल पर हुआ था रिहा:** शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि दुश्मनी के कारण तीनों आरोपितों ने झगडे. के अगले दिन शिकायतकर्ता के बेटे को पांचवी मंजिल से फेंक दिया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। शिकायतकर्ता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपित मोहम्मद मुस्ताक को गिरफ्तार कर लिया गया, उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। 15 मई 2021 को कोरोना महामारी के दौरान उसे 90 दिनों की आपातकालीन पैरोल पर रिहा कर दिया गया था। मगर 90 दिन बाद उसने आत्मसमर्पण नहीं किया और तब से फरार था।

**पुलिस को उसके मुंबई में होने की मिली सूचना:** छह अप्रैल को आरोपित के ठिकाने के संबंध में गुप्त सूचना मिली की वह फिलहाल मुंबई में है। टीम का गठन कर तकनीकी विश्लेषण और मैनुअल इंटेलिजेंस की मदद से, टीम ने मुंबई की घनी आबादी वाले गोवंडी में उसके होने का पता लगाया। मगर सटीक पता नहीं मिल पाया। इसलिए टीम ने आरोपित तक पहुंचने के लिए चुनाव अधिकारी के रूप में काम किया और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कार्ड बनाने के लिए 500 से ज्यादा घरों में गई। अंत में आरोपित तक पहुंच उसे गिरफ्तार करने में सफल रही। आरोपित अपनी दाढी-मूंछे कटवाकर पहचान बदल कर रह रहा था। पूछताछ में मुस्ताक ने बताया कि पैरोल पर रिहा होने के बाद वह अपने गांव गया और शादी कर ली। गांव में उसके पास आय का कोई साधन नहीं था और पुलिस भी उसे तलाश रही थी।

# कांग्रेस ने लगा रखे थे भ्रष्टाचार के उद्योग : मनोहर लाल

## भाजपा ने जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर जोर दिया, मिली सफलता, पूर्व मुख्यमंत्री ने बरवाला कपास मंडी में विजय संकल्प रैली को किया संबोधित

**घेरे में कांग्रेस**

**8 कांग्रेस के शासनकाल में जनता ने भ्रष्टाचार का दंश व मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेला है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने समय में भ्रष्टाचार के उद्योग लगा रखे थे, जिन्हें भाजपा सरकार ने बंद करके जनता की आशाओं के अनुरूप शासन दिया है। वे शुक्रवार को बरवाला कपास मंडी में पार्टी की विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में जनता ने भ्रष्टाचार का दंश व मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेला है। वर्ष 2014 में केन्द्र व प्रदेश में सत्ता संभालने के बाद भाजपा ने जहां भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई, वहीं जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर जोर दिया। उन्होंने मंच पर मौजूद लोकसभा प्रत्याशी रणजीत सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के प्रयासों व रणजीत सिंह के नेतृत्व में काम करते हुए बिजली निगम राज्य के 5800 गांवों में 24 घंटे बिजली दे रहा है, जो एक रिकॉर्ड है। इस अवसर पर लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के हर देश में है। उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने 10 वर्षों में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिनकी बदौलत भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने जनता से वोटों की अपील करते हुए कहा कि हिसार से उन्हें जीत दिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के नारे को पूरा करने में अपना योगदान दें। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रैली को संबोधित करते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। उन्होंने पूर्व सांसद बिरेन्द्र सिंह व बृजेन्द्र सिंह पर निशाना साधते हुए कह कि इन दोनों ने भाजपा को धोखा दिया है, जनता उन्हें सबक सिखाएगी। रैली में उपरोक्त के अलावा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व विधायक विनोद भ्याना ने भी अपने विचार रखे। रैली में बरवाला नगर परिषद चेयरमैन रमेश सरदाना, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, जिला अध्यक्ष डॉक्टर आशा खेदड़, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेंद्र, हिसार लोकसभा प्रभारी अमरपाल राणा, सह प्रभारी रवि सैनी, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, पूर्व विधायक वेद नारंग, जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू व चेयरमैन नरेश जांगड़ा सहित अनेक वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी शामिल रहे।

## दिल्ली के हर बूथ पर जीत का संकल्प लें कार्यकर्ता: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: दिल्ली की** जनता मोदी जी के साथ है। हमारे कार्यकर्ता हर बूथ पर कमल खिलाने के संकल्प के साथ चुनावी मैदान में उतर गए हैं। दिल्ली प्रदेश प्रभारी औमप्रकाश धनखड़ ने उत्तर पश्चिमी और पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की संगठनात्मक और चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता जर्नादन का भरपूर आशीर्वाद भाजपा के प्रत्याशियों को मिल रहा है। वे स्वय पिछले कई दिनों से दिल्ली में विभिन्न वर्गो के लोगों से मिल रहे हैं। उन्होंने कहा की देश की जनता के साथ दिल्ली की जनता ने भी फिर मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। अब पार्टी कार्यकताओं की जिम्मेदारी बनती है कि हर मतदाता के पास पंहुचकर शालीनता के साथ कमल का बटन दबाने का आह्वान करें। धनखड़ ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने अति आत्मविश्वास से बचना है और हर मतदाता तक पंहुचना है। चुनावी मैदान में जो आखिरी तक लड़ता है वहीं जीतता है। दिल्ली प्रदेश प्रभारी ने लोकसभा सीट की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की और सभी तरह की चुनावी प्रक्रियाओं पर मंथन किया, जो भाजपा को बड़ी जीत की ओर अग्रसर करती है।

# 'दिग्विजय सिंह का विरोध केवल राजनीतिक षड्यंत्र'



**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा व युवा जेजेपी जिलाध्यक्ष रणदीप सिंह मट्टदादू ने कहा कि जेजेपी विशुद्ध रूप से समाज के सभी वर्गों के साथ-साथ खासकर किसानों की भलाई में भरोसा करने वाला राजनीतिक संगठन है। जेजेपी ने सत्ता में साढ़े चार साल रहकर किसान हित से जुड़े ऐतिहासिक कार्य किए। वे शुक्रवार को जेजेपी के जिला कार्यालय में मीडिया से रूबरू हो रहे थे। इस दौरान दोनों जेजेपी पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले दिनों जेजेपी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह चौटाला के डबवाली हलके के विभिन्न गांवों के दौरे के दौरान एक गांव में कुछ लोगों द्वारा किसानों के नाम पर उनके समक्ष जो विरोध प्रदर्शन किया गया वह पूरी तरह से राजनीतिक षड्यंत्र था। जेजेपी जिलाध्यक्ष वर्मा व युवा जिलाध्यक्ष मट्टदादू ने इस अवसर पर कुछ तस्वीरें भी पत्रकारों से सांझी की जिसमें विरोध करने वाले इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला व कुछ कांग्रेस नेताओं के संपर्क में थे। दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि जेजेपी ने साढ़े चार साल सत्ता में रहते हुए कुछ ऐसे कदम उठाए जो किसान हित में नजीर बने। इनमें

**पक्ष में..**

**8 जिलाध्यक्ष वर्मा व युवा जिलाध्यक्ष मट्टदादू बोले, जेजेपी रही है किसानों की हमेशा पक्षधर**

72 घंटों में किसानों की फसल के दाम उनके खाते में जमा होने, प्राकृतिक आपदा होने पर सर्वाधिक मुआवजा दिया जाना, फसल के मंडी में आते ही तुरंत बिकवाली आदि प्रमुख थे। युवा जेजेपी जिलाध्यक्ष रणदीप सिंह मट्टदादू ने कहा कि यह षड्यंत्र इतना अधिक गहरा था कि विरोध प्रदर्शन किए जाने वाले गांव में जेजेपी नेता दिग्विजय सिंह चौटाला के काफिले के समक्ष विरोध करने वाले एकाएक सामने आ गए और एकबारगी तो दुर्घटना की आशंका पैदा हो गई थी। को गंभीर बना दिया जाता। उन्होंने कहा कि जहां तक किसानों की मदद का सवाल है तो सबसे पहले पार्टी के जत्थेदार जगसीर सिंह मांगेआना ने किसानों को ट्रेक्टर उपलब्ध करवाए वहीं खुद युवा जेजेपी जिलाध्यक्ष रणदीप सिंह मट्टदादू ने टाटा-407 खरीदकर किसानों को दिया जो आज भी उनकी सेवा में ही है।

**न्यूज फ्लैश**

## मंडी में गेहूं डालने के लिए जगह कम होने से किसान व आढ़ती परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** फरीदाबाद की बल्लभगढ़ अनाज मंडी में अब तक 70 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। किसान लगातार फसल लेकर मंडी में पहुंच रहे हैं। बावजूद इसके अभी तक गेहूं का उठान नहीं हो रहा है। मंडी में गेहूं डालने के लिए जगह कम होने से किसान व आढ़ती परेशान हैं। मार्केट कमेटी सचिव इंद्रपाल का कहना है कि अब तक मंडी में 70 हजार क्विंटल की खरीद हो चुकी है। अभी मंडी से उठान नहीं हो पाया। इसमें लिफ्टिंग एजेंसी की कमी है। मंडी से न के बराबर उठान हुआ है। उन्होंने कहा है कि इस दौरान मौसम का भी बदलाव चल रहा है। मंडी के आढ़तियों को सूचित कर दिया है कि तिरपाल की व्यवस्था कर ली गई है। लेकिन उठान को लेकर संबंधित लिफ्टिंग एजेंसी को कई बार पत्र लिखा जा चुका है। इसके बावजूद भी अभी तक उन्होंने मंडी से एक ट्रक भी पास नहीं किया है। अगर ऐसे में बारिश हो जाती है तो अनाज का काफी नुकसान हो जाएगा। फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट के अधिकारी गिरीश मिश्रा का कहना है टेंडर लेट पास हुआ है। जिसकी वजह से मंडी से अभी उठान नहीं हो पा रहा। अभी ट्रांसपोर्ट और मजदूर की कमी है। इसकी वजह से भी लिफ्टिंग नहीं हो पा रही है। सरकार की तरफ से आदेश हैं कि सभी गाडि?ं में जीपीएस लगाना अनिवार्य है। उसमें भी अभी देरी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मंडी से जल्दी से जल्दी उठान हो, इसके लिए सभी ट्रांसपोर्टेशन को आदेश जारी कर दिया गया है।

## स्कूल बसों की हुई मेगा स्तर पर जांच, फिटनेस अधूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

जींद: महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए स्कूल बस हादसे के बाद जींद में जिला परिवहन विभाग ने शुक्रवार को मेगा स्तर पर स्कूल बसों को जांचने का काम किया। जिला परिवहन विभाग द्वारा 20 से ज्यादा स्कूल बसों की जांच की गई। जांच में कई बसें कंडम मिली तो ज्यादातर बसों में फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं मिला। जीडी गोयंका स्कूल की पांच बसों को विभाग की टीम ने इम्पाउंड कर दिया। अब एक सप्ताह तक यह अभियान चलेगा और रोजाना स्कूल बसों की चेकिंग की जाएगी। महेंद्र के कनीना के पास स्कूल बस हादसे में स्कूली बच्चों की मौत के बाद परिवहन विभाग जागा और सभी जिलों में स्कूल बसों की जांच के आदेश मुख्यालय द्वारा जारी किए गए हैं। इसके बाद शुक्रवार को जिला परिवहन विभाग की टीम मोटरव्हीकल असिस्टेंट संजीव कौशिक के नेतृत्व में जीडी गोयंका स्कूल में पहुंची। कुछ समाजसेवियों द्वारा इस स्कूल की शिकायत भी की गई थी। इसलिए टीम ने यहां पहुंचने के बाद स्कूल में खड़ी बसों की वीडियो भी बनाई। टीम जब वीडियो बना रही थी तो स्कूल बस से बच्चे उतर रहे थे। करीब 63 बच्चे बस से उतरे, जो क्षमता के हिसाब से डेढ़ गुणा ज्यादा थे। यहां करीब तीन बसें कंडम हो चुकी थी लेकिन उसे रूट पर चलाया जा रहा था। कुछ और बसों के भी फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं मिले। इसके बाद विभाग की टीम ने नरवाना और उचाना में भी चेकिंग अभियान चलाया, यहां भी कुछ बसों में कमी पाई गई। जिसके बाद उन्हें इम्पाउंड कर दिया गया। मोटरव्हीकल असिस्टेंट संजीव कौशिक ने बताया कि एक सप्ताह तक लगातार यह अभियान चलेगा और इस दौरान जिले के सभी वाहनों को चेक किया जाएगा।

## सोनालीका ने 15.3 % की कुल वार्षिक बाजार हिस्सेदारी दर्ज की

**चंडीगढ़:** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अब तक की सर्वाधिक कुल वार्षिक बाजार हिस्सेदारी 15.3% हासिल करने के साथ–साथ वित्त वर्ष 2024 में घरेलू बाजार में बढ़ने वाला एकमात्र ट्रैक्टर ब्रांड बन गया है। नवीनतम प्रदर्शन से सोनालीका ने भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट करने वाली कंपनियों के बीच अजेय 34.4% एक्सपोर्ट बाजार हिस्सेदारी दर्ज की है।

इसमें आश्चर्यजनक 6.2% बाजार हिस्सेदारी बढ़ोतरी शामिल है सोनालीका वित्त वर्ष'24 की कठिन परिस्थितियों से गुजरते हुए पूरे साल अपने अद्वितीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ा है।

अपने विचार साझा करते हुए, रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, हम ऐसी उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करके हम एक संगठन और नेटवर्क के रूप में और भी मजबूत हो गए हैं, जिससे वित्त वर्ष 2025 में नए उपलब्धि हासिल करने और अपने 'मिशन 2 लाख' की ओर हम तेजी से बढ़ने के लिए तैयार हैं।'

# कनीना हादसे के बाद हरकत में आरटीए विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**

कैथल: ईद की सरकारी छुट्टी के दिन हरियाणा के महेंद्रगढ़ में निजी स्कूल बस पलटने से 6 मासूम बच्चों की मौत के बाद शुक्रवार को कैथल का जिला परिवहन विभाग भी हरकत में आया और स्कूलों में पहुंचकर बच्चों को लाने ले जाने वाली बसों की जांच की। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने स्कूली बसों में खामियां पाए जाने के बाद 10 स्कूल बसों को इम्पाउंड किया है। इम्पाउंड की जाने वाली बसों में प्रदेश की एक मात्र महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय की बस भी शामिल है। महेंद्रगढ़ के कनीना के पास स्कूल हादसा तो गुरुवार को हुआ है, लेकिन इससे पहले भी स्कूल बसों के प्रति संचालकों को कई बार चेताया गया है। इसके बावजूद भी कैथल में भी निजी स्कूल संचालकों द्वारा कंडम और अनफिट बसों का संचालन जारी है। रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (आरटीए) की टीम ने शुक्रवार को चेकिंग अभियान चलाया। सुबह विभाग की टीम स्कूलों में गई और बसों की जांच की। दोपहर को आरटीए की टीम ने 10 स्कूल बसों को इंपाउंड कर लिया। इन सभी के चालान किए गए हैं और उन्हें रोडवेज की वर्कशॉप में बंद कर दिया गया है। आरटीए के असिस्टेंट सेक्रेटरी शीशपाल शर्मा ने जांच में पाया गया कि बसों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, रेडियम टेप और फोग लाइट नहीं लगी थी। कई बसों के इंडिकेटर भी टूटे मिले। कुछ बस तो ऐसी भी मिलीं जिनकी मेडिकल किट में एक्सपायर दवाइयां रखी गई थी। ऐसे में सवाल ये उठता है कि मोटी ट्रांसपोर्टेशन फीस वसूलने के बावजूद भी स्कूल प्रबंधक बच्चों की जान से खिलवाड़ कैसे कर सकते है। अभिभावकों की मांग ऐसे स्कूलों की मान्यता हो रद्द की जानी चाहिए। ओरिजिनल ट्रांसपोर्ट अधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि स्कूल की बसों की जांच का यह अभियान अब रुकेगा नहीं। जिन स्कूली बसों में खामियां मिली हैं।



## होटल में साथियों के साथ लिव इन पार्टनर ने युवती से किया दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** कैथल की एक कॉलोनी की रहने वाली युवती को एक व्यक्ति होटल में ले गया और जूस में नशीला पदार्थ पिलाकर अपने साथियों के साथ उसका रेप किया। इतना ही नहीं उसने उसकी अश्लील तस्वीरें भी खींची और विरोध करने पर उसकी तस्वीर वायरल करने व जान से मारने की धमकी भी थी। शुक्रवार को थाना शहर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ खिलाफ रेप, ब्लैकमेल करने व जान से मारने की धमकी देने मामला दर्ज किया। सिरटारोड गली नंबर 2 अर्जुन नगर की रहने वाली युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी हिम्मत और जगशेर व प्रेम से उसकी जान-पहचान थी। वह अक्सर उनसे मिलती थी। दो फरवरी 2023 को शहर के एक होटल में आरोपी हिम्मत ने उसे जूस पिलाया। इस जूस में नशीला पदार्थ मिला हुआ था। इसके बाद आरोपी हिम्मत सहित जगशेर और प्रेम ने मिलकर उसके साथ रेप किया।

**शर्मनाक**

**8 तस्वीरें भी खींची और विरोध करने पर उसकी तस्वीर वायरल करने व जान से मारने की धमकी भी थी।**

## नशा तस्कर को 41 ग्राम हेरोइन सहित पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार करके उससे 41 ग्राम हेरोइन बरामद की है। टीम ने उससे नशा तस्करी में प्रयोग की जा रही बिना नंबर की स्कूटी भी बरामद करके कब्जे में ली है। ब्यूरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के निर्देशन में प्रदेशभर नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तस्करों की धरपकड़ हो रही है। इसी कड़ी में हिसार यूनिट की टीम ने ढंढूर पुल के पास स्कूटी सवार एक युवक को गिरफ्तार करके उससे 41 ग्राम हेरोइन बरामद की।

# सिंधु घाट पर पहुंचकर श्रद्धालु करेंगे सिंधु मैया का पूजन अर्चन : डॉ. इंद्रेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** हिमालय परिवार हरियाणा की ओर से 28वीं सिंधु दर्शन यात्रा सम्मेलन बारे सेक्टर 14 स्थित पंजाबी भवन में कार्यक्रम का शुक्रवार को आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता हिमालय परिवार संरक्षक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. इंद्रेश कुमार थे। मंचासीन आचार्य संत डॉ. गोवर्धनराम और श्री श्री 1008 कृष्णानंद महाराज के सानिध्य में आयोजन किया गया। डॉ. इंद्रेश कुमार ने सिंधु नदी के प्राचीन महत्व को बताया और लोगों से आग्रह किया कि वे सिंधु नदी के अस्तित्व एवं लेह लद्दाख की अस्मिता को बनाए रखने के लिए हिमालय परिवार द्वारा आयोजित सिंधु दर्शन यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

यह यात्रा कुरुक्षेत्र से शुरू होकर मनाली केलांग से लेह पहुंचेगी एवं इसका समापन जम्मू में होगा। उन्होंने बताया कि इसका दूसरा समूह जम्मू, श्रीनगर से होते हुए लेह पहुंचेगा एवं मनाली केलांग के रास्ते कुरुक्षेत्र इसका समापन होगा। इस यात्रा का सबसे अहम पड़ाव लेह लद्दाख में सिंधु घाट रहेगा, जहां पूरे भारत एवं अलग अलग देशों से आए यात्री एकत्र होकर सिंधु मैया का पूजन एवं अर्चना करेंगे।

डॉ. इंद्रेश ने बताया कि देशहित में ये यात्रा एक मिशन के साथ चल रही है, जिसका शीर्षक है हर घर सिंधु जल एवं चलो लेह लद्दाख। पिछले 28 साल से निरंतर होने वाली इस देशहित की यात्रा में हर साल हजारों तीर्थ यात्री भाग लेते हैं।

**कार्यक्रम**

**8 हिमालय परिवार की सिंधु मैया दर्शन यात्रा को लेकर हिसार में कार्यक्रम आयोजित**

# ट्रैफिक पुलिस ने की 220 स्कूल बसों की जांच

**टीम एक्शन इंडिया**

फरीदाबाद: महेंद्रगढ़ में हुए स्कूल बस हादसे ने स्कूल बसों के संचालन पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। यही कारण है कि पूरे प्रदेश में हर जिले में स्कूल बसों की ट्रैफिक पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के अंतर्गत के तहत करीब 220 स्कूल बसों को चेक किया गया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 27 स्कूल बस चालकों के चालान किए गए। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा समय-समय पर जागरूकता यातायात नियमों के पालन करने के बारे में जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं7 इसके अलावा यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालो के खिलाफ विभिन्न अभियान के अंतर्गत ब्लैक फिल्म वाहन, अंडर एज ड्राइविंग, ट्रिपल राइडिंग तो कभी बिना हेलमेट और बिना नंबर प्लेट चलने वालो के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। शुक्रवार को पुलिस ने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत आज स्कूल बसों की चेकिंग कि गई। अक्सर देखने में आया है कि काफी स्कूल बसें यातायात नियमों का पालन नहीं करती। इस कारण यातायात पुलिस रोजाना चौक-चौराहों पर ऐसी बसों को रोककर चालान कर रही है। आज ऐसी 27 बसों के चालान कर जुमार्ना लगाया गया। यातायात पुलिस उपायुक्त के अनुसार दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिए सडक सुरक्षा के नियमों की पालना करना अति आवश्यक है। स्कूल बसों की समय-समय पर चेकिंग की जाती है जिसमें वर्ष 2023 में 1162 स्कूल बस चालकों के चालान किए गए थे। वर्ष 2024 में अब तक 133 बस चालकों के चालान काट कर जुमार्ना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए।




# आपराधिक मामलों में भगौड़ा घोषित आरोपी होडल से हुआ गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** वर्ष 2017 से भगौड़ा घोषित आरोपी को पुलिस चौकी सिकरोना की टीम ने होडल से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी नेत्रपाल गांव भनकपर बल्लबगढ़ का हाल में पलवल होडल भुलवाना का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस टीम सब इस्पेक्टर प्रदीप, एएसआई जयवीर और मानसिंह की टीम ने रेड कर आरोपी को भुलवाना से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वर्ष 2011 में ऑटो चलाते समय से एक व्यक्ति टक्कर मार दी थी, जिसमें व्यक्ति घायल हुआ था जिसका मुकदमा थाना सेक्टर-58 में दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आरोपी माननीय अदालत से जमानत पर आने के बाद अदालत में पेश नही हुआ था। आरोपी ने वर्ष 2011 में ही किसी व्यक्ति से कहा सुनी के चलते झगडा किया थ।

**काबू**

**8 गिरफ्तार आरोपी नेत्रपाल गांव भनकपर बल्लबगढ़ का हाल में पलवल होडल भुलवाना का रहने वाला है**

# फरीदाबाद: नियमों का उल्लंघन करने वाली छह स्कूल बसें इम्पाउंड

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** महेंद्रगढ़ में हुए स्कूल बस हादसे के बाद जिला में स्कूल बसों की चेकिंग के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत छह स्कूल बसों को इम्पाउंड किया गया है। वहीं गुरुवार को ईद की छुट्टी के स्कूल खोलने वाले स्कूल संचालकों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। उपायुक्त विक्रम सिंह शुक्रवार को मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की वीसी के पश्चात अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने निर्देश दिए कि जिला में सभी स्कूलों की बसों की सघनता से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि जिला में 1159 स्कूलों में 3338 बसें हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी बसों की जांच के लिए पुलिस, डीईओ और आरटीए की संयुक्त टीम का गठन किया गया है। यह सभी टीमें लगातार कार्य करेंगी और बसों की जांच करेगी। मीटिंग के दौरान उन्होंने आरटीए से फरीदाबाद जिला में की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। इस दौरान आरटीए मुनीष सहगल ने बताया कि दोपहर तक छह स्कूली बसों को इंपाउंड किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बसों को लेकर कार्रवाई लगातार की जा रही है। इस दौरान उपायुक्त विक्रम सिंह ने निर्देश दिए कि दस दिन के अंदर प्रत्येक बस की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि नियमों के तहत प्रत्येक बस में जो 14 नियमों की पूरी पालना हो। डीजल बस 10 साल से ज्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए।

**सख्ती**

**8 स्कूल बसों की चैकिंग के लिए आरटीए, पुलिस और शिक्षा विभाग की टीमें गठित**

# ईएसआईसी के उप निदेशक (प्रशासन) के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** चुनाव ड्यूटी के लिए के लिए मांगी गई कर्मचारियों व अधिकारियों की सूचना समय पर नहीं देने पर ईएसआईसी रीजनल सेंटर सेक्टर-16 फरीदाबाद के उप निदेशक (प्रशासन) संजय कुमार राणा के खिलाफ थाना सैंट्रल में एफआईआर दर्ज करवाई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेशों के बाद जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत यह एफआईआर दर्ज की गई है। इसके साथ ही अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए भारत निर्वाचन आयोग व संबंधित विभाग को भी लिखा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने इस संबंध में शुक्रवार को लघु सचिवालय में राज्य व केंद्र सरकार के अधिकारियों की मीटिंग भी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि ईएसआईसी रीजनल सेंटर सेक्टर-16 को दिनांक 19 फरवरी, 23 फरवरी और एक मार्च को पत्र लिखकर लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर कर्मचारियों व अधिकारियों की जानकारी मांगी थी। इसके बाद तीन मार्च को संस्थान के उपनिदेशक (प्रशासन) संजय कुमार राणा को नोटिस भेजकर जानकारी न देने पर जवाब मांगा गया था। इस नोटिस को भी उन्होंने नजर अंदाज कर दिया। इसके बाद इस संबंध में कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ सैंटर थाना में मामला दर्ज करवाया गया है। वहीं शुक्रवार को मीटिंग के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए कि अगर किसी अन्य विभाग ने समय पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मांगी गई जानकारी नहीं दी तो इसी तरह की और इससे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से उनके विभागों से रिटायर होने वाले कर्मचारियों, तबादला होने वाले कर्मचारियों की जानकारी भी सही ढंग से जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हम सभी आदर्श आचार संहिता लगने के बाद भारत निर्वाचन आयोग के डेपुटेशन पर हैं।




**कार्रवाई**

**8 संस्थान के उपनिदेशक (प्रशासन) को नोटिस भेजकर जानकारी न देने पर जवाब मांगा गया था**

# भाविप की माधव शाखा ने मरीजों के लिए लगाया लंगर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नवरात्रों के शुभ अवसर पर भारत विकास परिषद माधव शाखा की ओर से लंगर का आयोजन किया गया। यह लंगर मुख्य रूप से अस्पताल में मरीजों के लिए लगाया गया। इस लंगर का मुख्य उद्देश्य मरीजों की सहायता करना रहा, ताकि उसको स्वस्थ पूर्ण खाना मिल सके। इस लंगर का आयोजन डॉ. अशोक गुप्ता और सुचेता गुप्ता द्वारा किया गया। संतोष बख्शी ने जनसेवा दल को कच्चे सामान की भी सेवा दी। लंगर में माधव परिवार की ओर से लगभग 50 सदस्य सम्मिलित हुए। सभी ने वहां पर उपस्थित मरीजों व उनके परिजनों को लंगर का वितरण किया। माधव शाखा द्वारा समय-समय पर गरीबों के लिए ऐसे आयोजन किए जाते हैं, ताकि सभी को निःशुल्क भरपेट भोजन मिल सके।



माधव शाखा के अध्यक्ष एसएम सिंघल ने कहा कि समय-समय पर समाज की आवश्यकताओं के अनुसार ऐसे भंडारों का आयोजन शाखा द्वारा किया जाता रहेगा, ताकि समाज के वंचित लोगों के लिए कार्य किया जा सके। माधव परिवार के सदस्यों द्वारा आट्टा तथा दाल आदि जनसेवा दल को भी दिया गया, ताकि आवश्यकता पडे पर वह मरीजों की सहायता कर सकें।

**सेवा कार्य**

**8 इस लंगर का मुख्य उद्देश्य मरीजों की सहायता करना रहा, ताकि उसको स्वस्थ पूर्ण खाना मिल सके**

शाखा के सचिव राजेश भाटिया ने भी आए हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया और अपने उद्बोधन में शाखा के सभी सदस्यों से आह्वान किया कि वह सामाजिक सेवाओं के लिए आगे आएं।

# विद्यार्थियों ने स्लोगन के माध्यम से दिया करप्शन फ्री इंडिया का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन में करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रोजेक्ट इंचार्ज डॉ. निशा गुप्ता, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा मुख्य रूप से उपस्थित हुए।




स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में स्कूल के सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर स्लोगन राइटिंग कर करप्शन फ्री इंडिया का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने करप्शन फ्री इंडिया पर उत्कृष्ट स्लोगन प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिपिकेट प्रदान किये गए।

प्रथम विजेता वंशिका को इक्कीस सौ रुपए, द्वितीय विजेता दिव्यांश को ग्यारह सौ रुपए और तृतीय विजेता सौम्या रावत को पांच सौ रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। सांत्वना पुरस्कार दो सौ पचास रुपए सियांशी, लक्षित, खुशी एंव नित्या को दिया गया। स्कूल स्टाफ सपना एवं ज्योति का प्रोजेक्ट में विशेष सहयोग रहा।

नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन के करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत काफी प्रोजेक्ट किये जा रहे हैं, जिससे लोगो में जागरूकता आ रही है।

## न्यूज फ्लैश

### इंद्री ने 599% की वृद्धि के साथ भारत में 30% मार्केट शेयर पर कब्जा किया

**नोएडा।** पिकाडिली डिस्टिलरीज की भारत की नंबर 1 और सबसे पसंदीदा ट्रिपल कास्क सिंगल माल्ट इंद्री सिंगल माल्ट व्हिस्की ने इंद्री-ट्रिनी के साथ भारत की विकास गाथा को और मजबूत किया है, और यह 'दुनिया में अब तक की सबसे तेजी से बढ़ने वाली सिंगल माल्ट व्हिस्की' बन गई है। स्कॉटलैंड, जापान, ताइवान या दुनिया में कहीं भी कोई भी सिंगल माल्ट व्हिस्की अपने लॉन्च के दो साल के भीतर 1,00,000 पेटी का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है। इस उपलब्धि के साथ, इंद्री-ट्रिनी ने सभी रिकार्ड ध्वस्त कर दिए हैं और यह दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाली सिंगल माल्ट व्हिस्की के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गई है।

पिछले वर्ष के मुकाबले 599% की शानदार वृद्धि दर के साथ, इंद्री न केवल रिकॉर्ड तोड़ रहा है; बल्कि यह खेल के नए मानक गढ़ रहा है। इंद्री भारत में 30% मार्केट शेयर पर कब्जा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पिकाडिली डिस्टिलरीज अपनी महत्वाकांक्षी विस्तार योजनाओं के साथ दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाली 5 सिंगल माल्ट व्हिस्की में से एक बनने की आकांक्षा रखती है।

पिकाडिली डिस्टिलरी के सीईओ प्रवीण मालवीय ने कहा ह्लआज आयातित ब्रांड के प्रभुत्व वाले बाजार में, इंद्री भारतीय उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में मजबूती से खड़ा है। यह सिर्फ एक ब्रांड नहीं है; यह राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है, जो भारतीय लोगों की स्थिति को ऊंचाइयों तक ले जाता है। इंद्री सिर्फ इस व्हिस्की की अगुवाई नहीं कर रही है; यह एक क्रांति का नेतृत्व कर रही है"।

### देवी भगवती की भक्ति चौकी 14 अप्रैल को

**राजकुमार प्रिंस करनाल।** शक्ति आराधना के पर्व नवरात्रि में दुर्गा मां कात्यायनी के ओसिया देवी स्वरूप की भक्ति चौकी एवं गुणगान 14 अप्रैल को तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर के ऑडिटोरियम में भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज तथा वात्सल्यमूर्ति माता श्री प्रमिला जी महाराज के पावन सान्निध्य में दोपहर डेढ़ बजे से शाम 5 बजे तक भक्तिभावनापूर्वक किया जा रहा है।

हरियाणा विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तरक्षेत्रीय संघचालक पवन जिंदल विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# घरेलू कामगार महिलाओं को कोर्स पूरा करने पर प्राप्त हुये स्किलिंग ट्रेनिंग सर्टिफिकेट

**टीम एक्शन इंडिया**

**मोगा:** लगभग 100 घरेलू कामगार महिलाओं को सेल्फ एम्पलाइड वुमेन्स एसोसिएशन (एसईडब्ल्यूए - सेवा) पंजाब द्वारा आयोजित किये दो दिवसीय अप स्किलिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम के समापन्न पर स्किलिंग ट्रेनिंग सर्टिफिकेट प्राप्त हुये। एडीसी जगविंदरजीत सिंह ग्रेवाल ने लाभार्थियों को सर्टिफिकेट सौंपे। इसके अलावा 55 होम बेस्ड वर्कर्स को जूट बैग बनाने, उन्नत सिलाई के साथ-साथ केक बेकिंग में प्रशिक्षण बढ़ाने के लिए सर्टिफिकेट और 200 से अधिक महिलाओं को डिजिटल फाइनेंशियल लिटरेसी ट्रेनिंग सर्टिफिकेट प्राप्त हुए।। यह स्किल ट्रेनिंग सितंबर 2023 से मार्च 2024 की अवधि में दुनेके, इंदिरा कॉलोनी, मोहन सिंह बस्ती, बहादुर सिंह बस्ती, बगियाना बस्ती, बुक्कनवाला में आयोजित की गई थी। इस प्रोग्राम को आयोजित करने का उद्देश्य महिलाओं में स्किल्स प्रसारित कर सशक्तिकरण की भावना को पैदा करना था जिसमें इन घरेलू कामगार वर्कर्स में व्यापक उत्साह देखने को मिला। सेवा पंजाब वर्ष 2016 से पंजाब के कई जिलों में इन वर्कर्स को सम्मानजनक जीवन जीने की राह दिखाने में प्रयासरत है।

# पत्नी से तंग आकर पति ने की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में एक युवक ने पत्नी से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार का आरोप है कि मृतक की पत्नी के एक युवक के साथ अवैध संबंध थे। इसी बात से परेशान होकर युवक ने यह कदम उठाया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया।

मृतक की पहचान अर्जुन गेट, वाल्मीकि बस्ती निवासी 27 वर्षीय देवशरण के रूप में हुई है। वह बेलदारी का काम करता था और उसकी 7 साल पहले शादी हुई थी। देवशरण के भाई कालीचरण ने बताया कि गुरुवार शाम को उसके भाई ने अपने कमरे में पंखे पर चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। देर रात जब वह घर पहुंचा तो देवशरण फंदे पर लटका हुआ था। उसने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी।



**आत्महत्या**

**8 मृतक की पत्नी के एक युवक के साथ अवैध संबंध थे। इसी बात से परेशान होकर युवक ने यह कदम उठाया**

कालीचरण ने बताया कि उसकी छोटे भाई की शादी करीब 7 साल पहले उत्तर प्रदेश के बदायूं जिला निवासी रिंकी के साथ हुई थी। शादी के बाद उनके दो बच्चे हैं, जिनमें एक लडकी साक्षी है, जिसकी उम्र 3 साल है और लडके गोलू की उम्र डेढ़ साल है। उसके भाई की पत्नी के पडोस के एक युवक के साथ अवैध सबंध थे। परिवार के लोगों को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने रिंकी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मानी। पत्नी के अवैध संबंध के चलते उसका भाई देवशरण टेंशन में था और शराब पीने लगा था।

परिवार ने बताया कि 10 दिन पहले रिंकी छोटे बेटे को साथ लेकर मायके चली गई थी। बेटी को वह देवशरण के पास ही छोड़ गई थी। देवशरण ने पत्नी को फोन कर घर आने को कहा था, लेकिन उसने कहा कि अब वह वापस नहीं आएगी। अब वह तलाक लेगी। इसी के चलते परेशान होकर देवशरण ने यह कदम उठाया।

सिटी थाना के जांच अधिकारी रिशू ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया।

# योगेंद्र ने लिया अंबेडकर जयंती कार्यक्रम की व्यवस्था का जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पुरानी सब्जी मंडी करनाल में रविवार 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर होने वाले समरसता कार्यक्रम की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, घरोंडा विधायक हरविंद्र कल्याण, एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा, जिला कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, सांसद संजय भाटिया के सपुत्र चांद भाटिया, ईलम सिंह व हरपाल कलामपुरा ने सभास्थल पर पंहुचकर व्यवस्था का जायजा लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर होने वाले समरसता समारोह में पूरे लोकसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पंहुच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में निरंतर समाज के संत महापुरुषों और वीर वीरांगनाओं की जयंतियां मनाई जा रही हैं। इसी को लेकर 14 अप्रैल रविवार को सुबह 9 बजे डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती को समरसता समारोह के रूप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल के अतिरिक्त प्रदेश के अन्य वरिष्ठ नेताओं को सुनने का अवसर मिलेगा। योगेंद्र राणा ने कहा कि बीआर अंबेडकर, जिन्हें बाबा साहेब के नाम से जाना जाता है, एक भारतीय न्यायविद, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने संविधान सभा की मसौदा समिति की अध्यक्षता की और भारत में पहले कानून और न्याय मंत्री भी थे।

# 19 वर्षीय शुभम के शव के मामले में पुलिस ने एसआइटी गठित की

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव कतलाहेड़ी बस अड्डे पर झाड़ियों से बरामद 19 वर्षीय शुभम के शव के मामले में पुलिस ने एसआइटी गठित कर दी है। पुलिस टीम के नेतृत्व में सुबह कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के मोर्चरी हाउस में शुभम का पोस्टमॉर्टम हुआ। मृतक शुभम के परिजनों ने गांव बंबरेड़ी के सरपंच, युवती, उसके परिवार के सदस्य व युवती के कथित दोस्तों पर हत्या के आरोप लगाए गए हैं।

सीआइए टू के इंचार्ज मनोज वर्मा ने अब इस मामले की तह तक जाने के लिए पूछताछ शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार मामले में 4 से 5 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। दूसरी तरफ परिवार का इकलौता चिराग बुझने से गांव में शोक है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

मृतक शुभम के मामा ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसका भांजा शुभम व उसी के गांव की एक युवती के साथ दोस्ती थी। दोनों करनाल में एक ही शिक्षण संस्थान में पढ़ते थे। मामा का आरोप है कि इस दौरान युवती की अन्य कुछ युवकों के साथ भी दोस्ती थी। इस दौरान युवती के कथित दोस्तों ने शुभम को युवती के साथ देख लिया था और उससे दूर रहने की धमकी दी थी।

**जांच जारी**

**8 परिजनों ने गांव बंबरेड़ी के सरपंच, युवती, उसके परिवार के सदस्य व युवती के कथित दोस्तों पर हत्या के आरोप लगाए**

कर्मजीत ने आरोप लगाते हुए बताया कि एक साल पहले युवती का जन्मदिन था। युवती भी अपने कथित दोस्तों के साथ मिली हुई थी। करनाल में ही शुभम ने युवती का जन्मदिन मनाया। युवती के अलावा किसी को नहीं पता था कि शुभम उसके साथ है। लेकिन इसी दौरान युवती के कथित दोस्तों ने शुभम का अपहरण कर लिया। सुबह 10 बजे वह उसको अपने साथ लेकर गए। इस दौरान उसको अलग-अलग जगह लेकर बुरी तरह से मारपीट की गई। इतना ही नहीं आरोपियों ने उसके प्राइवेट पार्ट में डंडा डाला था और उसे शाम 6 बजे अधमरी हालत में गांव बंबरेडी के पास फेंक कर चले गए।

# आस्ट्रेलिया में नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगे 22 लाख

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव उड़ाना के हलवाई से आस्ट्रेलिया के रेस्टोरेंट में हलवाई का काम दिलवाने के नाम पर करीब 22 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। इंद्री के गांव उड़ाना वासी मोहन लाल यहां हलवाई का काम करता था और कुरुक्षेत्र की शादी में खाना बनाने गया था, जहां आरोपी से मुलाकात हुई। कुछ दिन बाद आरोपी का मोहन को फोन आया कि उसका यहां रेस्टोरेंट है, जिसके लिए तुम्हारी जरूरत है और इसके लिए अपना पासपोर्ट बनवा ले। पीड़ित ने आरोपी के कहने पर जो कागजात मंगवाए, सभी उसकी ईमेल आईडी पर मई-जून 2022 में भेज दिए। पीडित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 महीने बाद मेरे वीजा का रिफ्यूजल आ गया। इसके बाद आरोपी ने फोन से चंडीगढ़ सेक्टर-34 ए स्थित कार्यालय में अन्य लोगों से मिलवाया और बदले में 22 लाख रुपए की मांग की गई। आरोपियों ने 22 लाख रुपए ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद देने की बात की। 1 जून 2023 को आरोपियों के पास होटल में चला गया, जहां पर उन्होंने 10 अन्य लडकों को बाहर भेजने के नाम पर रखा हुआ था। आरोपियों ने मुझे 9 दिन उसी होटल में रखा। उसके बाद आरोपियों ने रुपए ऐंठने शुरू कर दिए और धीरे-धीरे करके पीड़ित से करीब 22 लाख 2 हजार रुपए हड़प लिए। शिकायत में बताया गया कि आरोपियों ने आस्ट्रेलिया का वीजा व टिकट व्हाट्सएप पर भेज दिए। जब पीड़ित ने मलेशिया एयरपोर्ट पर आस्ट्रेलिया का वीजा व टिकट पेश किया, तब वहां पर उन्होंने बताया कि आपका वीजा फर्जी है।



# प्रॉपर्टी आईडी को स्व-प्रमाणित करने के लिए लगेंगे शिविर: अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आम** जनता की सुविधा के लिए नगर निगम करनाल नागरिकों की प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित करने के लिए शिविर लगाने जा रहा है, जो आगामी शनिवार व रविवार को अलग-अलग क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने बताया कि 13 अप्रैल को सेक्टर-13 अर्बन स्टेट के पार्क नम्बर 16 तथा मेरठ रोड स्थित डिवाईन पैलेस के सामने अशोक नगर की गली नम्बर 4 के बाहर उपरोक्त शिविर लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 14 अप्रैल को सेक्टर-13 अर्बन स्टेट के पार्क नम्बर 9 में भी इस तरह का कैम्प आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, कर अधीक्षक गगनदीप सिंह तथा उनकी टीम मौजूद रहेगी। इस दौरान वार्ड वासियों की सम्पत्ति कर आई.डी. को स्व-प्रमाणित किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त शिविर शहर के अन्य वार्डों में भी लगाए जाएंगे। उन्होंने वार्ड वासियों से अपील कर कहा है कि जिन व्यक्तियों ने अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को अभी तक सेल्फ सर्टिफाई नहीं किया है, वह शिविर में आकर इस कार्य को करवा सकते हैं।

**शिविर**

**8 प्रॉपर्टी आई.डी. को अभी तक सेल्फ सर्टिफाई नहीं किया है, वह शिविर में आकर इस कार्य को करवा सकते हैं**

# 14 साल की नाबालिग छात्रा संदिग्ध हालातों में लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** रामनगर थाना क्षेत्र में 14 साल की नाबालिग छात्रा संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। छात्रा की मां ने परिवार के लडकी के चाचा व उनके मकान पर में किराए पर रह रहे युवक पर ले जाने के आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है दोनों आरोपी उसकी बेटी को बहला फुसलाकर घर से लेकर गए हैं, ताकि उसे बेच सकें। पीडिता ने मामले की शिकायत रामनगर थाना पुलिस को दी है।

पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया उसके 2 बच्चे है, जिनमें लडकी बड़ी है और लडका छोटा है। लडकी 9वीं कक्षा की छात्रा है। बुधवार को वह काम पर गई थी। दोपहर करीब 1 बजे उनके घर में ही किराए पर रहने वाले रिश्ते लगने वाले मेरे देवर व दूसरा किराएदार उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ऑटो रिक्शा में अपने साथ बैठाकर ले गए।



पीड़िता ने बताया कि उसका देवर रामचंद्र व दूसरा किराएदार मुकेश दोनों ही उनका ऑटो रिक्शा चलाते हैं। दोनों की शादी हो रखी है और उनके पास तीन-तीन बच्चे हैं। दोनों जुआ खेलने के आदी है। इसलिए वह उसकी नाबालिग बेटी को बेचने के लिए गए हैं, ताकि वह अपना कर्ज उतार सकें। महिला ने बताया कि दोनों आरोपियों को लोगों ने देखा था, जब वह उसकी बेटी को ऑटो रिक्शा में अपने साथ लेकर जा रहे थे। आरोपी मुकेश की पत्नी ने बताया कि उसका पति उसे एक दिन पहले ही उसके घर रामनगर में छोडकर आया था और पीछे से पड़ोस में लडकी को बहला-फुसला कर ले गया। उनके भी तीन बच्चे हैं। उसके पति ने गलत काम किया है। आरोपी की पत्नी ने बताया कि कल से ही उसके पति व रामचंद्र का फोन बंद आ रहे है। रामनगर थाना के जांच अधिकारी पवन ने कहा कि उन्हें सूचना मिली है कि दो युवक 14 वर्षीय लडकी को बहला फुसला कर ले गए हैं। दोनों युवक शादीशुदा हैं।

**खोजबीन जारी**

**8 छात्रा की मां ने परिवार के लडकी के चाचा व उनके मकान पर में किराए पर रह रहे युवक पर ले जाने के आरोप लगाए**

# 26 अप्रैल तक नागरिक बनवा सकते हैं वोट: जिला निर्वाचन अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे अहम कड़ी मतदाता हैं, इसलिए अभी भी यदि किसी नागरिक का वोटर कार्ड नहीं बना है तो वह तुरंत अपना वोटर कार्ड बनवायें, ताकि चुनावों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। नागरिक 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति संबंधित बी.एल.ओ, निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के पास फॉर्म-6 भरकर वोट बनवा सकते हैं। यह फॉर्म मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय विभाग की वेबसाइट ढ्ढह्लह्लश्चह्य://222.ष्द्गशद्धड्डह्म4ड्डठ्ठड्ड.द्दश1.द्बठ्ठ / पर भी उपलब्ध है, जो डाउनलोड किए जा सकते हैं। वोट बनवाने के लिए दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, अपने निवास और आयु प्रमाण पत्र के साथ ऑफलाइन या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वोट बनवाने से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर-1950 पर संपर्क कर सकते हैं।



**वोट का अधिकार**

**8 मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर ही किया जा सकेगा मतदान, एपिक कार्ड के अलावा अन्य दस्तावेज दिखाकर भी डाल सकते हैं वोट**

मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर ही किया जा सकेगा मतदानः जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपना योगदान अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी अपना वोट डाल सकता है।

उन्होंने कहा कि यदि मतदाता के पास पुराना एपिक कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं।

# लोकसभा आम चुनाव के दौरान एग्जिट पोल पर रहेगी पाबंदी: उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत चुनाव आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव व 12 राज्यों के 25 विधानसभाओं के उप चुनाव के चलते लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क की उपधारा एक व भारत आयोग की अधिसूचना की उपधारा 2 के दृष्टिगत 19 अप्रैल से 1 जून तक कोई भी व्यक्ति और मीडिया किसी भी प्रकार का एग्जिट पोल का आयोजन नहीं कर सकता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा का उल्लंघन करता है तो उसको दो वर्ष तक का कारावास या जुमार्ना अथवा दोनों दंड दिए जा सकते हैं।

उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना की जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता का पालन करना सभी का कर्तव्य है। लोकसभा आम चुनाव 2024 के साथ-साथ 12 राज्यों के 25 विधानसभाओं के उप निर्वाचन के चलते 19 अप्रैल को पूर्वाहन सात बजे से 1 जून अपराहन साढ़े छह बजे तक लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क व भारत निर्वाचन आयोग की उप धारा दो के उपबंधों के दृष्टिगत कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा। इसके अलावा किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम को प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन, प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति में प्रचार नहीं करेगा। अगर कोई भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उल्लंघन करने वाले को दो वर्ष तक का कारावास या जुमार्ना अथवा दोनों ही दंड दिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिसूचना के अनुसार साधारण निर्वाचन व उप निर्वाचनों की दशा में यह अवधि मतदान के पहले दिन के संबंध में मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से शुरू होगी और सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के आधे घंटे तक जारी रहेगी।

## संपादकीय

# कांग्रेस-आम आदमी पार्टी...है स्वार्थ का गठबंधन

**आम** आदमी पार्टी की मुसीबतें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। पहले से ही पार्टी के चोटी के नेता जेल में हैं। कुछ दिन पहले पार्टी के संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जेल पहुंच गए । अभी पार्टी इस सदमे से उबरी भी नहीं थी कि बीते बुधवार को पटेल नगर से विधायक राजकुमार आनंद ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और इसके बाद उन्होंने पार्टी भी छोड़ दी। उन्होंने पार्टी पर भ्रष्टाचार को लेकर कई तरह के सवाल भी जड़ दिए। इन सब मामलों को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी पर तमाम तरह के सवालिया निशान उठाते हुए जुलूस निकाल रहे हैं। बीते कुछ दिनों में आम आदमी पार्टी के साथ कुछ ऐसा हुआ कि उन्होंने कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी। जैसा कि दिल्ली के परिवेश में बात करें तो लोकसभा की सात सीटों पर दिल्ली में आम आदमी पार्टी को चार और कांग्रेस को तीन सीट के आधार पर बंटवारा हुआ है। लेकिन जैसे ही केजरीवाल जेल गए कांग्रेस ने आंतरिक तौर पर आम आदमी पार्टी से किनारा कर लिया। दरअसल मामला यह है कि आम आदमी पार्टी के नेता कांग्रेस से विरोध प्रदर्शन के लिए कांग्रेस का समर्थन मांग रहे हैं जिस पर कांग्रेस ने स्पष्ट तौर पर मना कर दिया। बीते सोमवार को एक कांग्रेस नेता प्रदर्शन में शामिल भी हुए लेकिन जैसे ही इसकी खबर बडे पद पर आसीन नेताओं को मिली तो उन नेता जी को बहुत फटकार पड़ी। पूरी दिल्ली में हो रहे प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के साथ कहीं भी कांग्रेस खड़ी नजर नहीं आ रही। इस घटना से दोनों में द्वंद्व बढ़ता जा रहा है। यदि परिस्थितियां ऐसी ही रहीं हो तो चुनाव में वो ऊर्जा नहीं दिखेगी जिस आधार पर गठबंधन हुआ। ऐसी परिस्थिति से यह तय हो रहा है कि यदि गठबंधन की कुछ सीटें आ भी गईं तब भी दोनों पार्टियां चुनाव के बाद अलग हो जाएंगी। ज्ञात हो कि 2019 में लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा का चुनाव के बाद गठबंधन टूट गया था जिस पर उत्तर प्रदेश की जनता ने कहा था कि यह चुनावी नहीं स्वार्थी गठबंधन था। भारतीय राजनीति में इस तरह के कई उदाहरण हैं। फिलहाल दिल्ली की स्थिति को समझना होगा। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के संदर्भ में चर्चा करें तो आंतरिक तौर पर कांग्रेस खुश है जो कि उसका बनता भी है चूंकि केजरीवाल ने यदि किसी को सबसे ज्यादा क्षति पहुंचाई तो वह कांग्रेस है। दिल्ली में केजरीवाल का जितना वोट बैंक है वह सारा कांग्रेस का है। इस समय आम आदमी पार्टी के सभी चोटी के नेता जेल में हैं और प्रचार करने व अपनी बात रखने के लिए कोई बड़ा नेता जनता के बीच मौजूद नही हैं। इसका कांग्रेस भरपूर फायदा उठा सकती है और दिल्ली के कुछ इलाकों में इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। लेकिन कांग्रेस को गठबंधन का नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में सीटों का बंटवारा हुआ है। हालांकि इस फाइट में कांग्रेस के पास कुछ बड़ा करने के लिए नहीं है। यह बात अलग है कि आंतरिक तौर पर कांग्रेस अपने पुराने वोटरों को जोड़ने में जुट गई है। आम आदमी पार्टी की मजबूरी यह हो चुकी है वह खुलकर या ऑफिशली तौर पर कांग्रेस का विरोध भी नहीं कर सकती। विषम परिस्थितियों से गुजर रही आम आदमी पार्टी चारों ओर से घिर चुकी है। खुलकर या आंतरिक तौर पर कोई साथ नहीं दे रहा जिससे पार्टी का मोरल बहुत कमजोर पड़ रहा है।

# लोकसभा चुनावः राष्ट्रवाद बनाम तुष्टिकरण

-प्रो. महेश चंद गुप्ता-

> "गुजरात विधानसभा के चुनाव में सिद्धपुर सीट से कोंग्रेस प्रत्याशी चंदन ठाकोर ने कहा था कि केवल मुसलमान ही कांग्रेस को बचा सकते हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं। कांग्रेस मुसलमानों के लिए बोलती रहे, तब भी ठीक है लेकिन हिंदुओं को निशाना बनाकर पार्टी ने बड़ी भूल की है। डेढ़ दशक पहले कांग्रेस नेता पी. चिदम्बरम का भगवा आतंकवाद वाला बयान लोग आज भी भूले नहीं हैं। श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह का आमंत्रण ठुकरा कर कांग्रेस ने अपने ही पांव पर कुल्हाड़ी मारी है। कांग्रेस के बड़े नेता बार-बार अपने आलाकमान को समझाते रहे हैं लेकिन उससे पार्टी कोई सबक नहीं ले रही है। वर्ष 2014 में कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद वरिष्ठ नेता ए.के. एंटनी को पराजय की समीक्षा का दायित्व सौंपा था।"

**पूरा** देश वर्तमान में चुनावी मोड में है। एक ओर भारतीय जनता पार्टी केन्द्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की मशक्कत में जुटी है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी दल भाजपा की राह रोकने की कोशिश में जुटे हैं। आईएनडीआईए गठबंधन, जिसमें कांग्रेस शामिल है, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमलावर है। आईएनडीआईए में विभिन्न दल हैं लेकिन मोदी अपने भाषणों में ज्यादातर कांग्रेस को ही निशाना बना रहे हैं। चुनाव में वैसे तो कई मुद्दों पर चर्चा हो रही है लेकिन चुनावी परिदृश्य पर भाजपा का हिंदुत्व व राष्ट्रवाद और कांग्रेस का मुस्लिम तुष्टिकरण छाया हुआ है।

लोकसभा चुनाव में यदि भाजपा हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की बात कर रही है तो यह उसके लिए कोई नई बात नहीं है। हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के मुद्दे भाजपा के साथ स्थाई रूप से जुड़ चुके हैं। कांग्रेस भले ही आरोप लगाती आ रही है कि भाजपा का हिंदुत्व और राष्ट्रवाद चुनाव जीतने के लिए है लेकिन भाजपा और उसके समर्थक वोटरों पर इसका कोई असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। कांग्रेस भाजपा के हिंदुत्व को धर्म से जोड़ती है जबकि भाजपा के लिए हिंदू एक संस्कृति का परिचायक है। सर्वोच्च न्यायालय भी यह बात कह चुका है। भाजपा के हिंदुत्व में प्रत्येक राष्ट्रवादी भारतीय शामिल है। पार्टी मानती है कि एक हिंदू के रूप में पहचान प्रत्येक भारतीय की सांस्कृतिक नागरिकता है। हिंदू कोई धर्म, संप्रदाय या पंथ नहीं है। यह एक सांस्कृतिक शब्द है। इस प्रकार जहां भाजपा का रुख इस मामले में स्पष्ट है, वहीं कांग्रेस इस मामले में पिछले दस सालों से लगातार दुविधा में दिख रही है। कांग्रेस और उसके नेता कभी तो हिंदुओं को साथ लेकर चलने की बात करते नजर आते हैं और कभी अपनी पुरानी तुष्टिकरण की नीति पर लौट आते हैं। कभी तो राहुल गांधी मंदिरों में पूजा करके, जनेऊ पहन कर और अपने को ब्राह्मण बताकर हिंदुत्व के प्रति अपना सॉफ्ट रुख दशाने की कोशिश करते हैं तो थोड़े ही समय बाद इसे भूलकर मुस्लिम वोटरों को पार्टी की ओर खींचने का यत्न करने में जुटे जाते हैं। जाहिर है, कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण को छोड़ नहीं पा रही है। कांग्रेस ने हाल में अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया तो वह पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह समेत तमाम भाजपा नेताओं के निशाने पर आ गई। मोदी बोले कि तुष्टिकरण के दलदल में कांग्रेस इतना



डूब गई है कि उससे कभी बाहर नहीं निकल सकती। कांग्रेस का घोषणा पत्र कांग्रेस का नहीं, बल्कि मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र लगता है। उसके हर पन्ने से मुस्लिग लीग की बू आती है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण करने वाली पार्टी है। कांग्रेस की चार पीढियां तुष्टिकरण करती रहीं। वह मुस्लिम पर्सनल लॉ को फिर से लाना चाहती है। दरअसल, कांग्रेस ने अपने घोषणा में अल्पसंख्यकों से वादा किया है कि यदि कांग्रेस को मौका मिलता है तो वह संविधान के तहत धार्मिक अल्पसंख्यकों को दिए गए अधिकारों का आदर करेगी और उन्हें बरकरार रखेगी। पार्टी विदेश में पढ़ाई के लिए मौलाना आजाद छात्रवृत्ति को फिर से लागू करेगी और छात्रवृत्ति की संख्या बढ़ाएगी। कांग्रेस ने प्रत्येक नागरिक की तरह अल्पसंख्यकों को भी पोशाक, खान-पान, भाषा और व्यक्तिगत कानूनों की स्वतंत्रता देने और व्यक्तिगत कानूनों में सुधार को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके जवाब में भाजपा सच्चर कमेटी की रिपोर्ट का मुद्दा भी उठा रही है। भाजपा का कहना है कि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में मुसलमानों की जो दुर्दशा बताई गई, उसके लिए कौन जिम्मेदार है? दशकों तक कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन कभी कांग्रेस ने मुसलमानों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के बारे में नहीं सोचा। कांग्रेस हमेशा केवल वोट बैंक के तौर पर ही मुसलमानों का इस्तेमाल करती रही है। कांग्रेस का मुस्लिम प्रेम इस घोषणा पत्र से पहली बार नहीं झलका है। उसकी लाइन सदा से ही यही रही है। एक ओर जहां भाजपा के हिंदुत्व में सभी राष्ट्रवादी भारतीयों को समाहित किया जाता है, वहीं कांग्रेस सिर्फ और सिर्फ अल्प संख्यकों की ही बात करती है। सर्वविदित है कि मुस्लिम शुरू से ही कांग्रेस का बड़ा वोट बैंक रहे हैं, जो कालांतर में उससे छिटक गए और पार्टी उन्हें फिर से साधना चाह रही है। पार्टी के नेताओं के समय-समय पर आए बयानों से यह स्पष्ट होता रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का वह बयान आज भी सबको याद है जिसमें सिंह ने कहा था कि देश के बजट पर पहला हक मुसलमानों का बनता है। गुजरात विधानसभा के चुनाव में सिद्धपुर सीट से कोंग्रेस प्रत्याशी चंदन ठाकोर ने कहा था कि केवल मुसलमान ही कांग्रेस को बचा सकते हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं। कांग्रेस मुसलमानों के लिए बोलती रहे, तब भी ठीक है लेकिन हिंदुओं को निशाना बनाकर पार्टी ने बड़ी भूल की है। डेढ़ दशक पहले कांग्रेस नेता पी. चिदम्बरम का भगवा आतंकवाद वाला बयान लोग आज भी भूले नहीं हैं। श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह का आमंत्रण ठुकरा कर कांग्रेस ने अपने ही पांव पर कुल्हाड़ी मारी है। कांग्रेस के बड़े नेता बार-बार अपने आलाकमान को समझाते रहे हैं लेकिन उससे पार्टी कोई सबक नहीं ले रही है। वर्ष 2014 में कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद वरिष्ठ नेता ए.के. एंटनी को पराजय की समीक्षा का दायित्व सौंपा था। एंटनी ने समीक्षा रिपोर्ट में साफ कहा कि कांग्रेस ने मुस्लिम तुष्टिकरण की जो नीति अपनाई, वह उसके लिए घातक साबित हुई।

हैरानी की बात है, कांग्रेस फिर भी धरातल की स्थिति को समझ नहीं पाई और तुष्टिकरण की राह पर ही चलती रही। कांग्रेस को तुष्टिकरण की नीतियों को छोडकर राष्ट्र उत्थान व राष्ट्रवाद की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए अल्पसंख्यक समुदायों को प्रेरित करना चाहिए था। साथ ही राष्ट्रीय समानता, एक भारत-श्रेष्ठ भारत, समान नागरिक अधिकार, जनसंख्या नियंत्रण आदि विषयों पर उन्हें जागृत करना चाहिए था जिससे राष्ट्र के उत्थान एवं देश की समस्याओं को सुलझाने में उनका योगदान भी अधिकाधिक रहता। लेकिन ऐसा न कर कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण को बढ़ावा देकर देश की जनसंख्या को बांटने का काम किया। नागरिकता संशोधन एक्ट का अकारण विरोध भी कांग्रेस के गले की फांस बन रहा है। पार्टी ने उन तमाम आवाजों को अनसुना करती आ रही है, जिनमें हिंदुओं को भी साथ लेकर चलने पर जोर दिया गया। अन्य क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय पार्टियां भी तुष्टिकरण की ही राह पर चलती आ रही हैं। इसके विपरीत भाजपा ने हिन्दुत्व और राष्टवाद की राह पर चलते हुए 2019 के लोकसभा चुनाव में भी फतह हासिल की और अब एक बार फिर इन्हीं मुद्दों को लेकर जनता के सामने है। यानी भाजपा ने अपने रुख में कोई बदलाव नहीं किया है। वह अपने मुद्दों और विचारधारा पर अडिग है। अब तो श्रीराम मंदिर का निर्माण भी हो चुका है, जो भाजपा के लिए सोने में सुहागे के समान है। समान नागरिक संहिता का मुद्दा भी आम जन को आकर्षित कर रहा है। मतदाता इस पर तो विचार करेंगे ही कि आजादी के उपरांत 75 सालों में ज्यादातर समय जिन लोगों ने देश पर राज किया है, वह तुष्टिकरण कार्ड खेलकर देश को किधर ले जाना चाह रहे हैं? देश के लोग भाजपा के सोलह साल के शासन (अटल सरकार के कार्यकाल को मिलाकर) पर गौर करेंगे, जिसमें राष्ट्र उत्थान, विकसित भारत, श्रेष्ठ भारत, विश्व गुरु भारत के सपने पर फोकस किया गया है। बड़ा सवाल है कि हिंदुत्व व राष्ट्रवाद और तुष्टिकरण की नीति में से किसका असर होने जा रहा है? प्रश्न यह भी है कि मतदाता राष्ट्रवाद, हिन्दुत्व और मोदी के नाम पर वोट देंगे या फिर कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण की बदौलत कोई नई राह निकालने में सफल हो पाएगी? जनता क्या सोच रही है, यह 4 जून को साफ हो जाएगा।

**(लेखक जाने-माने शिक्षा विद् हैं और दिल्ली विश्वविद्यालय में 44 साल तक प्रोफेसर रहे हैं।)**

## कविता

### जब मैं गाँव जाता हूँ

अब छुट्टियां मिलने पर जब भी गाँव जाता हूँ !
कुछ गाँव बदल जाता है, कुछ मैं बदल जाता हूँ !!

पापा को बुढ़ा तो माँ के चेहरे पर झुर्रियां पाता हूँ !
मैं खुद को तब अपनी जिम्मेदारी से बड़ा पाता हूँ !!

जिस घर की दीवारों से मैं घंटो बातें करता था !
उसी दीवारों से मैं अपने को अनजाना पाता हूँ !!

कभी जो हमको समझा कर बाहर भेजा करते थे !
आज मैं उनको समझाता हुआ खुद को पाता हूँ !!

जब निकलता हूँ गाँव अपनों से मिलना होता है !
बचपन की बातें और जमाने का गिला होता है !!

अब छुट्टियां मिलने पर जब भी गाँव जाता हूँ !
कुछ गाँव बदल जाता है कुछ मैं बदल जाता हूँ !!

अजय कुमार

# प्रोफेशनल कोर्स करियर में नई ऊंचाई दे सकते हैं

विजय गर्ग

**20वीं सदी** अपने साथ औद्योगीकरण लेकर आई और शिक्षा भी लेकर आई जिसने काफी हद तक महिलाओं की दुर्दशा के प्रति समाज की आंखें खोल दीं। शिक्षा ने उनमें अपनी स्थिति को पुनः प्राप्त करने और सामान्य रूप से अपने लिंग और विशेष रूप से समाज की बेहतरी की दिशा में काम करने की आवश्यकता भी पैदा की। आधुनिक समय के आगमन ने समाज को काफी हद तक बदल दिया। यह परिवर्तन एकल परिवारों के उदय के साथ स्पष्ट हुआ जिसमें बेटे और बेटियों को समान अवसर दिए गए। बेटियों को अब अशिक्षित नहीं रखा गया और उन्हें आगे पढ़ने की इजाजत दी गई। शिक्षा से महिलाओं में उन अधिकारों और विशेषाधिकारों के बारे में जागरूकता आई जो पहले उन्हें नहीं दिए जाते थे। कानून ने भी उनका समर्थन किया और कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त कर दिया गया, साथ ही दहेज प्रथा में शामिल लोगों को कड़ी सजा दी गई। घरेलू और विदेशी मीडिया के प्रभाव ने उन्हें उदारवादी विचार प्राप्त करने में मदद की। उन्हें उन्नत देशों में महिलाओं द्वारा की गई प्रगति का एहसास हुआ। पश्चिम की महिला उद्यमियों की सफलता ने भारतीय महिलाओं को भी प्रभावित किया और उन्हें पराधीनता पर सवाल उठाने की जरूरत महसूस हुई। उदार विचारों और माता-पिता के समर्थन के साथ शिक्षा ने महिलाओं को पुरुष-प्रधान समाज में एक नई पहचान हासिल करने में मदद की। कुल मिलाकर महिलाओं की स्थिति में प्रत्यक्ष परिवर्तन आने लगा। महिलाओं ने श्रम बाजार में प्रवेश करना शुरू कर दिया और उनकी संख्या बढ़ने लगी। उन्होंने वाणिज्य में भी कदम रखा और आज के व्यवसायों का शाब्दिक और आलंकारिक रूप से स्वामित्व लेना और उनका चेहरा बदलना शुरू कर दिया। पिछले दशक में महिलाओं के स्वामित्व वाले व्यवसायों में गतिशील वृद्धि और विस्तार देखा गया है। राजस्व और रोजगार में विस्तार भी संख्या में वृद्धि से कहीं अधिक है। खेल की पुरुष-उन्मुख अवधारणा में भी बदलाव आया। महिलाओं को अब पुरुषों, महिलाओं की मैराथन के साथ लंबी दूरी की स्पधाओं में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई। महिलाओं ने उन क्षेत्रों में भी प्रवेश किया है जो पुरुषों के लिए ही माने जाते थे, जैसे ड्राइविंग, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, वास्तुकला आदि। कल्पना चावला, पी.टी. जैसी महिलाएं। उषा, सानिया मिर्जा, प्रतिभा पाटिल और कई अन्य लोग पारंपरिक रास्ते तोड़ रहे हैं और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आज उनमें भेदभाव से लड़ने के प्रति जागरूकता बढ़ी है। पारंपरिक लैंगिक रूढ़ियाँ जो बताती थीं कि महिलाओं की प्राथमिक सामाजिक भूमिकाएँ पत्नी और माँ थीं, जबकि पुरुषों की भूमिका कमाने वाले की थी, लंबे समय से बदलाव आ रहा है। आज की महिलाएं वैश्विक अर्थव्यवस्था और अपने आसपास के समुदायों में योगदान दे रही हैं। कार्यस्थल पर महिलाओं की उपस्थिति उनके रोजगार और व्यावसायिक वातावरण पर भी जबरदस्त प्रभाव डाल रही है।

## विचार

# महिला सशक्तिकरण के हिमायती थे डा.आम्बेडकर

रमेश सर्राफ धमोरा

**हर वर्ष** 14 अप्रैल को बाबासाहेब डा.भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। बाबासाहेब की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेगें। उनके बनाये संविधान का पालन करेगें। ऐसा कोई काम नहीं करेगें जिससे देश के किसी कानून का उल्लघंन होता हो। चूंकि बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रधांजली देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाये। बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में एक गरीब परिवार मे हुआ था। वो भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले मे स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनको बचपन कष्टों में बिताना पड़ा था। बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षाकवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं। इसका श्रेय किसी एक मनुष्य को जाता है वे हैं डॉ. भीमराव आम्बेडकर। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती। भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग आम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते है। जबकि उन्होने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। मगर देश की गन्दी राजनीति ने उन्हे सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डा.आम्बेडकर का एक और सपना भी था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले भी बनें। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो आम्बेडकर संभवतः पहले अध्येता रहे हैं। जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। आम्बेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल महिला सशक्तिकरण का असली आविष्कार है। इसी कारण आंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आये थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्ज की दवा थी। पर अफसोस यह बिल संसद में पारित नहीं हो पाया और इसी कारण आम्बेडकर ने कानून मंत्री पद का इस्तीफा दे दिया था। स्त्री सरोकारों के प्रति डॉ भीमराव आम्बेडकर का समर्पण किसी जुनून से कम नहीं था। डा.भीमराव आम्बेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओ के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण समाज व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है। शिक्षा में समानता के संदर्भ में आंबेडकर के विचार स्पष्ट थे। उनका मानना था कि यदि हम लडकों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने लग जाए तो प्रगति कर सकते है। शिक्षा पर किसी एक ही वर्ग का अधिकार नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है। नारी शिक्षा पुरुष शिक्षा से भी अधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि पूरी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी नारी है उसे नकारा नहीं जा सकता है।

आम्बेडकर के प्रसिद्ध मूलमंत्र की शुरूआत ही शिक्षित करो से होती है। इस मूलमंत्र की पालना से आज कितनी ही महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# हाईवे को रनवे के रुप में आजमा रही वायु सेना

डॉ0 लक्ष्मी

चीन व पाकिस्तान की समरतांत्रिक चालों में बदलाव के कारण भारत की सामरिक तैयारी यही है कि युद्ध की स्थिति में वह दोनों मोर्चों पर निपट सके। इसके लिए वायु सेना उन हाईवे को रनवे के रुप में आजमा रही है जो युद्ध की स्थिति में काम आ सकें। देष के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से भारतीय वायु सेना लगातार ऐसे कदम उठा रही है। इसी क्रम में भारतीय वायु सेना ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबिहड़ा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राश्ट्रीय राजमार्ग की साढ़े तीन किलोमीटर लम्बी आपातकालीन हवाई पट्टी का रनवे के रुप में इस्तेमाल करते हुए लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानो व हेलीकॉप्टर उतारकर तकरीबन नौ ट्रायल परीक्षण किए। ये परीक्षण दो अप्रैल 2024 को अलसुबह 03.45 बजे से लेकर 04.30 बजे के बीच सूरज उगने से पहले सम्पन्न किए गए। इन परीक्षणों के समय सड़क यातायात को वैकल्पिक रास्तों की ओर मोड़ दिया गया था और हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया था। जम्मू-कश्मीर में इस तरह का यह पहला अभ्यास था। भोर के वक्त पसरे सन्नाटे को चिनूक हेलीकॉप्टर, एमआई-17 हेलीकॉप्टर एवं एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर की गर्जनाओं ने भंग कर दिया। इन सभी श्रेणी के पांच हेलीकॉप्टर जम्मू-श्रीनगर राश्ट्रीय राजमार्ग की आपातकालीन हवाई पट्टी पर उतरे और कुछ समय बाद आसमान में उड़ गए। थोड़ी देर बाद वे पुनः रनवे के उपर मंडराने लगे। देखते ही देखते हवा में रहते हुए इनमें सवार सैनिक नीचे उतर आए। इसी बीच एक हेलीकॉप्टर से रस्सियों की मदद से सैनिक साजो-सामान नीचे सड़क पर उतारा गया। इसके बाद बिना देर किए एक अन्य हेलीकॉप्टर ने इस सामान को उपर खींच लिया और साजो-सामान को उपर ले गया। इस तरह वायु सेना ने आपातकालीन परिस्थितियों या यूं कहिए कि पाक या चीन से लड़ाई के समय षत्रु से निपटने की अपनी सैन्य तैयारियों का ऑकलन किया। रनवे पर लैंडिंग व अन्य तैयारियों के इन ट्रायल परीक्षणों में तकरीबन ढाई घण्टे का समय लगा।

# दिल्ली शराब घोटाले में केजरीवाल की भूमिका

रोहित माहेश्वरी

**दिल्ली आ**बकारी नीति घोटाला आम आदमी पार्टी यानी आप के लिए गले की फांस बन गया है। इस मामले में अब तक अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया संजय सिंह और के कविता गिरफ्तार हो चुके हैं। जहां ईडी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से मामले की जांच कर रही है। वहीं सीबीआई भी मामले से जुड़ी हुई है। जांच एजेंसियों का आरोप है कि आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितता की गई थी और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया था। इसमें लाइसेंस शुल्क माफ या कम किया गया था। इस नीति से सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। आप का आरोप है कि भाजपा जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। आप केजरीवाल की गिरफ्तारी का भी गैरकानूनी और साजिश बता रही है। बीते दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड को वैध और न्यायसंगत करार दिया है। केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को अदालत ने तब करारा झटका दिया, जब उसने शराब नीति और कथित घोटाले में दोनों की संलिप्तता भी मानी। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के साक्ष्यों और दस्तावेजों के सौजन्य से कहा कि केजरीवाल साजिश में शामिल थे। उन्होंने आप के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर घूस भी मांगी थी। रिश्वत का पैसा गोवा चुनाव में खर्च किया गया। उसकी मनी ट्रेल भी साफ है। कानून की दृष्टि से मुख्यमंत्री को कोई विशेषाधिकार नहीं है कि उनकी गिरफ्तारी चुनाव के समय पर न की जाती। ईडी ने जो सामग्री, तथ्य, ई-मेल और व्हाट्सएप चैट के ब्योरे अदालत के सामने रखे हैं, वे सही और पर्याप्त हैं। जांच एजेंसी ने सबूतों के आधार पर गिरफ्तारी की है। केजरीवाल गवाहों से क्रॉस कर सकते हैं। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने गंभीरता से यह टिप्पणी की है कि सरकारी गवाहों पर उंगली उठाना अदालत और न्यायाधीश पर आक्षेप लगाना है। अदालत का सरोकार संवैधानिक नैतिकता के प्रति है। अदालत पर कोई राजनीतिक प्रभाव नहीं होता और न ही उसे चुनाव के समय, चुनावी टिकट और चुनावी बॉन्ड से कोई लेना-देना है।

## न्यूज फ्लैश

### संत हैं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल , मैं उनको सलाम करता हू : जगबीर जोगनाखेड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** भारतीय जनता पार्टी के नेता जगबीर जोगनाखेड़ा ने आज अपने कार्यालय में लोकसभा चुनाव को पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता की जिसमें सबसे पहले उन्होंने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय मनोहर लाल जिन्होंने अपना सर्वस्व समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पित कर दिया वह काबिले तारीफ है। वह वास्तव में एक सच्चे संत है जिनको मैं हृदय की गहराई से सेल्यूट करता हूं। उन्होंने लोकसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए कहां की हरियाणा प्रदेश में 10 की 10 सीटों पर कमल खिलेगा। जनता को मोदी और मनोहर की गारंटी पर पूर्ण विश्वास है। प्रधानमंत्री मोदी ने जो 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित देश बनाने का जो सपना देखा है उसे देश और प्रदेश की जनता अवश्य साकार करेगी ।उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के कुछ लोग झूठे वीडियो चलाकर भाजपा प्रत्याशियों को बदनाम करने में जुटे हुए हैं जिसकी हम जमकर निंदा करते हैं। ऐसे शरारती लोग किसानों को बदनाम कर रहे हैं जबकि प्रदेश का किसान भाजपा के साथ है। जोगनाखेड़ा ने कहा कि सिरसा से अशोक तंवर को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सिरसा से अशोक तंवर और कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से विजयी होंगे । उन्होंने आम आदमी पार्टी के विषय में कहा कि कुरुक्षेत्र में आम आदमी पार्टी को कुछ भी हासिल होने वाला नहीं क्योंकि कांग्रेस के लोग आम आदमी पार्टी के साथ खड़े होकर दिखावा मात्र कर रहे हैं। उन्होंने हंसते हुए कहा कि जिसके दोस्त कांग्रेसी हैं उनको दुश्मनों की जरूरत नहीं , इसलिए कांग्रेस ही आमआदमी पार्टी के प्रत्याशी को हारने के लिए काफी है। पत्रकारों के पूछने पर जगबीर जोगनाखेड़ा ने कहा कि हम सिरसा में अशोक तंवर के लिए और कुरुक्षेत्र में नवीन जिंदल के लिए लोकसभा का चुनाव जी जान से लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकसभा की 10 की 10 सीटों पर कमल खिलाने के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जी जान से जुटा हुआ है। सभी जगह है जनता जनार्दन का पूर्ण सहयोग और समर्थन मिल रहा है।

### बिजली कर्मचारी यूनियन केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ छेड़ेगी जन आंदोलन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा:**
आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर युनियन के नवनिर्वाचित चेयरमैन देवेन्द्र हूडा,प्रधान सुरेश राठी व प्रैस प्रवक्ता सोमपाल रावल ने किसान संगठनों, मजदूर संगठनो, जन संगठनों और हिसार के कर्मचारियों व जनता का हाल ही में आयोजित 16 वें त्रिवार्षिक सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आभार जताते हुए प्रदेश सरकार की कर्मचारी व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाने का आह्वान किया है। प्रेस को जारी संयुक्त विज्ञप्ति में यूनियन के तीनों नेताओं ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा बिजली क्षेत्र को निजी हाथों में सोपा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार अपने बिजली पावर प्लांट लगाने की बजाय अदानी व अंबानी से महंगे रेट पर बिजली खरीद कर जनता को मंहगी बेची जा रही है। यूनियन नेताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि सरकार कौशल रोजगार निगम के तहत प्रदेश में कच्चे कर्मचारियों की फौज लगातार बढ़ा रही है। पिछले 10 वर्षों में कर्मचारियों को पक्का करने की कोई भी नीति नहीं बनाई गई। केंद्र व प्रदेश सरकार पुरानी पेंशन नीति लागू करने से पूर्णता मना कर चुकी है जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है।

# बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्मदिवस प्रेरणा दिवस है: सचदेवा

**प्रेरणा**

8 प्रत्येक सदस्य ने कितनी दूरदर्शिता से कम लिया और उनका विजन कितना बड़ा और व्यापक था

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** भारतीय जनता पार्टी लीगल सेल के अध्यक्ष श्री राज महक राणा की अध्यक्षता में जिला बार संघ में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जन्म दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी अंबाला के लोकसभा संयोजक लीगल प्रकोष्ठ संदीप सचदेवा-एडवोकेट रहे। इस अवसर पर बोलते हुए श्री सचदेवा ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सबके लिए एक प्रेरणा के समान है की किस प्रकार देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं को समझते हुए देश के भविष्य को देखते हुए और हजारों साल की गुलामी के कारण जो मानसिकता भारत के लोगों की थी उसके भाव को समझते हुए संविधान सभा ने एक अद्भुत नायाब



और देश को आगे लेकर जाने वाले संविधान की रचना की !!
वह अपने आप में यह बयान करता है कि संविधान सभा के प्रत्येक सदस्य ने कितनी दूरदर्शिता से कम लिया और उनका विजन कितना बड़ा और व्यापक था !बाबा साहब को केवल एक जाति विशेष से बांधना प्रत्येक भारतवासी के लिए एक प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है क्योंकि बाबा साहब और उनके साथियों ने जिस संविधान की रचना की उसी संविधान के बल पर ही आज हम सब लोग खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं अपनी बातों को अभिव्यक्त कर पा रहे हैं और अपने देश को आगे बढ़ता हुआ देख पा रहे हैं और उसमें अपना योगदान दे पा रहे हैं!! इस अवसर पर प्रधान राज महक ने कहा कि हमें बाबा साहब के जीवन की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारते हुए सबको साथ लेकर आगे बढ़ाने की जरूरत है और आज संविधान की वजह से ही देश इतना मजबूत हुआ है और इस संविधान के कारण ही लोगों को भारत में नहीं अपितु पूरे विश्व में जाना और पहचाने जाने लगा है इस अवसर पर कार्यक्रम में बहुत से अधिक वक्ताओं ने उपस्थिति दर्ज कराई और इस कार्यक्रम को मनाए जाने के लिए लीगल सेल अंबाला को बहुत-बहुत बधाइयां दी !
इस बैठक में पूर्व जिला संयोजक दीपक शर्मा ,अर्जुन त्यागी, दिलबाग सिंह दानीपुर,जितेंद्र कुमार सैनी ,मोहित शर्मा, निश्चल गोद, रवि रावल, महेश कौशिक ,अरविंद गौड,अमित कुमारगोला, मनीषकुमार, भूपेंद्र सिंह सैनी, पंकज बिंदल ,कमल सैनी, यशवीर सिंह, मनोज कुमार ,अनुपम शर्मा ,पवन कुमार, ललित शर्मा ,सुशील कुमार, विवेक सचदेवा ,गरिमा शर्मा ,संजीव मारकंडे ,गुरजीत सिंह सैनी ,संदीप कश्यप, वरुण कुमार सिंगला, कुलदीप कुमार सैनी, अमरजोत,दर्शन कुमार, दीपक कुमार,अर्जुन सिंह, जगदीप मलिक, सागर राणा, कमल सिंगला, चंद्रदीप बिंद्रा, आशुतोष गुप्ता, केशव शर्मा,मोहित मौदगिल,.नोट शर्मा,गोपाल कृष्ण गुप्ता मौजूद रहे।

## लोगों को जागरूक करने में जुटी बराड़ा की तनु-हिमानी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला अम्बाला के बराडा की रहने वाली एसएमएस स्कूल की बारहवी कक्षा की छात्रा तनु सबरवाल व पीएससी जैन स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा हिमानी सबरवाल द्वारा आने वाले लोकसभा चुनावों में वोट डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है। दोनों बहने पिछले नौ वर्षों से विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए हुए है जिसके लिए उन्हें कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में दोनों बहनों द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियानों के सार्थकता परिणाम भी सामने आ रहे है। तनु सबरवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव आने वाले है लोग अधिक से अधिक मतदान करें इसी को लेकर वह व उसकी छोटी बहन हिमानी लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूल जाते समय हाथों में पोस्टर लेकर लोगों को जागरूक करने में जुटे हुए है। दोनों

**वोट जरूर डालें**

8 हिमानी सबरवाल द्वारा आने वाले लोकसभा चुनावों में वोट डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है

बहने जब सडक पर मतदाता जागरूकता लिखे सलोगन छोडो अपने सारे काम पहले चलो करे मतदान और युवा हो तुम देश की शान जागो उठो करे मतदान लिखे सलोगन लेकर स्कूल जाती है तो रास्ते में आने जाने वाले लोगो से भी कहती है कि वह वोट जरूर डाले। उन्होंने कहा कि हम चाहते है कि देश में मतदान प्रतिशत में बढोतरी हो तथा लोग मतदान के लिए अपना वोट आवश्य डालें वही हिमानी सबरवाल ने बताया कि चुनावों में लाग उत्साह के साथ वोट डाले और ऐसी सरकार का निर्माण करें।

## मोक्ष वृद्धाश्रम में नवरात्रों पर पूजा व हवन का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** बुजुर्गों की सेवा व संभाल में विशेष भूमिका निभाने वाले मोक्ष वृद्धाश्रम में नवरात्रों पर विशेष पूजा-अर्चना व हवन का आयोजन किया गया। बुजुर्गों ने माता के दरबार में हाजिरी लगाकर आराधना की और जनकल्याण के निमित हवन-यज्ञ में हिस्सा लिया। बुजुर्गों ने आराधना व हवन करते हुए सभी के सुखद जीवन व स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान मोक्ष वृद्धाश्रम का पूरा परिसर जय माता दी के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया कि आश्रम में समय-समय पर विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में बुजुर्ग बढ़-चढकर हिस्सा लेते हैं। इसी भांति विशेष दिवस, उत्सव व त्योहार भी धूमधाम से मनाए जाते हैं। इन आयोजनों में सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक व साहित्यिक संस्थाओं के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी भागीदारी करते हैं।

## लेन ड्राईविंग नियमों की उल्लघंन करने पर भारी वाहनों के किये चालान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 11 अप्रैल 2024 को 35 भारी वाहनों के चालान किए और अब



तक बीते 654 दिनों में 31,210 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निर्देशों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए आज दिनांक 11 अप्रैल 2024 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 35 भारी वाहनों के चालान किए।

## कॉलेज में मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए लगाया हेल्प डेस्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भगवान परशु राम कॉलेज कुरुक्षेत्र की मतदान जागरुकता क्लब द्वारा मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए हेल्प डेस्क लगाया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो शीशपाल शर्मा ने कहा कि सभी अठारह वर्ष के पात्र विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर है कि उनका कॉलेज में मतदाता पहचान पत्र बनाया जा रहा है साथ ही साथ यह भी अपील की जिन विद्यार्थियों को आप



जानते हैं और उनका मतदाता पहचान पत्र नहीं बना हुआ उनको भी जरूर लेकर आएं। चुनाव नोडल अधिकारी डॉ सुभाष शर्मा ने कहा कि जो विद्यार्थी 18 साल की आयु पूरी कर चुके है उनको अपना मतदाता पहचान

**वोट का अधिकार**

8 कॉलेज प्राचार्य प्रो शीशपाल शर्मा ने कहा कि सभी अठारह वर्ष के पात्र विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर है

पत्र अवश्य बनवाना चाहिए इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में से किसी भी मोड़ का चुनाव किया जा सकता है इसके लिए परिवार के किसी भी सदस्य का मतदाता पहचान पत्र विद्यार्थी के पास होना अनिवार्य है ताकि उसकी वोट उसके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ही वोटर लिस्ट में आ जाए।छात्रो को नागरिक मतदाता ली'स्त्र'ल्ली ल्लङ्क. 1950 के बारे मे भी जानकारी प्रदान की गई अब कोई भी नागरिक देश के किसी भी भाग से हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा मे मतदान सम्बधिं निःशुल्क प्रश्न पूछ सकता हैअथवा अपनी मतदान सम्बन्धी शिकायत दर्ज कर सकता है।

## बाढ़ बचाव प्रशिक्षण शिविर का 15 से 20 अप्रैल तक होगा आयोजन: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग चंडीगढ़ के आदेशानुसार पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी 15 से 20 अप्रैल 2024 तक ब्रह्मसरोवर पर बाढ़ बचाव प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षणार्थियों को बाढ़ बचाव से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त शांतनु शर्मा ने दी है।
उन्होंने कहा कि बाढ़ बचाव प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों के



साथ-साथ अन्य गणमान्य लोगों के लिए अच्छी गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध करवाया जाएगा। यह भोजन 15 अप्रैल से 20 अप्रैल तक दिया जाएगा। इस व्यवस्था के लिए विभिन्न पार्टियों से निविदाएं

**प्रशिक्षण**

8 प्रशिक्षणार्थियों को दिया जाएगा अच्छी गुणवत्ता का भोजन, आमंत्रित की गई निविदाएं

आमंत्रित की गई है। इसके लिए 12 अप्रैल तक टेंडर भरा जा सकता है। इसके लिए पार्टी को 50 हजार रुपए प्रतिभूति के रूप में जमा करवाना होगा।
इसके लिए डीआरओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## कुवि के 06 शोधार्थी पीएचडी उपाधि के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 06 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुवि के लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में यूआईईटी बायोटेक्नोलॉजी से विवेक सिंह, संगीत से उषा व सृष्टि निरवान, केमिस्ट्री से विकास, अर्थशास्त्र से नेहा यादव व मनोविज्ञान विभाग से संतोष देवी शामिल हैं।

## उमरी में यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** जिला यातायात पुलिस व आरटीए विभाग द्वारा संयुक्त कार्यक्रम के तहत यातायात नियमों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाऐ जा रहे हैं। इसी कडी में शुक्रवार को राजकीय सीनियर सैकेन्ड्री स्कूल उमरी में सेमिनार आयोजित कर ट्रैफिक पुलिस कोर्डिनेटर उप निरीक्षक रोशन लाल व आरटीए विभाग के निरिक्षक जोगिन्द्र ढुल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आरटीए विभाग के निरिक्षक जोगिन्द्र ढुल ने कहा कि सडक हादसों पर अंकुश लगाने के लिए यातायात



नियमों की पालन जरूरी है। उप निरीक्षक ने कहा कि भारत वर्ष में सडक दुर्घटनाओं के आंकडे बहुत ज्यादा हैं। इन आंकडों को कम करने के लिए यातायात नियमों की पालना करना आवश्यक है। हमें यातायात नियमों की पालना चालान के डर से नहीं बल्कि जागरुकता के साथ करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि इस दौर में सिर्फ जानकारी और सावधानी से ही बचा जा सकता है।द्यार्थियों को साइबर अपराध बारे संबोधित करते हुए उप निरीक्षक रोशन लाल ने कहा कि ऑनलाईन होने वाले फ्रॉड से बचने के लिये जानकारी और

**अवगत कराया**

8 विद्यार्थियों को कहा कि इस दौर में सिर्फ जानकारी और सावधानी से ही बचा जा सकता है।

सावधानी बहुत जरुरी है। किसी भी प्रकार की साईबर ठगी होने पर साईबर हैल्पलाईन नम्बर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाऐं । इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसीपल सुषमा शर्मा स्कूल स्टाफ राजेश कुमार, सुनीता सागवाल, उप निरीक्षक शेर सिंह व अन्य स्टाफ के साथ काफी संख्या में स्कूली विद्यार्थी मौजूद रहे।

## 'युवा अपना वोट बनवाएं और दूसरों को भी बताएं वोट का महत्व'

### जला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह शामिल हुए और संस्थान के विद्यार्थियों को मतदान के महत्व को लेकर जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता) अभियान के अंतर्गत होटल मैनेजमेंट संस्थान ज्योतिसर कुरुक्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह शामिल हुए और संस्थान के विद्यार्थियों को मतदान के महत्व को लेकर जागरूक किया। डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को चुनाव आयोग द्वारा लॉन्च की गई मतदाता हेल्पलाइन एप के जरिए वोट बनवाने सहित मतदान के प्रति प्रेरित करते हुए



कहा कि चुनाव आयोग द्वारा सी-विजिल, केवाईसी आदि कई एप लॉन्च की गई है जो स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से चुनाव करवाने के उद्देश्य से की गई है। एक जनवरी 2024 को जिन युवाओं की उम्र 18 वर्ष पूरी हो चुकी है वह 26 अप्रैल तक वोट बनवा कर 25 मई

**जागरूक किया**

8 कई एप लॉन्च की गई है जो स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से चुनाव करवाने के उद्देश्य से की गई है

को लोकसभा चुनाव में भागीदार बन सकते हैं। वोट बनवाने के लिए चुनाव आयोग की वेबसाइट ईसीआई.जीओवी.इन व वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ-साथ अपने बीएलओ, जिला निर्वाचन विभाग के कार्यालय में ऑफलाइन मोड से भी वोट के लिए आवेदन कर सकते हैं।उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा लोकतंत्र, निर्वाचन आयोग, मतदान और मतदाताओं के अधिकार से संबंधित सवालों के जवाब भी दिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं को अपने पसंद की सरकार चुनने का अधिकार है। उन्होंने विद्यार्थियों को भी इस अभियान में जुड़ने के लिए प्रेरित किया व विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह जागरूक नागरिक की भूमिका निभाते हुए अपने घर, परिवार व आसपास के क्षेत्र में भी लोगों को मतदान को लेकर जागरूक करें। मतदान व वोट से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए वे टोल फ्री नंबर 1950 को भी डायल कर सकते है।

## किड्जी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में बैसाखी का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** किड्जी,किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर -3, कुरुक्षेत्र में बैसाखी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बैसाखी का पर्व प्रत्येक वर्ष सिखों द्वारा नव वर्ष के रूप में और रबी की फसल के आगमन पर मनाया जाता है ।इस अवसर पर स्कूल की एकेडमिक इंचार्ज मेघा , कोऑर्डिनेटर सुनीता अरोड़ा, बठला, ज्योति खनेजा, एच.आर पूजा मैम तथा अन्य शिक्षक एवं स्टाफ भी शामिल हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम हुआ ।विद्यालय का प्रांगण



फसल के मौसम को दशार्ते हुए सजाया गया। ढोल की थाप और पंजाबी लोक संगीत ने जोश और बढ़ा दिया। सभी विद्यार्थी रंग-बिरंगे पंजाबी पारंपरिक वेश भूषा में सजे हुए थे। छोटी-छोटी छात्राएं फुलकारी ओढ़े हुए बहुत ही मनमोहक लग रही थी ।विद्यार्थियों द्वारा पंजाब की संस्कृति को दशार्ने वाला रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।
जिसमें गिद्दा मुख्य आकर्षण रहा।गीत, नृत्य और भाषण पर विद्यार्थियों ने विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया।

# इनसो ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

= पुराने बस अड्डे से बसें ना मिलने से छात्र परेशान- देशवाल, छात्रों की पुराने बस स्टैण्ड से बसों की समस्या ज्यों की त्यों- देशवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः** छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑगेर्नाईजेशन (इनसो) ने छात्र छात्राओं की पुराने बस स्टैण्ड पर रोड़वेज बसों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार विरेंद्र गिल को ज्ञापन सौंपा
इनसो जिला प्रधान बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार ने बताया की इनसो लोकल बसों का संचालन पुराने बस स्टैण्ड पानीपत से करवाने की मांग को लेकर लगातार जिला प्रशासन और रोडवेज विभाग के छोटे से लेकर बड़े अधिकारियों को ज्ञापन सौप चुकी है लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी का ध्यान इस समस्या पर नहीं गया और समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है और कॉलेज के छात्र छात्राओं को अपने अपने शिक्षण संस्थानों और



विभिन्न कॉलेजो में पहुंचने के लिए काफी परेशनीयो का सामना करना पड़ रहा है छात्र समय पर कॉलेजों में नहीं पहुंच पा रहे और सुबह श्याम छुट्टी के समय कई कई घंटे नए बस स्टैण्ड सिवाह और पुराने बस स्टैण्ड पर छात्र छात्राएं बसों का इंतजार करते रहते है लेकिन उन्हें बसे नहीं मिलती वो समय पर अपने घर नहीं पहुंच पा रहे और छात्रों को अतिरिक्त पैसे देकर प्राईवेट साधनों में सफर करके कॉलेज तक जाना पड़ रहा है

**हजारों छात्र परेशान**

इनसो छात्र नेताओ ने बताया की पानीपत की आर्य कॉलेज, आईबी कॉलेज, एसडी कॉलेज समेत विभिन्न काफी कॉलेजों के छात्र छात्राओं को पुराने बस स्टैण्ड पर बसे नहीं मिल रही जिससे छात्र बहुत ज्यादा परेशान है छात्रों को

**मांग**

8 अपने शिक्षण संस्थानों और विभिन्न कॉलेजो में पहुंचने के लिए काफी परेशनीयो का सामना करना पड़ रहा

सुबह श्याम छुट्टी के समय हजारों की संख्या में छात्र बसो के इंतजार मै पुराने बस स्टैण्ड के गेट पर और पुल के नीचे बसों का इंतजार करते रहते है लेकिन कई कई घंटे खड़े होने के बाद भी बसे नहीं मिल पा रही
इनसो छात्र नेताओ ने बताया की छात्र संगठन इनसो इस मुद्दे को लेकर लगभग रोडवेज अधिकरियों समेत जिला प्रशासन के अफसरो से मिल चुका है लेकिन किसी ने अभी तक हल नहीं करवाया प्रत्येक अफसर की तरफ से सिर्फ आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला

***अब अगले सप्ताह इनसो करेगी प्रदर्शन***

इनसो छात्र नेताओ ने बताया इनसो लगातार इस मुद्दे पर लगातार प्रयासरत है की छात्रों को पहले की तरह पुराने बस स्टैण्ड से बसे मिले

***लास्ट दिया ज्ञापन***

इनसो ने आज आखरी ज्ञापन छात्र छात्राओं की इस समस्या को लेकर तहसीलदार विरेंद्र गिल को जिला उपायुक्त के नाम ज्ञापन सोपा हे ताकि प्रदर्शन करने से पहले जिला प्रशासन इस समस्या का हल करवा सके इस अवसर पर संदीप गुज्जर, युवराज सिंह, नितिन , रोहित कुमार, अमन शर्मा आदि छात्र मौजूद थे

## न्यूज फ्लैश

### आर्य समाज आट्टा का वैदिक सत्संग 14 को

**समालखा:** आर्य समाज आट्टा का वैदिक मासिक सत्संग 14 अप्रैल को गांव मे आट्टा, किया जाएगा ' इसकी जानकारी देते हुए आर्य समाज आट्टा के प्रधान नायब आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्संग को भजनोंपदेशिका बहन संगीता आर्य सोंबित करेंगी ' आर्य समाज ने इस सत्संग में ज्यादा से ज्यादा सख्या मे भाग लेने की अपील की है '

### नवरात्रों में यूरोप में भी श्री गणेश जी भगवान के मंदिर में होती है पूजा अर्चना: डॉ नवीन नैन



**पानीपत:** अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अध्यक्ष प्रवेश के साथ यूरोप में पेरिस के अन्दर भगवान श्री गणेश जी महाराज के सुप्रसिद्ध मंदिर में जाकर हिन्दू धर्म व शास्त्रों के अनुसार नवरात्रों में सर्वप्रथम पूजा के अनुसार भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना की। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि हम अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के तहत विश्व स्तर पर सभी मंदिरों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर साथ जोड़ रहे है ताकि सभी मंदिरों के इतिहास को आने वाली पीढ़ी तक अच्छे तरीके से पहुँचा सके। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी भालसी ने बताया कि यहाँ पेरिस में भी विदेशी जमीन पर सर्वप्रथम नवरात्रों में भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना कर सभी भगवानों की पूजा की जाती है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी भालसी ने बताया कि यहाँ पर भगवान श्री गणेश जी के मंदिर में श्री लंका से पूजारी ने सभी वेद-शास्त्रों के अनुसार हमारी भी भगवान की शरण में पूजा अर्चना करवाई।

### सबसे पहले मतदान, फिर जलपान: गौरव रामकरण



**पानीपत:** उपायुक्त एवं जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत जी. टी. रोड़ स्थित रेडक्रॉस भवन में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।
रैडक्रॉस सचिव गौरव रामकरण ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान दिवस के दिन सबसे पहले मतदान फिर जलपान स्लोगन के तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने सभी को लोकतांत्रित मयार्दाओं को बनाए रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा व अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना वोट डालने हेतु व मताधिकार के प्रयोग के लिए शपथ दिलाई गई। साथ ही मतदान करने के लिए दिव्यांग जनों की स्वेच्छिक सहायता एवं उन्हें मतदान केंद्रों तक पहुचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोग मतदान दिवस पर सबसे पहले वोट डाल कर आएं और बाद में अन्य काम करें क्योंकि यह कार्य सबसे जरूरी है। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चंद, रक्त बैंक इंचार्ज डॉ पूजा सिंघल, रैडक्रॉस आरसीआईटी निर्देशक सोनू सिंह, वन स्टॉप सेंटर सहायक सुनील कुमार व प्रवक्ता कला बाई भारद्वाज मौजूद रहे।

# न्यायिक परिसर कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई को

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**
**नारनौल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद के निदेर्शानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के मार्गदर्शन में आगामी 11 मई को न्यायिक परिसर नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता ने बताया कि 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का

**लोक अदालत**

8 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अपना केस का निपटारा करवाएं

आयोजन किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक लोग केस लगवाकर अपना केस का निपटारा करवाएं। उन्होंने बताया कि यदि आपका कोई विवाद कोर्ट में लंबित है या फिर कोई विवाद अभी कोर्ट में पहुंचा ही नहीं है और उसे आप आपसी समझौते से निपटना चाहते हैं

# शेखर यादव ने श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** भगवान श्री राम धर्म के मार्ग पर चलते हुए श्रेष्ठ आचरण के कीर्तिमान स्थापित किए जिसकी वजह से वे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कहलाए। इसलिए मनुष्य को सदैव धर्म के मार्ग पर चलते हुए मयार्दा का पालन करते हुए सर्व समाज की भलाई के लिए कार्य करना चाहिए। यह बात भाजयुमो जिलाध्यक्ष शेखर यादव ने हलके के गांव कसार में समस्त ग्राम वासियों द्वारा आयोजित संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ समारोह शिरकत कर मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। कसार गांव में ब्राह्मणों वाले जोहड़ के पास स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 9



अप्रैल से 17 अप्रैल तक संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसने कथावाचक अपने मुखारविंद से भगवान श्री राम की कथा श्रद्धालुओं को सुना रहे हैं। कथा ज्ञान में पहुंचे भाजयुमो जिलाध्यक्ष शेखर यादव ने भगवान श्री राम की पूजा अर्चना की व कथा व्यास महंत गीताराम महाराज से आशीर्वाद लिया। आयोजन कमेटी के सदस्यों ने पटका पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर जिलाध्यक्ष शेखर यादव का स्वागत व सम्मान किया। जिलाध्यक्ष शेखर यादव ने कथा में मौजूद श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि जीवन के लिए धर्म श्रवण बहुत जरूरी होता है। जिन लोगों ने अपने जीवन में धर्म का श्रवण किया हो ऐसे लोग जीवन के उद्देश्य को साकार कर देते है। वहीं जो मनुष्य अपने जीवन काल में धर्म का श्रवण नहीं करते ऐसे लोग अपने इस अनमोल जीवन को अपने ही हाथों से खत्म कर लेते हैं। शेखर यादव ने कहा कि धर्म के बिना उस मानव का जीवन व्यर्थ हो जाता है जो अपने जीवन में धर्म श्रवण नहीं करता। धर्म केवल जीते जी किया जा सकता है मरणोपरांत नहीं क्योंकि इस जीवन का कोई भरोसा नहीं है, यह जीवन पानी की एक बूंद के समान है कब मिट जाए कुछ नहीं पता।

# भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल 18 को सिवाह में करेंगे जनसभा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः लोकसभा** चुनाव 2024 के दृष्टिगत जिला के गांव सिवाह में 18 अप्रैल को एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को गाँव सिवाह में भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट की अध्यक्षता में एक बैठक की गई इस बैठक में हरियाणा के विकास एवं पंचायत और सहकारिता राज्य मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे ग्राम पंचायत सिवाह की सरपंच सुनीता कादियान ने सभी का स्वागत किया और आर्य बाल भारती के प्रधान रणदीप कादियान ने



सभी का आभार व्यक्त किया` बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि आगामी 18 अप्रैल को गांव सिवाह में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी मनोहर लाल एक जनसभा को संबोधित करेंगे इस सभा में अधिक से अधिक लोगों को परिवार सहित आमंत्रित किया जाना है इसके लिए अभी से पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता जनसंपर्क में जुट जाएं` उन्होंने कहा कि भाजपा के पिछले लगभग 10 वर्ष के शासनकाल में देश में खुशहाली आई है वहीँ विकास कार्यों के कीर्तिमान भी स्थापित हुए हैं` पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन कर दृढ इच्छा शक्ति का पालन करते हुए सभी कार्य ऑनलाइन और पूरी पारदर्शिता तथा सुशासन के साथ किए हैं जिससे प्रदेश के आम आदमी को विशेष लाभ मिला है यही नहीं प्रदेश में लगभग 1 लाख 40 हजार नवयुवकों को छोटी-बड़ी सभी प्रकार की नौकरी बिना पर्ची बिना खर्ची के मिली है` डिजिटलीकरण आज विकास का वाहक बन गया है ` भारत का डिजिटलीकरण वैश्विक मंच पर भी अनोखी छाप छोड़ रहा है` इसके अलावा हर गांव में गरीब से गरीब बच्चों को उच्च पद पर पहुंचने का अवसर मिला है ।

**बैठक**

8 शुक्रवार को गाँव सिवाह में भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट की अध्यक्षता में एक बैठक की गई

# दुर्घटनाग्रस्त स्कूल बस के कारणों का पता लगाने के लिए कमेटी गठित

**टीम एक्शन इंडिया / नारनौल**
**गत** दिवस उन्हाणी के पास जीएल पब्लिक स्कूल कनीना की एक स्कूल दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इसकी जांच के लिए अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है।उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने आदेश पारित कर अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में उपमंडल मजिस्ट्रेट कनीना, उप पुलिस अधीक्षक कनीना व जिला शिक्षा अधिकारी की समिति गठित की है।
यह समिति दुर्घटना में हुई छह छात्रों की मृत्यु व घायल हुए छात्रों के घटना के कारणों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच करेगी।

# डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में बैसाखी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया

**धूमधाम से**

8 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आठवीं कक्षा की छात्रा केजिया ने बैसाखी त्योहार का छात्रों से परिचय करवाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**
डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल समालखा में बैसाखी का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दयानंद हाउस इंचार्ज मीनाक्षी सेतिया तथा मीनाक्षी चोपड़ा के नेतृत्व में



बैसाखी त्योहार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आठवीं कक्षा की छात्रा केजिया ने बैसाखी त्योहार का छात्रों से परिचय करवाया इसके पश्चात दसवीं कक्षा की छात्रा वंशिका अवनी तथा दीप शिखा और अभय ने हिंदी तथा अंग्रेजी में बैसाखी के त्यौहार के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किया इसके पश्चात दूसरी कक्षा की अदिति ने बैसाखी पर कविता पाठ किया। इसके बाद आठवीं कक्षा की छात्रा अक्षमां शेफाली भूमिका सुनैना पीहू रिद्धि परी वंशिका किंजल मानसी और अभिषेक ने सामूहिक नृत्य किया । भांगड़ा नृत्य देखकर सभी मंत्र मुग्ध से हो गए। पहली कक्षा से पांचवी कक्षा के छात्रों ने विद्यालय परिसर में पतंग उड़ाकर पतंगबाजी का आनंद लिया।

# मतदान के दिन रहेगा पेड होली डे- डीसी

**पानीपतः** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि राज्य सरकार ने 18वीं लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर सरकार ने पड़ोसी राज्यों के मतदाता जो राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों में कार्यरत है, को वोट डालने के लिए पेड होली डे देने की घोषणा की है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार पड़ोसी राज्यों के मूल निवासी जो हरियाणा सरकार के कार्यालयों, बोर्डों, निगमों के अलावा शैक्षणिक संस्थान, विभिन्न कारखाने, दुकानें, वाणिज्यिक और निजी प्रतिष्ठानों में काम करते हैं।

# अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने इंडियनऑयल पानीपत एससी/एसटी इम्प्लाईज वेलफेयर एसोसिऐशन के सहयोग से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत के संरक्षण में दिनांक 11.04.2024 को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उदघाटन तरुण कुमार बिसई, मुख्य-महाप्रबंधक ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कम्युनिटी सेंटर में किया गया। इस अवसर पर डॉ एम के देवलाल मुख्य-महाप्रबंधक व उनकी टीम, रेड क्रॉस सोसाइटी से डॉ पूजा, बीटीओ इंचार्ज, आईपीसेवा के प्रधान श्री



राजेश कुमार व उनकी टीम तथा पीआरपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने संबोधन में तरुण बिसई ने कहा कि रक्तदान महादान है क्योंकि यह एक जीवन रक्षक उपहार की तरह लोगों की जान बचाने का परोपकारी कार्य है। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए जोर देकर कहा कि रक्तदान करने से कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार के लाभ होते हैं। अतः हम सभी को निसंकोच बार-बार रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

रक्तदान करने से न केवल हम दूसरों की जान बचाने में मदद करते हैं बल्कि यह रक्तदाता के स्वयं की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है तथा हमारी शारीरिक एवं मानसिक सेहत को बेहतर करता है। इस अवसर पर डॉ एम के देवलाल, राजेश कुमार तथा मुकेश कुमार सचिव ने भी रक्तदान के महत्व पर अपने प्रेरक विचार रखे। प्रीति चोपड़ा, महाप्रबंधक ने भी रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में पानीपत रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स के कर्मचारियों, उनके परिजनो व ठेका कर्मचारियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया व रिकार्ड 105 यूनिट रक्तदान किया । एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने सभी संबंधितों, विशेषकर आईपीसेवा टीम के सभी प्रतिनिधियों का इस नेक,
परोपकारी तथा नोबेल कार्य के सफल आयोजन में निष्ठावान सहयोग हेतु भूरी भूरी प्रशंसा की व सभी रक्तदान करने वालों की खुले मन से सराहना की। इसके अलावा उन्होंने इस प्रकार के जन हित के कार्य करते रहने के लिए प्रेरित भी किया ।

# हर्बल बॉटनिकल गार्डन मुहिम ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत ने करनाल पहुंचाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः** पानीपत के ग्रीनमैन से विख्यात देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में सहायक प्रोफेसर इतिहास के पद कार्यरत दलजीत कुमार ने राजकीय महाविद्यालय घरौंडा, करनाल में हर्बल बॉटनिकल गार्डन व ऑक्सीजन पार्क का निर्माण किया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि पानीपत में नौ और पंचकूला में एक हर्बल गार्डन स्थापित करने के बाद प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी के विशेष आग्रह पर अपने निजीकोष से राजकीय महाविद्यालय घरौंडा, करनाल में हर्बल बॉटनिकल गार्डन और ऑक्सीजन पार्क का निर्माण किया है। प्रिंसिपल डॉ महेंद्र सिंह बागी ने कहा कि प्रोफेसर दलजीत कुमार



शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण के माध्यम से मानवता को बचाने का काम कर रहे है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए तभी हम प्रदूषण के लगातार बढ़ रहे स्तर को कम कर सकते हैं। प्रोफेसर दलजीत कुमार के अनुसार इस हर्बल बॉटनिकल गार्डन और ऑक्सीजन पार्क में छः प्रकार की तुलसी, दो प्रकार की इंसुलिन, हींग, दो कड़ी-पत्ता, मल्टी स्पाइसी प्लांट्स, आँवला, एलोवेरा, हरड़, बहेड़ा, गूलर, काला बांसा, गिलोय, हारसिंगार, दो प्रकार के सदाबहार, चम्पा, चमेली, सफेद आखा, इलाइची, केला, अपराजिता, मोरिंगा, अनार अपराजिता, महुआ, अजवाइन, गेंदा, स्नेकप्लांट, पत्थरचट , नौबजी 2 प्रकार की,छुईमुई,आखा स्टीविया, मोगरा (मोतिया) टर्टल वाईन, मदर ऑफ हंड्रेड बेबीज, लसोड़ा, गेंदा, स्नेक प्लांट,आम,अनार, अमरूद, महुआ, गूलर, सहजन,नीम, वट वृक्ष, पीपल,शरीफा आदि के 110 से अधिक पौधे रोपित करके हर्बल बॉटनिकल गार्डन व ऑक्सीजन पार्क स्थापित किया।प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि हजारों सालों से भारत में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में इन हर्बल पौधों का प्रयोग होता रहा है आज भी भारत के हर घर की रसोई में मानव शरीर को तंदुरुस्त करने के लिए इनका प्रयोग किया जाता है।

**निर्माण**

8 दलजीत ने महाविद्यालय , करनाल में हर्बल बॉटनिकल गार्डन व ऑक्सीजन पार्क का निर्माण किया

# लोकसभा चुनाव को लेकर नोडल अधिकारी की मीटिंग आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** 18वें लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप एक्टीविटी की नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्रीराम गुप्ता ने एडीसी कार्यालय के कॉन्फ्रैंस हाल में 40 मास्टर ट्रेनर्स को चुनाव के तहत पेपर वर्क, ईवीएम मशीन के साथ-साथ चुनाव से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया। इससे पहले 55 मास्टर ट्रेनरों को भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर श्रीराम गुप्ता ने जिला स्तरीय इस प्रशिक्षण में 40 मास्टर ट्रेनरों को चुनाव से जुड़ी



प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस दौरान पेपर वर्क व ईवीएम मशीन से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सम्बन्धित मास्टर ट्रेनर को यह भी कहा कि गया कि जो प्रशिक्षण उन्हें दिया गया है वे आगे अपने चुनाव डयूटी से सम्बन्धित स्टाफ जैसे बीएलओ, प्रीजाइडिंग ऑफिसर व अन्य को देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान चुनाव से सम्बन्धित तमाम गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है ताकि चुनाव के दौरान सम्बन्धित कर्मचारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# श्रीराम कथा: हमेशा सत्य का अनुसरण करें: अवधेशानंद गिरि जी महाराज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में प्रभु प्रेमी संघ उत्तरी दिल्ली व भारतीय संस्कृति प्रचार समिति के संयुक्त तत्वाधान में हिंदू नववर्ष महोत्सव के अंतर्गत सात दिवसीय भव्य श्रीराम कथा का आयोजन नरेला के रामलीला मैदान में किया जा रहा है। जिसमें आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज के श्रीमुख से दिव्य श्रीराम कथा का वाचन हजारों श्रद्धालुओं को कृतार्थ करता है।







चौथे दिन की कथा में पोथी पूजन के लिए आए यजमानों संजय खत्री, रजनीश खत्री, बीके गीता दीदी, पंकज गुप्ता, डॉ. अनूप शर्मा, सुमित गुप्ता, संदीप, विजेंद्र तोमर, महावीर गोयल, कुलदीप को महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने रुद्राक्ष माला देकर आशीर्वाद दिया। चौथे दिन की कथा में खाटू श्याम दिल्ली धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जावेरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इसके पश्चात महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने व्यास पीठ पर आसीन होकर कहा कि हमेशा सत्य का अनुसरण करना चाहिए शास्त्र कहते हैं कि जिन्हें लक्ष्मी चाहिए, ऐश्वर्या, विद्या, बड़े वाहन, अट्टालिकाएं, भूमि विस्तार, रत्न भंडार, पदार्थ की प्रचुरता चाहिए ,परिजनों से बड़ा आदर चाहिए तो सत्य का अनुसरण करें, सत्य का अनुगमन करें। जहां सत्य है वहीं लक्ष्मी अनुसरण करने लगती है, अनुगमन करने लगती है वह सत्य के अधीन रहती है। श्रीराम कथा में संजय खत्री, रजनीश खत्री, राजेन्द्र सिंहल, पंकज गुप्ता, डॉ अनूप शर्मा, सुमित गुप्ता, संदीप जी, विजेंद्र तोमर, गीता दीदी, महावीर गोयल, नीलदमनखत्री, कुलदीप, कृष्ण घी वाले, सुनील खत्री, पंकज गुप्ता, आनंद खत्री, कपिल भारद्वाज, प्रमोद नरवाल, मनोज बंसल, संजय गुप्ता, सुरेंदर अग्रवाल, पवन गोयल, विजय गोयल, ईश्वर सैनी, पंकज वार्षण्येय, अनिरुद्ध त्यागी, तरुण बंसल, नरेश गर्ग, सुरेंदर गर्ग, अनुरोध, पंकज गुप्ता, संदीप, राजेश गर्ग, अरुण कौशिक, भूपेश बंसल, कपिल खन्ना, खत्री, पंकज ,कृष्ण बंसल, विष्णु भारद्वाज, प्रदीप ठोलेदार, जय प्रकाश पप्पू, विक्की, रविंदर गोयल, सुभाष खत्री, सुरेंदर गर्ग, निपुण गुप्ता, मनोज गर्ग, राजेंदर सिंगल, सतीश गर्ग, सुरेंद्र गर्ग, सुरेश गुप्ता, सुरेंदर, विजय सैनी, रितेश खत्री, सुनील खत्री, जय भगवान, विकास बंसल, राहुल सिंगल, जनार्दन, भूपेश बंसल, एस पी जून, संदीप खत्री, भ्रम, राहुल गुप्ता, अनूप शर्मा, विपिन गुप्ता, कुंदन, मुकेश सैनी, सुरेंदर गर्ग, पवन गुप्ता, ओम सैनी, अनूप गुप्ता, जय प्रकाश, पंकज गुप्ता, सुधा, जोगिंदर, अतुल, इशांत गर्ग, नीरज शर्मा, प्रमोद, आशीष जैन, कपिल सैनी, सुनील खत्री, देवी राम खत्री, विजय गर्ग, ब्रह्म शर्मा सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**108 कुंडीय सर्व देवीय यज्ञ का हुआ आयोजन**

हिंदू नव वर्ष महोत्सव के अंतर्गत 108 कुंडीय सर्व देवीय यज्ञ का रोजाना आयोजन हो रहा है। 9 दिवसीय यज्ञ के लिए कथा स्थल के समीप बनाई गई विशाल यज्ञशाला में विश्व प्रसिद्ध गाडगिल बंधुओ के सानिध्य में सुबह 9 बजे से शुरू हुए यज्ञ में 108 यजमानों ने परिवार सहित वैदिक मंत्रोचार के साथ आहुतियां दी और परिवार की सुख शांति और राष्ट्र कल्याण की कामना की।

इस दौरान गायत्री मत्रों के उच्चारण से पूरी यज्ञशाला गूंज उठी। यज्ञ में मुख्य रूप से, लोकेश भारद्वाज, श्री भगवान गौतम, अशोक अमरोही, कविन्दर, लक्ष्मीनारायण, डा. सचिन कौशिक, अजय कुमार, नवल, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, संजय खत्री, विष्णु भारद्वाज, प्रदीप ठोलेदार, राजेंदर सिंगल, सुनीता शर्मा, सतीश गर्ग, अनिल, सुरेंद्र गर्ग, सुरेश गुप्ता, सुरेंदर, विजय सैनी, रितेश खत्री, सुनील खत्री, जय भगवान, कृष्ण घी वाले, नरेश, विकास बंसल, राहुल सिंगल, जनार्दन, राहुल गर्ग, भूपेश बंसल, एस पी जून, संदीप खत्री, भ्रम, राहुल गुप्ता, श्रवण, अनूप शर्मा, विपिन गुप्ता, कुंदन, मुकेश सैनी, सुरेंदर गर्ग, पवन गुप्ता,ओम सैनी, अनूप गुप्ता, जय प्रकाश, पंकज गुप्ता, सुधा, जोगिंदर, सुशील अतुल, इशांत गर्ग, नीरज शर्मा, प्रमोद, आशीष जैन, कपिल सैनी, सुनील खत्री, देवी राम खत्री, विनोद सिंगल, प्रदीप सैनी, राजेश गुप्ता, राजेश रामगोपाल, मनोज, अजय, सतीश कुमार, अरुण गर्ग, विजय गर्ग आदि ने परिवार सहित आहुतियां दी।

## राज्यसभा सांसदों ने की सुनीता केजरीवाल से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पंजाब से आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा सांसदों ने गुरुवार देर शाम को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। उन्होंने सुनीता केजरीवाल से कहा कि हम पूरी मजबूती से अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब मामले में जेल जाने के बाद पंजाब के सांसदों की सुनीता केजरीवाल से यह पहली मुलाकात है। डॉ. संदीप पाठक के साथ राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा, विक्रम साहनी और अशोक मित्तल ने सुनीता केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की।

# त्रीनगर: कोहाट वार्ड में सफलतापूर्वक हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर-61 के राजधानी एन्कलेव शिव मंदिर में कोहाट वार्ड कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रवीण खंडेलवाल, वार्ड पार्षद रवि अजय हंस सहित जिले व प्रदेश के अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सम्मेलन के दौरान कई पदाधिकारी रहे उपस्थित:** इस मौके पर जिला चांदनी चौक से जिलाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र गोयल, निगम पार्षद अजय रवि हंस, आनंद जैन कोहाट मंडल अध्यक्ष, तिलक राम गुप्ता, विजय हुरिया, अमित शर्मा युवा मोर्चा अध्यक्ष, कोहाट मंडल महिला मोर्चा अध्यक्षा ऋचा सहदेव, जितिन डबास, बिन्दु कपूर, प्रगति कपूर, आशा गुप्ता, मनजीत सिंह, महेश अवाना, गोविंद शर्मा, कवल गांधी, पूनम गुप्ता, मिनी शर्मा, अरुण यादव, अमृतपाल सिंह, कुलदीप सिंह, संजीव शर्मा, सुनील यादव, गीतांजलि शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, हरीश ग्रोवर, मुकेश राव, रविन्द्र बेनीवाल, मीनाक्षी बेनीवाल, जयपाल भडाना, जय किशन गोयल, नवीन गुप्ता, राजेन्द्र यादव सहित पूर्व व वर्तमान निगम पार्षद, प्रदेश, जिला, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र अध्यक्ष, त्रिदेव, पन्ना प्रमुख मौजूद रहे।

# आनंदवास जनकल्याण परिषद ने बुजुर्गों में फोर लेग्स स्टिक का किया वितरण









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त शकूरपुर स्थित आनंदवास जनकल्याण सेवा परिषद व पश्चिम विहार स्थित दिष्टि उत्थान ट्रस्ट ने बुजुर्गों के बीच ईद का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का आयोजन शकूरपुर के एफ ब्लॉक स्थित शिवाजी पार्क में किया गया। इस दौरान क्षेत्र के कई बुजुर्ग महिला-पुरूष भी उपस्थित रहे।

**पूर्व केबिनेट मंत्री जितेंद्र तोमर द्वारा किया गया वितरण:** इस दौरान दोनों संस्थानों द्वारा ईद के मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री दिल्ली सरकार जितेंद्र सिंह तोमर द्वारा बुजुर्गों के बीच निःशुल्क फोर लेग्स स्टिक का वितरण करवाया गया। इस मौके पर तोमर ने कहा कि बड़े-बुजुर्गों की सेवा करने से पाप कटते ही है बल्कि हमारा धर्म व फर्ज भी है हमारे बडे बुजुर्गों की सेवा करना, तो वहीं इस नेक काम करने के लिए जितेंद्र तोमर ने दोनों संस्था की टीम के कार्यों की सराहना भी की।

**संस्था के कई पदाधिकारी रहे मौजूद:** इस कार्यक्रम के दौरान दिष्टि उत्थान ट्रस्ट से शालू दुग्गल, सपना मारवाह, नीलम सूरी, अनिता चोपड़ा, तो वहीं इसी के साथ ही आनंदवास जनकल्याण सेवा परिषद से महासचिव शाहिद कुरैशी, विनय कुमार, जयराम कोली, रजनी,लक्की खान, निसार सिद्दीकी, दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

**भगवान सेवा करने का मौका सभी को नहीं देता:** कार्यक्रम के दौरान परिषद के महासचिव शाहीद कुरेशी ने कहा कि हमारी संस्था काफी सालों से लोगों की निःशुल्क सहायता कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी इच्छा शक्ति व अपने-अपने स्तर पर गरीब, असहाय लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए, क्योंकि भगवान धनवान तो किसी को भी बना सकता लेकिन गरीब, असहाय लोगों की मदद करने के लिए सभी को मौका नहीं देता है।

# सिख श्रद्धालुओं का जत्था गुरधामों के दर्शनों के लिए रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** खालसा स्थापना दिवस के अवसर पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा 192 तीर्थयात्रियों का एक जत्था कमेटी अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों के नेतृत्व में पाकिस्तान स्थित गुरुधामों के दर्शनों के लिए रवाना हुआ।



इस अवसर पर सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि 192 तीर्थयात्रियों का यह जत्था दिल्ली से पाकिस्तान के लिए रवाना हुआ है, जो कल पाकिस्तान में प्रवेश करेगा तथा खालसा स्थापना दिवस व वैसाखी से संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद जत्था वापस लौट आएगा। उन्होंने कहा कि इस समूह को गुरुद्वारा ननकाना साहिब, पंजा साहिब, डेहरा साहिब और करतारपुर साहिब जाने की मंजूरी मिल गई है और यह दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार दलजीत सिंह सरना और सरदार रमिंदर सिंह स्वीटा की अगुवाई में रवाना हुआ है। दोनों नेताओं ने कहा कि खालसा स्थापना दिवस के अलावा गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व सहित अन्य अन्य पवित्र दिवसों पर सिख तीर्थयात्रियों का एक जत्था पाकिस्तान जाता है व गुरुधामों के दर्शन करने के बाद वापस लौटता है। उन्होंने कहा कि अकाल पुरख की अपार कृपा के चलते भक्तों को इन पवित्र तीर्थ स्थलों के दर्शन करने का सौभाग्य मिलता है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में और भी जत्थों को सिख तीर्थस्थलों के दर्शन के लिए रवाना किया जाएगा।

# उत्तर पूर्वी लोकसभा चुनाव कार्यालय का हुआ शुभारंभ





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के लगातार तीसरी बार प्रत्याशी मनोज तिवारी के चुनाव कार्यालय का यमुना विहार में उद्घाटन किया गया। उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने किया। कार्यालय के उद्घाटन से पहले वेद मंत्रोचार के साथ हवन पूजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित एक विशाल कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंदर सचदेवा, लाल बिहारी तिवारी, विजेंद्र गुप्ता, लोकसभा चुनाव में प्रभारी विष्णु मित्तल, लोकसभा संयोजक राजा इकबाल सिंह, जिला अध्यक्ष पूनम चौहान, मनोज त्यागी विधायक जितेंद्र महाजन, मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, जगदीश प्रधान निगम पार्षद, प्रमोद गुप्ता, राज कुमार बल्लन, कौशल मिश्रा, गौरव खारी, नीलकांत बक्शी, आनंद त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी दीपक चौहान सहित हजारों कार्यकर्ता क्षेत्रीय निवासी सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख गणमान्य लोग मौजूद रहे। अरुण सिंह ने कहा कि विश्वस्तरीय शिक्षा व्यवस्था देने का दावा करने वाली केजरीवाल सरकार के राज में दिल्ली के बच्चे पेड़ की छांव में शिक्षा लेने को मजबूर हैं।

# मॉडल टाउन विधानसभा: आम आदमी पार्टी के राज में लोग हो रहे हैं परेशान: ठाकुर









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** झुग्गी-झोपड़ी चुनाव अभियान के सह-संयोजक और पूर्व निगम पार्षद, वार्ड नंबर-55 सुजीत ठाकुर ने बताया कि झुग्गी-झोपड़ी अभियान के तहत चैत्र नवरात्रि मां दुर्गा के पूजन के शुभअवसर पर चांदनी चौक जिला के मॉडल टाउन विधानसभा के सिंदौरा कला सेवा बस्ती, संगम पार्क सेवा बस्ती, खिलौना बाग चौकी नम्बर-4 वाली सेवा बस्ती में जाकर सभी सेवा बस्ती के मंदिरों में जाकर प्रार्थना की और शौचालय में जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने आगे बताया कि सभी शौचालय की बुरी हालत हैं, सभी जगह नल टूटे हुए हैं, टॉयलेट सीट टूटी हुई है, शौचालय की सफाई नहीं होती, दिल्ली में सरकार आम आदमी पार्टी की है और निगम आम आदमी पार्टी का फिर भी शौचालय का बुरा हाल है। उन्होंने आगे बताया कि केजरीवाल को हर एक टॉयलेट सीट के 2200 रुपए मिलते हैं और काम 500 रुपए का नहीं होता है। चांदनी चौक लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के जीतने के बाद सबसे पहले सभी सेवा बस्ती के शौचालय को ठीक कराएंगे जिससे की यहां के लोगों को परेशान न होना पड़े। इस मौके पर प्रवीण खंडेलवाल की बिटिया श्रद्धा खंडेलवाल, भतीजी पूनम गुप्ता, झुग्गी झोपड़ी अभियान के लोकसभा सह संयोजक सुभाष झा, शालीमार बाग विधानसभा के विधानसभा सह संयोजक राव हंसराज, निगम पार्षद सुशील जोंटी, मंडल अध्यक्ष वीरपाल सिंह व अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केंद्र को महाराजा अग्रसेन जी की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा करनी चाहिए: बजरंग गर्ग

**बैठक**

**8 महाराजा अग्रसेन जी ने गरीबों को ऊंचा उठाते हुए समाजवाद को बढ़ावा दिया- बजरंग गर्ग**



**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना**
वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में वैश्य समाज के संगठन को देश व प्रदेश में विस्तार करने पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश में वैश्य समाज के सभी संस्थाएं अग्रोहा धाम के नेतृत्व में सामाजिक व धार्मिक कार्यों में लगी हुई है। महाराजा अग्रसेन जी ने गरीबों को ऊंचा उठाते हुए समाजवाद को बढ़ावा दिया और जरूरतमंद को हर घर से एक ईंट एक मुद्रा देने का निर्णय अपने राज्य में लागू किया ताकि जरूरतमंद ईट से अपना मकान बना कर रह सके और मुद्रा से व्यापार करके अपने परिवार का पालन पोषण कर सके। बजरंग गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी त्याग की मूर्ति थे। महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर अग्रोहा धाम में 30 करोड रुपए की लागत से दो भव्य संग्रहालय बना रहे हैं और करोड़ों रुपए की लागत से भव्य ऑडिटोरियम व बैंक्विट हॉल अग्रोहा धाम में बनाया जा रहा है। श्री गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार को महान पुरुष महाराजा अग्रसेन जी की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करना चाहिए और महाराजा अग्रसेन जी की जीवनी सीबीएसई की 7 वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में लागू करनी चाहिए।

बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्रीय रेल बजट में 2022-23 में सरकार ने अग्रोहा को रेलवे लाईन से जोड़ने की घोषणा की थी मगर बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि एक साल बीत जाने के बावजूद भी अग्रोहा को रेलवे लाईन से ना जोड़ने से देश के वैश्य समाज व आम जनता में बड़ी भारी नाराजगी है। सरकार को अपने वादे के अनुसार अग्रोहा को रेलवे लाईन से जोड़ना चाहिए। बजरंग गर्ग ने प्रमुख समाजसेवी नरेंद्र बंसल को अग्रोहा धाम वैश्य समाज गोहाना का संयोजक बनाया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल प्रधान विनोद जैन, प्रमुख समाजसेवी रामधन भारती, लाल रामधारी गर्ग, प्रदेश संगठन मंत्री जय नारायण गुप्ता, अनाज मंडी प्रधान विनोद सहरावत, नीरज गुप्ता, जगवीर जैन आदि ने अपने विचार रखें।

# ये लड़ाई मान सम्मान की है , पैसे की नहीं, सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ूंगा: दादा दुलीचंद

**बातचीत**

**8 फिल्म से कमाए पैसे को वृद्धाश्रम, अनाथाश्रम और गौशाला में करें दान - जयहिंद**



**जयहिंद** सेना प्रमुख नवीन जयहिंद शुक्रवार को रोहतक जिला कोर्ट में "थारा फूफा जिन्दा है" मामले में सुनवाई में जज आदित्य यादव की कोर्ट में पेश हुए` इससे पहले एप सहित पांच लोगों के नाम कोर्ट ने सम्मन जारी किया था` इस मौके पर एप, नीरज चोपड़ा (ब्रांड एम्बसडर), डायरेक्टर संजय भसीन, विश्वास चौहान, हरीश छाबड़ा के वकील रोहतक जिला कोर्ट पहुंचे` दुसरे पक्ष ने समय माँगा जिसके बाद इस मामले में अगली तारीख 8 मई की दी गई है`
जयहिंद ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि असली फूफा 104 वर्षीय दादी दुलीचंद है जिन्होंने 2 साल पहले"थारा फूफा जिंदा है" कि मुहिम चलाई थी और प्रदेश के लाखों बुजुर्गों, दिव्यांग और विधवाओं की पेंशन बनवाई। सरकारी कागजों में सरकार ने इन्हें मरा हुआ दिखाया था और इसी को लेकर तब इन्होंने संघर्ष किया था और यह अभियान चलाया। उहोने जज के सामने यही बात रखी कि पूरी दुनिया में सबसे पहले "थारा फूफा जिन्दा है" की मुहीम दादा दुलीचंद के साथ उन्होंने चलाई थी` इस एप ने व्यवसायिक तौर पर ये शब्द इस्तेमाल किये है` अगर वे गलत साबित होते है तो कोर्ट चाहे तो बेशक नवीन जयहिंद पर जुमार्ना लगा दे`

## संक्षिप्त खबरें

### 16 अप्रैल को संचालित होंगी सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी के रद्द हुए विषयों की परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वी.पी.यादव ने आज यहां जारी एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) परीक्षा फरवरी/मार्च-2024 में परीक्षा की पवित्रता भंग होने के कारण जिला नूंह के 03 परीक्षा केंद्रों की रद्द हुई विषयों की पुनः परीक्षाओं का संचालन 16 अप्रैल, 2024 को जिला मुख्यालय, नूंह पर करवाया जा रहा है।
डॉ. वी.पी.यादव ने आगे बताया कि परीक्षा केन्द्र आरोही मॉडल व.मा.वि., रेवासन, नूंह की रद्द हुई सैकेण्डरी (शैक्षिक) अंग्रेजी विषय की पुनः परीक्षा हिन्दू व.मा.वि., नूंह-05(बी-2) परीक्षा केन्द्र पर 16 अप्रैल, 2024 को संचालित करवाई जाएगी।
उन्होंने बताया कि इसी प्रकार परीक्षा केन्द्र रा.व.मा.वि., बाडेड, फिरोजपुर झिरका, नूंह की रद्द हुई सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) अंग्रेजी कोर विषय तथा रा.व.मा.वि., उडाका, नूंह की रद्द हुई इतिहास विषय की पुनः परीक्षाओं का संचालन परीक्षा केन्द्र हिन्दू व.मा.वि., नूंह-05 (बी-2) पर 16 अप्रैल,2024 को करवाया जाएगा।
उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में सम्बन्धित विद्यालय मुखियाओं को ई-मेल व दूरभाष के माध्यम से भी सूचित कर दिया गया है। परीक्षाओं का समय दोपहर 12:30 बजे से सायं 03:30 बजे तक रहेगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा से 30 मिनट पूर्व अर्थात 12:00 बजे केन्द्र पर पहुँचना होगा। इसके पश्चात परीक्षार्थियों का केन्द्र में प्रवेश वर्जित रहेगा। परीक्षार्थियों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके आस-पास कोई आपत्तिजनक सामग्री तो नहीं है।
उन्होंने बताया कि जिन परीक्षार्थियों की परीक्षाएं रद्द हुई हैं, ऐसे परीक्षार्थी शिक्षा बोर्ड द्वारा पूर्व में जारी किए गए अनुक्रमांक अनुसार ही निर्धारित तिथि व समय पर परीक्षा केन्द्र पर पंहुचना सुनिश्चित करें। सभी नियमित परीक्षार्थी विद्यालय वर्दी में व विद्यालय आई.डी. कार्ड/मूल आधार कार्ड सहित परीक्षा केन्द्र पर आयेगें। परीक्षार्थी अधिक जानकारी हेतु अपने सम्बन्धित विद्यालय में समय रहते सम्पर्क करें।

### फतेहाबाद: अमेरिका वर्क वीजा के नाम पर एजेंटों के झांसे में आया टोहाना युवक ईरान में फंसा

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
अमेरिका का वर्क वीजा लगवाने के नाम पर टोहाना का एक युवक एजेंटों के झांसे में आकर ईरान में फंस गया। युवक के परिजनों का आरोप है कि ईरान में उनके लड़के की कुछ लोगों ने बुरी तरह पिटाई की और उससे उसका पासपोर्ट, कागजात, डालर व अन्य सामान भी छीन लिया। इस मामले में टोहाना पुलिस ने दोनों एजेंटों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया। पुलिस प्रवक्ता ने शुकवार को बताया कि मामले की जांच की जा रही है।र जांच शुरू कर दी है।
पुलिस को दी शिकायत में दमकौरा रोड, टोहाना निवासी ईश्वर सिंह ने कहा है कि उसके बेटे अमित कुमार की 7-8 महीने पहले मुलाकात मोहित निवासी गांव सीसर हाल नरवाना व अशोक निवासी किठाना, जिला कैथल के साथ हुई थी।
दोनों विदेश भेजने के लिए एजेंट का काम करते हैं। अमित ने इन दोनों से अमेरिका के वर्क वीजा के लिए सम्पर्क किया, तो मोहित व अशोक ने कहा कि वर्क वीजा के लिए 45 लाख रुपये लगेंगे और यह राशि अमेरिका पहुंचाने के बाद दे देना।
इनके झांसे में आकर अमित 5-6 महीने पहले चण्डीगढ़ एयरपोर्ट से अमेरिका चला गया। इसके बाद उसकी अपने बेटे से व्हाट्सअप पर बात होती रही। वह कभी वियतनाम तो कभी दूसरे देश का नाम लेता रहा। ईश्वर सिंह ने कहा कि अमित को एजेंट अशोक ने एक महीने से ईरान में रखा हुआ था। 8 अप्रैल को उसके व्हाटस्अप पर कॉल आई जिसमें वह जोर-जोर से रो रहा था और कहा कि उसे व उसके 6 अन्य दोस्तों को ईरान में बंधक बनाकर पिटाई की जा रही है और ये लोग उससे 25 लाख रुपये मांग रहे हैं। इस पर उसने उक्त लोगों को पैसे का इंतजाम करने की बात कही।
इसके बाद अमित का फोन आया और उसने कहा कि वह इंडिया एम्बैसी ईरान के पास है और उक्त लोगों ने उसका पासपोर्ट, अन्य कागजात, डालर व कपड़े छीन लिए हैं। इस पर ईश्वर सिंह ने इस बारे में दोनों एजेंटों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में टोहाना पुलिस ने दोनों एजेंटों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने खेजड़ी पेड़ काटने वालों पर दर्ज किया केस

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिले के गांव खाराखेड़ी में बिश्नोई समाज के आस्था के प्रतीक खेजड़ी के दो हरे पेड़ काटने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को बीडीपीओ की शिकायत पर दो ग्रामीणों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।
पुलिस को दी शिकायत में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अनिल कुमार ने कहा है कि गांव खाराखेड़ी निवासी विनोद कुमार ने उन्हें दी शिकायत में कहा है कि रामपाल उर्फ सुब्बो व सतपाल निवासी खाराखेड़ी ने जसराम गोदारा व शेषकरण के खेत में जाने वाले सरकारी रास्ते पर हरी अवस्था में खड़े दो खेजड़ी के वृक्ष को चोरी करने की नीयत से काट कर गिरा दिया है।

# विश्वास संस्थान की दो शिक्षिकाओं को मिला शिक्षा रत्न अवार्ड

**सम्मानित**

**8 शिक्षिका मीनाक्षी अनेजा व कोऑर्डिनेटर सुनीता गखड़ को सम्मानित किया गया।**




**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
धांसू स्थित लक्ष्य पब्लिक स्कूल ने स्कूल के स्थापना दिवस पर प्रदेश भर से 151 शिक्षकों को सम्मानित करने की कड़ी में विश्वास शिक्षण संस्थानों की दो शिक्षिकाओं को शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिनमें विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिसार की शिक्षिका मीनाक्षी अनेजा व विश्वास स्कूल बरवाला की कॉर्डिनेटर सुनीता गखड़ को यह सम्मान प्रदान किया गया। यह जानकारी देते हुए विश्वास स्कूल बरवाला के प्राचार्य संजीव सहगल ने बताया कि उन्हें यह अवार्ड जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप नरवाल, मेजर अभिषेक राठी, लक्ष्य पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक रामनिवास वर्मा एवं राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने प्रदान किया। श्री सहगल के अनुसार श्रीमती मीनाक्षी अनेजा अपने कॉलेज के दिनों से ही राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) की सक्रिय सदस्य रही हैं और 1995 से शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में काम कर रही हैं। जन सेवा समिति, राह क्लब हिसार जैसे संस्थाओं से भी जुड़ी रही है। वो गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को साक्षर करने, पॉलीथिन का उपयोग करवाने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने से लेकर हरियाणवी संस्कृति के प्रचार एवं प्रसार में सहयोग देती आ रही है। इसी प्रकार विश्वास स्कूल बरवाला की कोऑर्डिनेटर सुनीता गखड भी लंबे समय से शिक्षा विकास, कन्या शिक्षा को बढ़ावा देने व बेटियों को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दिलवाने के लिए कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मान से दूसरे शिक्षकों को भी समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने विश्वास संस्थान को मान-सम्मान प्रदान करने के लिए राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ व लक्ष्य पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक रामनिवास वर्मा एवं चयन समिति का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि राह ग्रुप फाउंडेशन हमेशा से ही समाज विकास के लिए लगातार प्रयास करता रहता है। इसी कड़ी में लक्ष्य पब्लिक स्कूल की पहल भी दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी।
फोटो कैप्शनः विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिसार की शिक्षिका मीनाक्षी अनेजा को सम्मानित करते अतिथि गण

# सिरसा: एचएसजीपीसी के सील किए खाते खोले सरकार: प्रकाश साहुवाला

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य स. प्रकाश सिंह साहुवाला ने राज्य सरकार से कमेटी के सील किए गए खाते को अविलंब आरंभ करने की मांग की है। शुक्रवार को जारी बयान में स. प्रकाश सिंह साहुवाला ने कहा कि कमेटी सदैव मानवीय व सामाजिक विकास से जुड़े मुद्दों पर प्रभावशाली तरीके से मदद करने में पहल करती है। इसी कड़ी में कमेटी ने पूर्व में सरकार के कंधे से कंधा मिलाकर कोरोना के संकटकाल में प्रभावितों को भोजन व अन्य आवश्यक संसाधन मुहैया करवाए।



इतना ही नहीं पिछले समय हरियाणा के अनेक जिलों में आई बाढ़ से राहत दिलाने के लिए किसानों को आवश्यक सहायता दी गई तथा समय-समय पर कैंसर जैसी क्रोनिक बीमारी के समुचित उपचार के लिए प्रभावितों को चैक भी बांटे। स.प्रकाशसिंह साहुवाला ने कहा कि समाज के जरूरतमंदों की सहायक के तौर पर विशिष्ट कार्य करने वाली हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के धार्मिक मसलों में सरकार कम से कम दखल दे और सील किए गए खातों को तुरंत खोले ताकि मानवीय व सामाजिक विकास के कार्यों को पुनःआरंभ किया जा सके।
उन्होंने कहा कि कमेटी सदैव जरूरतमंद लोगों के साथ हर परिस्थिति में खड़ी है और उनकी मदद के प्रमुख उद्देश्य से कभी पीछे नहीं हटेगी।

### फतेहाबाद: डीएवी पुलिस स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वैसाखी का पर्व

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वैसाखी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने पंजाबी भांगड़ा, कविता गायन आदि मनमोहक गतिविधियों से सभी का खूब मनोरंजन किया। ढोल की थाप पर विद्यार्थियों ने जमकर डांस किया।पंजाबी गीतों पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए डांस ने खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे बच्चे बैसाखी पर्व पर रंग-बिरंगी पोशाकों को धारण कर स्कूल प्रांगण को चार चांद लगा रहे थे।

# बैसाखी पर नवजीवन का संदेश- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज



**बैसाखी** के महीने में प्रकृति के लिहाज से पेड़-पौधें में नई कोपलें निकलनी शुरू हो जाती हैं, इनमें एक नई ज़िंदगी की शुरूआत होती है तो हमें भी इससे कुछ नया सबक लेना चाहिए जिससे कि हमारे जीवन में भी नई कोपलें फूटें ताकि हमारी नई ज़िंदगी का आरंभ हो और हमारे दिल से सभी भेदभाव मिट जायें। हरेक समाज में बैसाखी का महीना कई तरह से मनाया जाता है।
सन् 1699 में बैसाखी के दिन ही दशम गुरू साहिब, गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज ने खालसा पंथ (सिख पंथ) की शुरूआत की थी। इस दिन दशम गुरू साहिब ने पाँच प्यारों को चुना। बौद्ध लोगों के लिए भी यह दिन बड़ा मुबारक है। इसी दिन महात्मा बुद्ध का भी जन्म हुआ था। बैसाखी के दिन ही उन्हें आत्म-ज्ञान भी हुआ और इसी दिन उनका निर्वाण भी हुआ।
महापुरूष जब-जब भी इस दुनिया में आते हैं, वे एक ही बात को बार-बार पेश करते हें, वह क्या है? कि मानुष जन्म बड़े भागों से मिलता है, जिसमें हम अपने निजघर वापिस जा सकते हैं। परमात्मा महाचेतना का सागर है और हमारी आत्मा उसकी एक बूंद है। परमात्मा प्रेम है, हमारी आत्मा उसका अंश होने के नाते प्रेम है, इसमें कुदरती तौर से प्रभु से मिलने का भाव है, इसका गुण है अपने प्रीतम से जुड़ना।
बैसाख धीरन क्यों वाढियां जिना प्रेम बिछोह।
ह्यह्यबैसाख धीरन क्योंह्ल बैसाख का महीना आ गया है, फसल कटी पड़ी है तुम्हारी, प्रभु से दूर पड़े हो, तुम्हें धीरज कैसे आ सकता है उसके बगैर। तुम उससे कटे पड़े हो, कैसे तुम जीवन गुजार रहे हो? कैसे भूल गये हो तुम?
हर साजन पुरख विसार के लगी माया धोह।
परमात्मा से दूर हो गये हम, उसे भूल गये और माया हाथ धोकर हमारे पीछे लग गई, माया नाम है भूल का। यह भूल कहाँ से शुरू हुई? यह दर्द भरी कहानी है। फसल तो बाहर कटी पड़ी है। महात्मा देखकर कहते हैं, तुम उस प्रभु से कटे पड़े हो तुम उसकी अंश हो। तुम मालिक को भूल गए और यही सब खराबियों की जड़ है। प्रभु को भूल कर अपना जन्म बरबाद कर रहे हो। ह्यह्यप्रभु बिना अवर न कोयह्लह्ल प्रभु के बिना तुम्हारी आत्मा का कोई साथी नहीं। पुत्र, स्त्री, बच्चे ये सब प्रारब्ध कर्मों के अनुसार प्रभु ने जोड़े हैं। खुशी से लेना-देना निभाओ और अपने घर जाओ। वह परमात्मा जो हमारी आत्मा का संगी है और साथी है, वह तुम्हारे साथ जायेगा। हमें यह मानुष जन्म मिला है प्रभु को पाने के लिए।

# धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयन्ती

**जयन्ती**

**8 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एस.पी.सेहरी, चौ. गुगन सिंह हुड्डा, व विशेष बामल रहे।**

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
जिला बार एसोसिएशन, रोहतक के चौ. रणबीर सिंह हुड्डा, मैमोरियल हाल में 133वीं डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती बड़ी धूमधाम से बनाई हुई। श्री अरविन्द श्योराण ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिनियर एडवोकेट एस.पी.सेहरी, चौ. गुगन सिंह हुड्डा, बाबा साहब के पार्टी के अध्यक्ष व विशेष बामल रहे। इस अवसर पर एडवोकेट महाबीर नरवाल, पिंकी एडवोकेट, अत्तर सिंह हुड्डा, एडवोकेट उमेद सिंह सिवॉच, एक्स एमएलए आदि सभी ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। सभी वक्ताओं ने कहा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के कार्य को ग्रहण करे तो किसी भी प्रकार का विवाद नहीं रहता।



इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन रोहतक के प्रधान अरविन्द श्योराण ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान से सभी को बराबर का दर्जा मिला है। इस अवसर पर उप-प्रधान श्री हर्षवर्धन मलिक, सह-सचिव सुशीला देशवाल व काफी संख्या में एडवोकेट उपस्थित रहे।
दयानन्द रंगा एडवोकेट ने बाबा साहब ने जीवन पर एक रागनी प्रस्तुत की। इस अवसर पर गुगन सिंह हुड्डा एडवोकेट , जय प्रकाश मेहरी, विशेष बामल व अनुज दहिया डी.डी.ए. को स्मृति चिन्ह व चादर उठाकर सम्मानित किया ।

# वोट की ताकत से बीजेपी की तानाशाही का जवाब दे प्रदेश की जनता: अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढ़ाडा ने शुक्रवार को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने मुलाकात की। उनके साथ इस प्रतिनिधिमंडल में लीगल सेल के प्रदेशाध्यक्ष मोक्ष पसरीजा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ मनीष यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अनिल रंगा, प्रदेश युवा सचिव मोना सिवाच भी साथ रहे। उन्होंने कहा कि सभी मुददों को लेकर बातचीत हुई और मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी मुद्दों को लेकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं कैथल में आम आदमी पार्टी के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर भी चुनाव आयोग की जांच सही दिशा में बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में पंजाब गुख्यमंत्री भगवंत मान के रोड शो से पहले भी जिस प्रकार जिला चुनाव अधिकारी के कर्मचारियों ने बैनर उतारने का काम किया। उसको लेकर भी बातचीत हुई। इस मामले को भी मुख्य चुनाव आयुक्त के संज्ञान में लाया गया और आपत्ति दर्ज करवाई गई। वहीं लगभग सभी जिलों में कान्टेक्क्यूल कर्मचारी जिला चुनाव कार्यालयों में काम कर रहे हैं। ऐसे में अगर कोई घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी जिला चुनाव अधिकारी के कंधों भी आती है, इसलिए आम आदमी पार्टी ने इसको लेकर भी मुख्य चुनाव आयुक्त से समक्ष अपनी बात रखी। अनुराग ढांडा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात ने बाद प्रेसवार्ता में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल कल मीडिया से मुखातिब थे। आज की तारीख में न तो वे एमएलए हैं, न वे किसी सरकारी पद पर हैं, और न ही वे प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। जिस तरीके से प्रेस वार्ता में बोल रहे थे, वो आचार संहिता का उल्लंघन है। वे जिस तरीके से घोषणाएं कर रहे थे, वे एक फर्जी मुख्यमंत्री की तरह व्यवहार कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि कनीना में हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे पर वे बिना किसी सरकारी सरकारी पद और संवैधानिक पोस्ट पर नहीं होते हुए भी मुआवजा देने, जांच बैठाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने और डॉक्टरों को निर्देश देने जैसी बात कर कर रहे थे। वे अब केवल लोकसभा उम्मीदवार हैं। जबकि उनकी भाषा एक फर्जी मुख्यमंत्री जैसी थी। इसके खिलाफ भी आचार संहिता के उल्लंघन की मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शिकायत की गई है। मनोहर लाल खुद को मुख्यमंत्री की तरह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।
उन्होंने कहा कि करनाल से उम्मीदवार मनोहर लाल खुद को मुख्यमंत्री दिखाकर चुनावी फायदा लेने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी साढ़े नौ साल की आदत छुटने का नाम नहीं ले रही है। वे आज भी खुद को सीएम समझ कर न सिर्फ संवैधानिक पद का अपमान कर रहे हैं, बल्कि वर्तमान सीएम नायब सिंह का भी अपमान कर रहे हैं।

# सिरसा: रानियां अनाज मंडी में हैफेड की ओर से गेहूं की खरीद शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
रानियां अनाज मंडी में आज से गेहूं की सरकारी खरीद विधिवत रूप से शुरू हो गई है। आज आढ़ती एसोसिएशन रानियां के प्रधान अमरजीत सिंह तथा मार्केट कमेटी के सचिव सुरेन्द्र कुमार, हैफेड के मैनेजर राहूल कुमार की देखरेख में गेहूं की खरीद आरंभ करवाई। इस मौके पर आढ़ती एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष जसविन्द्र बसरा,पूर्व प्रधान राजेन्द्र डावर,रामचन्द जुनेजा,सुखविन्द्र बाजवा,राजेश चक्रवर्ती,अशवनी मिढा,मौजूद थे। शुक्रवार दोपहर बाद नई अनाजमंडी की दुकान नंबर 74 से फर्म हेम राज ज्ञान चंद से गेहूं की खरीद शुरू हुई।



गेहूं की खरीद हैफेड द्वारा की गई। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान अमरजीत सिंह, एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ उक्त फर्म पर पहुंचे। उधर मार्केट कमेटी के सचिव सुरेन्द्र कुमार भी पहुंचे। पहले गेहूं में नमी की जांच की गई। जांच के दौरान गेहूं की ढेरी की नमी 11 प्रतिशत पाई गई जो ठीक है यानि, गेहूं सूखा था और उसकी क्वालिटी भी अच्छी थी।

**फास्ट न्यूज**

## घर के बाहर मिला 'सर तन से जुदा' करने की धमकी लिखा कागज

**टीम एक्शन इंडिया**

कोटा: कोटा में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता के मकान के बाहर एक धमकी भरा कागज चिपका मिला। कागज पर लिखा है कि अल्लाह का पैगाम, गुस्ताख रसूल की एक ही सजा, सर तन से जुदा, सर तन से जुदा'। इसके बाद से भाजपा कार्यकर्ता का पूरा परिवार दहशत में है। कार्यकर्ता ने उद्योगनगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उद्योग नगर इलाके में भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष मनोज सुमन का घर है। उनके घर के बाहर कोई धमकी भरा कागज चिपका कर चला गया। शुक्रवार सुबह कागज लगा मिला। एक कागज नीचे पड़ा हुआ था। दोनों कागजों में 'सर तन से जुदा, सर तन से जुदा' की धमकी लिखी थी। 'सुन अब तुझे तेरा राम बचाता है, या तेरा हिंदू धर्म। अब तेरी आवाज भी बंद हो जाएगी। अब हम तुझे नहीं छोड़ने वाले हैं। अल्लाह के बंदे हैं, अब तेरा सर तन से जुदा होकर रहेगा। मनोज..अब तेरा समय आ गया है और अब तुझे और तेरे परिवार को हमसे कौन बचाता है। आखिरी में नीचे लिखा है, अल्लाह हाफिज। मनोज ने बताया कि वो मंडी में लहसुन का काम करते है। जनवरी महीने में अयोध्या में श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर कॉलोनी में भगवा झंडे लगाए थे। मंदिर के पास बकरा बांधने को लेकर भी विवाद हुआ था। जनवरी में तीन दिन 19, 21 व 24 को विवाद हुआ था। मुझे जान से मारने और बम से उड़ाने की धमकी दी थी, जिसकी शिकायत थाने में दी थी। घटना के बाद शुक्रवार को अज्ञात व्यक्ति मेरे मकान के बाहर धमकी भरा कागज लगाकर गया है। पूरा परिवार दहशत में है। इसकी शिकायत थाने में दी है। एसएचओ जितेंद सिंह ने बताया कि मनोज की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन भी कार्यकताओं के साथ उद्योग नगर थाने पहुंचे। धमकी भरा कागज लगाने में वाले की पहचान कर गिरफ्तारी की मांग की। राकेश जैन ने कहा कि पीड़ित को पुलिस सुरक्षा दी जाए। अगर पीड़ित के साथ कुछ हादसा हुआ तो इसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन व चुनाव आयोग की होगी।

## उन्हेल में लगे इजराइल के खिलाफ नारे

**उज्जैन:** उज्जैन जिले के उन्हेल में इजराइल के खिलाफ नारेबाजी का वीडियो सामने आया है। 35 सेकंड के इस वीडियो में लोग इजराइल तू बर्बाद होगा नारे लगाते सुनाई दे रहे हैं। ये वीडियो गुरुवार का है। ईद की नमाज के बाद धर्म विशेष के लोगों ने यह नारेबाजी की गई। हिन्दू संगठनों की मांग पर उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ गलत हुआ है, तो केस दर्ज किया जाएगा। दरअसल, गुरुवार को देश के साथ ही मध्य प्रदेश में भी ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान उज्जैन जिले के उन्हेल में ईद की नमाज के बाद कुछ लोगों ने इजराइल तू बर्बाद होगा के नारे लगाए। इसका वीडियो सामने आने के बाद हिंदूवादी संगठनों ने मामले में एफआईआर की मांग की है। ज्ञापन देने वालों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो फिर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। हिन्दू सेना रक्षा दल गोरक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष लाखन सिंह पिपावद ने बताया कि मुस्लिम समाजजनों द्वारा कस्बा उन्हेल में काजी मोहल्ला, शहर काजी के दफ्तर के सामने, सोनी मंदिर के पास एक जुलूस निकाला गया था, जिसमें लगभग 150 से 200 लोग शामिल थे।

# 'कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं'

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मजबूत राष्ट्र के नाम पर भाजपा उम्मीदवार के लिए मांगा वोट

**हमला बोला**

> कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। कांग्रेस के पास कोई भी मुद्दे नहीं हैं: सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंपावत:** उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव प्रचार अपने अंतिम पड़ाव पर है। भाजपा के स्टार प्रचारक ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। इसी क्रम में आज अल्मोड़ा पिथौरागढ़ संसदीय लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा के समर्थन में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोहाघाट के रामलीला मैदान में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। संबोधन में रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। कांग्रेस के पास कोई भी मुद्दे नहीं हैं, इसलिए भाजपा पर तरह-तरह आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सैनिक बाहुल्य क्षेत्र है। प्रधानमंत्री ने फौजी भाइयों के लिए वन रैंक वन पेंशन योजना लागू की। भारत आज विश्व की पांचवी महाशक्ति बन चुका है। कांग्रेस पार्टी सर्जिकल व एयर स्ट्राइक के सबूत मांगती है। उसे सेना पर विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा पर आरोप लगाती है कि भाजपा हिंदू मुस्लिम की राजनीति करती है लेकिन भाजपा हिंदू मुस्लिम की नहीं, इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करती है। प्रधानमंत्री ने अब संसद में भी 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दे दिया है। प्रधानमंत्री द्वारा देश में कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ देश के करोड़ों गरीबों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उत्तराखंड के सीमावर्ती गांवों को देश का अंतिम क्षेत्र मानती थी लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन क्षेत्रों को अंतिम नहीं, प्रथम क्षेत्र माना। सीमावर्ती क्षेत्रों को सड़क व मोबाइल कनेक्टिविटी से जोड़ा गया। भाजपा शासन में देश के साथ-साथ देश की सेना भी मजबूत हुई है। राजनाथ सिंह ने लोकसभा प्रत्याशी अजय टम्टा की तारीफ करते हुए कहा कि अजय टम्टा काफी शांत व सरल व्यक्ति हैं। जनता के बीच उनकी गहरी पैठ है।

## 'मोदी ने देश को सम्मान दिलाने का काम किया'

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लक्सर के भोगपुर स्थित आशादई डिग्री कालेज में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मतदाताओं से हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित देश की श्रेणी में आ गया है। मोदी ने अपने कार्यों से देश का सम्मान बढ़ाया है। आज भाजपा देश को संवार रही है और देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा तय किया गया 400 पार का लक्ष्य हमें पूरा करके दिखाना है। इससे पूर्व राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी, कल्पना सैनी, पूर्व कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानंद, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील चौहान, विधानसभा प्रभारी आदेश सैनी और वरिष्ठ भाजपा नेता शेषराज सैनी, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया।

## संविधान बचाने चुनाव में महागठबंधन को दें वोट: तेजस्वी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नवादा:** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को नवादा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश का संविधान बचाने के उद्देश्य तथा बिहार के विकास के लिए लोकसभा चुनाव में महागठबंधन उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा को वोट दें। ताकि बिहार का बेहतर विकास हो सके। नवादा के आईटीआई मैदान में महागठबंधन की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि 56 इंच का सीना रखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विकास की गारंटी दे रहे हैं। लेकिन वह मेरे पलटू चाचा की गारंटी नहीं दे सकते कि वे उन्हें रख पाएंगे या नहीं। जो नेता इतना कमजोर हो उसकी गारंटी पर क्या भरोसा हो सकता है।

**वोट की अपील**

> नीतीश कुमार की सरकार में 17 महीने तक हमने साथ रहकर पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार में 17 महीने तक हमने साथ रहकर पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी।

## 'महिलाओं के अपमान पर कांग्रेस खामोश क्यों'

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक ने कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा को देवभूमि आगमन से पूर्व उनकी पार्टी के महिलाओं के साथ किए अन्याय पर जवाब लेकर आने की चुनौती दी है। उनका कहना है कि राज्य की मातृशक्ति जानना चाहती है कि महिलाओं के अपमान पर उनकी जुबान नहीं खुलती है और क्यों कभी पीएम से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक महिला होने के बावजूद आरक्षण का अधिकार नहीं दिया गया। सही मायनों में देखा जाए तो प्रियंका वाड्रा केवल एक योगदान ही गिनवा दें, जो उन्होंने उत्तराखंड के लिए करा हो। उनका आगमन केवल चुनाव के समय ही हो पाता है।

**मांग**

> प्रियंका वाड्रा की जुबान अपने नेत्रियों एवं वरिष्ठ नेताओं के महिला अपमान पर क्यों नहीं खुलती है

प्रियंका वाड्रा के दौरे को लेकर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक ने कहा कि मातृशक्ति की सामर्थ्य का प्रतीक देवभूमि उनसे कुछ जरूरी सवालों का जवाब अवश्य जानना चाहेगी। लड़की हूं लड़ सकती हूं, का नारा देने वाली प्रियंका वाड्रा की जुबान अपने नेत्रियों एवं वरिष्ठ नेताओं के महिला अपमान पर क्यों नहीं खुलती है। मातृशक्ति जानना चाहती है कि अन्याय के विरुद्ध वे एक लड़की होने के नाते क्यों नहीं लड़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि ताजा प्रकरणों की बात करें तो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरजेवाला ने मथुरा से भाजपा महिला उम्मीदवार पर अश्लील टिप्पणी की लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अफसोस कि कुछ दिन पहले मंडी से भाजपा लोकसभा उम्मीदवार के विरुद्ध अपमानजनक पोस्ट करने वाली वरिष्ठ प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत पर वे एक शब्द नहीं बोलती हैं। इतना ही नहीं, अपनी इस नेत्री पर कार्रवाई करने के बजाय देवभूमि में न्याय पत्र के साथ भेजकर उसे सम्मानित करने का काम किया है।

## अभूतपूर्व विकास किया मोदी सरकार ने: अर्जुनराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर:** मोदी सरकार ने हर गांव, हर शहर में अभूतपूर्वक विकास किया है। पीएम ने जनता से जो वादे किये उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा किया है। बात चाहे भारतमाला प्रोजेक्ट की हो या पेट्रोल-डीजल से वैट कम करने की। ये उद्गार बीकानेर संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवार अर्जुनराम मेघवाल ने शुक्रवार खाजूवाला के अनेक गांवों मे जनसंपर्क के दौरान व्यक्त किये। मेघवाल ने आज लाखूसर, कालासर, केला, राजासर, सत्तासर, छत्तरगढ़, एक केएम, 465 आरडी, राणेर आदि का दौरा किया।

## भारत को सैकड़ों वर्ष आगे ले जाने के

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि लोकसभा का चुनाव हम भारत को सैकड़ों वर्ष आगे ले जाने के लिए लड़ रहे हैं और यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देगा। इसलिए सभी कार्यकर्ता बूथ पर कमल खिलाएं और अपने-अपने बूथ पर जनता के बीच जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां बताएं। भाजपा अध्यक्ष नड्डा शुक्रवार को प्रयागराज एयरपोर्ट पर पार्टी कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। नड्डा मध्य प्रदेश के सीधी और छिंदवाड़ा जिले में चुनावी जनसभा को संबोधित करने जा रहे थे। इस दौरान कुछ क्षण के लिए एयरपोर्ट पर रुके, जहां भाजपा कार्यकताओं ने महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी, कौशाम्बी के प्रत्याशी विनोद सोनकर और फूलपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी प्रवीण पटेल को जीत की अग्रिम बधाई दी। उपस्थित कार्यकताओं को विजय का मंत्र भी दिया। नड्डा लगभग 11 बजे दिल्ली से प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे और लगभग 15:20 बजे तक रहे और कार्यकताओं का हाल-चाल जाना।



## 'बिना विभागीय जांच व सुनवाई के सेवा से बर्खास्तगी असंवैधानिक'

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सीआईएसएफ में बतौर हेड कांस्टेबल-कमान्डो कार्यरत रहे दो याचीगण की विशेष अपील को मंजूर कर लिया है। हाईकोर्ट की विशेष अपील बेंच ने आदेश में कहा है कि किसी की सेवा से बर्खास्तगी बिना विभागीय जांच व सुनवाई के करना संविधान के अनुच्छेद 311 के खिलाफ है। कोर्ट ने इसी के साथ दोनों अपीलार्थियों की अपील मंजूर कर ली है तथा उनके सेवा से बर्खास्तगी को अवैध करार देते हुए उन्हें सेवा में बहाल करने का निर्देश दिया है। यह आदेश जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्र व जस्टिस एस क्यू एच रिजवी की खंडपीठ ने परमजीत सिंह व जितेंद्र सिंह द्वारा दाखिल विशेष अपील पर पारित किया है। इनके बर्खास्तगी के खिलाफ दाखिल याचिका को एकल जज ने खारिज कर दिया था। हेड कांस्टेबलों के अधिवक्ता आलोक कुमार यादव व वशिष्ठ दूबे का तर्क था कि किसी भी सरकारी कर्मचारी को बिना जांच किए अथवा सुनवाई का अवसर दिए वगैर सेवा से बर्खास्त करना असंवैधानिक है।

## उत्तर प्रदेश की जनता 80 की 80 सीटें मोदी को देगी: शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के सम्भल में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, साल 2014 में 73 और 2019 में 65 लोकसभा सीटें आप सबने भारतीय जनता पार्टी को दी। जिससे नरेंद्र मोदी देश के दो बार प्रधानमंत्री बने। हालांकि इस बार मुझे भरोसा है की उत्तर प्रदेश की जनता 80 की 80 लोकसभा सीटें भारतीय जनता पार्टी की झोली में डालेगी और फिर एक बार पूर्ण बहुमत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाएगी। हाँ मौजूद जनता जनार्दन से आग्रह करते हुए अमित शाह ने कहा कि, आप सभी यहाँ अपना एक कीमती वोट कमल के बटन को दोगे। वहाँ वो, वोट सीधा नरेंद्र मोदी को मजबूत करेगा और एनडीए के 400 पार के लक्ष्य को और करीब लाएगा। और यह मोदी की गारंटी है कि, जैसे दो बार आपने अपना स्नेह देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुना तो, भारत 11वें नंबर की अर्थ व्यवस्था से 5वें नबंर की मजबूत अर्थ व्यवस्था बन गया। वहीं इस बार मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में हमारा भारत 5वें नंबर से तीसरे नंबर की मजबूत अर्थ व्यवस्था बनेगा। राजनीति के चाणक्य अमित शाह ने इसके आगे भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीते लगभग 10 साल के कार्यकाल में हुए सनातन उत्थान पर भी अपनी बात रखी।जिसमें प्रभु श्री राम मंदिर के 500 वर्षों के बाद बने भव्य मंदिर के अलावा, बाबा विश्वनाथ का दरबार, महाकाल लोक, बद्रीनाथ धाम, केदारनाथ धाम और सोमनाथ मंदिर शामिल है।



**शाह का हमला**

> आप सभी यहाँ अपना एक कीमती वोट कमल के बटन को दोगे। वहाँ वो, वोट सीधा नरेंद्र मोदी को मजबूत करेगा

## अवसाद में अखिलेश यादव : ब्रजेश पाठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठ:** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव अपने घर पर बैठकर ही चुनावी प्रक्रिया को पूरा होता देख रहे हैं। अखिलेश ने हार स्वीकार कर ली है। एनडीए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रहा है। 400 पार सीटें हासिल करके नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। सूरजकुंड पार्क के सामने स्थित भाजपा मीडिया सेंटर में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विपक्षी गठबंधन पर जमकर प्रहार किए।

## बिहार का भविष्य हैं चिराग पासवान: मांझी

**टीम एक्शन इंडि**

**पटना/गया:** बिहार में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी पारा हाई है। सभी पार्टियों के नेता प्रचार में जुटे हुए हैं। इस सबके बीच शुक्रवार को जीतन राम मांझी ने चिराग पासवान को लेकर बड़ा एलान कर दिया। मांझी ने चिराग पासवान के सामने ही उन्हें 'बिहार का भविष्य' बताया। मांझी ने गया में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें इस चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करना है। वहीं, उन्होंने यह भी कह दिया कि "बिहार का अगला भविष्य चिराग साहब हैं"।



**'केंद्र में जाकर...':** मांझी ने कहा कि केंद्र में जाकर हम परिस्थिति बनाएंगे कि बिहार के भविष्य चिराग साहब हैं। सब लोग एक होकर वोट करेंगे। जातीय उन्माद में नहीं पड़ेंगे।

**'ये चुनाव पीएम मोदी का चुनाव है':** इससे पहले, मांझी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी का चुनाव है। अबकी बार 400 पार का नारा दिया गया है। बिहार में हम लोग 40 की 40 सीटें जीतेंगे। मांझी ने जनसभा में 4 का संयोग भी बताया। उन्होंने कहा कि 400 पार की बात कही गई है, 40 सीटें लेने की बात है और 4 जून को रिजल्ट आएंगे और ईवीएम में 4 नंबर पर ही कढ़ाई छाप है।

**समर्थन में**

> हमें इस चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करना है: मांझी

## 'मैनपुरी की जनता कमल खिलाएगी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**फिरोजाबाद:** मैनपुरी में चुनाव प्रचार के लिए जाते समय सिरसागंज में भाजपा प्रत्याशी एवं पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने कहा कि मैनपुरी में चुनाव जीतना कोई चुनौती नही हैं। वहां सूखा खत्म होगा और कमल खिलेगा। कार्यकताओं के जोश के दम पर भगवा लहराएगा। उन्होंने कहा 2019 का चुनाव नेताजी मुलायम सिंह 90 हजार वोटों से जीते थे। उनका निधन होने के बाद उपचुनाव हुआ। नेताजी की चिता की राख ठंडी भी नहीं हो पाई थी कि वहां पर उपचुनाव कर दिया गया। नेताजी को श्रद्धांजलि स्वरूप डिंपल यादव को वहां की जनता ने सांसद बनाया, लेकिन अब दौर बदल गया है। अब निर्णय वैलेट से होगा। उन्होंने सवाल दागते हुए पूछा कि डिंपल चुनाव जीतने के बाद मैनपुरी की जनता के लिए क्या योजनाएं लेकर आईं। मैनपुरी के लिए क्या काम किया? दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के सात साल के कार्यकाल में गुंडे और अराजकता समाप्त हुई है। लफंगों पर विराम लगाया गया। कानून का राज कायम हुआ है। मैनपुरी की जनता कमल खिलाएगी।

## आतंकवाद की जड़ थी अनुच्छेद 370: गजेंद्र सिंह शेखावत



**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर/लोहावट:** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री व भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को लोहावट विधानसभा क्षेत्र में जनसभाएं कीं। उन्होंने इंडी अलायंस पर जमकर निशाना साधा और कहा कि इंडी अलायंस की सहयोगी कम्युनिस्ट पार्टी ने अपने घोषणा-पत्र में कहा है कि अगर अलायंस की सरकार आई तो वो भारत के सारे परमाणु हथियारों को फ्यूज कर समुद्र में दफन कर देंगे। यह इंडी अलायंस की देश को कमजोर करने की मानसिकता है। रायमल वाड़ा, पडासला, पतोडा, देनोक, आऊ, चाड़ी और रिडमलसर की जनसभाओं में शेखावत ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि वो अल्पसंख्यकों को अलग कानून बनाने की इजाजत देगी और राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन गए तो सीएए कानून को वापस लेगी। शेखावत ने पूछा, गरीब हिंदुओं की सहायता पर उनके पेट में दर्द क्यों होता है? उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस की देश में दो कानून बनाकर देश को बांटने की मानसिकता को जनता कभी स्वीकार नहीं कर सकती है।

**साधा निशाना**

> अगर अलायंस की सरकार आई तो वो भारत के सारे परमाणु हथियारों को फ्यूज कर समुद्र में दफन कर देंगे

**मैं अशोक गहलोत की तरह जादूगर नहीं:** शेखावत ने राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, मैं गहलोत साहब की तरह जादूगर नहीं हैं कि माला जपी, नल खोला और पानी आने लग गया। काम काम की तरह होता है। शेखावत ने कहा, गहलोत सरकार की कभी मंशा ही नहीं रही कि राजस्थान के लोगों को पीने का पानी मिले। उन्होंने राजस्थान के लोगों के प्यासे कंठों पर राजनीति करने के अलावा कुछ नहीं किया।

**चुनावी समर**

### हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश को नंबर वन राज्य बनाने का प्रयास कर रहे: मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव

## दिग्विजय सिंह भोपाल का मैदान छोड़कर राजगढ़ चुनाव लड़ने चले गए: डॉ.मोहन

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मंत्री व न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा एवं प्रदेश शासन के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के समक्ष भाजपा प्रदेश कार्यालय में सागर जिले के सुरखी से कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री व पूर्व विधायक पारूल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष छिंदवाड़ा अमित सक्सेना, यादव महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष शेर सिंह यादव, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा यादव बिट्ठू, डॉ. प्रतीभा राजगोपाल, जनपद सदस्य गैरतगंज रिजवान खान, जनपद सदस्य बेगमगंज वीरेन्द्र सिंह यादव, जनपद सदस्य गैरतगंज दीपक धाकड़, जनपद सदस्य बेगमगंज सुरेश, देवेंद्र, पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि कांग्रेस कमेटी वीरेंद्र सिंह यादव, मध्यप्रदेश पुलिस कमार्चारी संघ प्रदेश अध्यक्ष बल्लू यादव, रायसेन पसमांदा मुस्लिम समाज जिलाध्यक्ष अफरोज अली, बेगमगंज युवा कांग्रेस ब्लॉक पूर्व अध्यक्ष संदीप यादव, शासकीय महाविद्यालय छिंदवाड़ा पूर्व अध्यक्ष शाहिद खान सहित 500 से अधिक सरपंच, सरपंच प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर सभी का स्वागत किया।



**तंज कसा**

> प्रदेश की खस्ता हालत बनाने में मिस्टर बंटाधार दिग्विजय सिंह का हाथ रहा है: मुख्यमंत्री डॉ.मोहन

**राजगढ़ में 400 लोगों को इकट्ठा कर रहे दिग्विजय सिंह:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल से दिग्विजय सिंह मैदान छोड़कर राजगढ़ चले गए। वहां भी वह चुनाव जीतने के लिए 400 लोगों को इकट्ठा कर रहे हैं,लेकिन वहां भी वह हार जाएंगे। प्रदेश की खस्ता हालत बनाने में मिस्टर बंटाधार दिग्वजिय सिंह का हाथ रहा है। शिवराज सिंह ने सत्ता संभालने के बाद प्रदेश को बीमारू से विकसित राज्य बनाया। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश को नंबर वन राज्य बनाने का प्रयास कर रहे हैं। डॉ.यादव ने कहा कि पुरानी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा और प्रदेश के विकास के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

**छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ नहीं समस्या है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ नहीं समस्या बन गई है। यहां केवल एक ही परिवार चुनाव लड़ता रहा,लेकिन इस बार छिंदवाड़ा की जनता ने तय कर लिया है कि बाहरी को बाहर करेंगे और स्थानीय को चुनाव जिताएंगे। कांग्रेस ने राम मंदिर का हमेशा विरोध किया।